



www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान
करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 15 अप्रैल, 2024 | 3 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 117, कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



**आज के अंक में**

- योल नर्सिंग कॉलेज के पास लगी आग, चार गाड़ियां राख
- बैसाखी मेले में लगा पहाड़ी व पंजाबी गानों का तड़का

पृष्ठ 4 पर पढ़ें



- कांग्रेस की सभी गारंटी झूठीः कंगना
- रोहतांग सहित लाहौल की ऊंची चोटियों में बर्फबारी

पृष्ठ 10 पर पढ़ें



- हमीरपुर से वृंदावन जा रही बस भोटा में पहाड़ी से टकराई, 35 सवारियां घायल
- भाजपा स्वार्थ की राजनीति पर उतारुः रायजादा

पृष्ठ 11 पर पढ़ें



- कोलकाता की जीत में चमके फिल सॉल्ट
- आईपीएल मैच में अपनी हमशक्ल को देख हैरान हुईं श्रद्धा कपूर

पृष्ठ 16 पर पढ़ें




## सप्तम मां कालरात्रि



**कालरात्रि** माता को देवी दुर्गा के नौ रूपों में से सातवां स्वरूप कहा गया है। नवरात्र के सातवें दिन माता के इसी स्वरूप को ध्यान में रखकर इनकी पूजा की जाती है। देवी का यह नाम उनके स्वरूप के कारण से है। इस स्वरूप में माता का वर्ण काजल के समान काला है। कथा है कि शुंभ-निशुंभ और उसकी सेना को देखकर देवी को भयंकर क्रोध आया और इनका वर्ण श्यामल हो गया। इसी श्यामल स्वरूप से देवी कालरात्रि का प्राकट्य हुआ। देवी के कालरात्रि की चार भुजाएं हैं। ऊपर की दाहिनी भुजा से माता भक्तों को वर प्रदान करती हैं और नीचली दायीं भुजा से अभय देती हैं जबकि बायीं भुजाओं में माता खड्ग और कंटीला मूसल धरण करती हैं।

*एक वेधी जपाकरर्णपूरा नग्ना खरास्थित।*
*लम्बोष्ठी कर्णिकाकणी तैलाभयुक्तशरीरिणी।।*

## आज का मैच

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु vs सनराइजर्स हैदराबाद

समय : रात 7:30 बजे (बेंगलुरु)

## न्यूज शॉर्ट्स

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी हिमाचल दिवस की बधाई

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल वासियों को 77वें हिमाचल दिवस की बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि के नाम से मशहूर हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सुंदरता व समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए विख्यात है। सरल व मेहनतकश प्रदेशवासियों का राज्य के विकास में उल्लेखनीय योगदान है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की बधाई देते हुए राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए भाईचारा और एकता बनाए रखने पर बल दिया।

### अमरनाथ यात्रा-2024 के लिए पंजीकरण आज से

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा-2024 की तैयारी में जुटे श्रद्धालुओं का इंतजार खत्म होने वाला है। श्री



अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने यात्रा को लेकर तारीखों का ऐलान कर दिया है। अमरनाथ यात्रा इस बार 29 जून से 19 अगस्त तक होगी। यात्रा पर जाने से पहले श्रद्धालुओं का अग्रिम पंजीकरण जरूरी है, जो 15 अप्रैल से शुरू होगा। अमरनाथ यात्रा शुरू होने के बाद पवित्र गुफा से रोज सुबह और शाम की आरती का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। लोग वेबसाइट और ऐप के जरिए आरती में शामिल हो सकते हैं।

### मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सेना की मौजूदगी में परीक्षण किया है। इस दौरान मिसाइल और वारहेड के प्रदर्शन मानक के अनुरूप पाए गए। परीक्षण का लक्ष्य एक डमी टैंक था, जिसे मिसाइल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया था। इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया है। देश में ही मेक इन इंडिया अभियान के तहत बने इस मिसाइल सिस्टम को कहीं भी ले जाया जा सकता है। सफल परीक्षण के बाद अब टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सेना में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है।

# छठा नवरात्र : खराब मौसम के बावजूद श्रद्धालुओं का सैलाब










# भाजपा के संकल्प पत्र में मुफ्त राशन और जीरो बिजली बिल का वादा

## मोदी ने कहा-एक राष्ट्र-एक चुनाव और समान नागरिक संहिता भी लाएंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को लोकसभा चुनाव-2024 के लिए संकल्प पत्र नाम से पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संकल्प पत्र का लोकार्पण किया। इसे 'भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी' नाम दिया गया है। मोदी ने कहा चुनाव जीतने के बाद भाजपा एक राष्ट्र-एक चुनाव और समान नागरिक संहिता पर कानून लाएगी।

उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र युवा, नारी, गरीब और किसान को सशक्त करने की हमारी सोच से प्रेरित है। भाजपा लोगों को सम्मान के साथ गुणवत्तापूर्ण जीवन और नए अवसर देना चाहती है। उन्होंने एकसाथ राज्यों एवं केन्द्र में चुनाव और समान नागरिक संहिता पर जोर देते हुए अपने अगले कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी दी।

उन्होंने देश के समाजिक, डिजिटल और भौतिक ढांचागत सुविधाओं को विस्तार देने की अपनी सरकार की नीति को जारी रखने की बात कही।



नई दिल्ली में लोकसभा चुनाव-2024 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा।

### इस बार युवा झांसे में नहीं आने वाला : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के मेनिफेस्टो और नरेंद्र मोदी के भाषण से दो शब्द गायब हैं, महंगाई और बेरोजगारी।



लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। युवा इस बार मोदी के झासे में नहीं आने वाला, अब वो कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में 'रोजगार क्रांति' लाएगा। कांग्रेस की सीनियर नेता और महासचिव प्रियंका गांधी ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र पर जमकर तंज कसा है।

प्रियंका गांधी ने भाजपा के 'संकल्प पत्र' को सिर्फ दिखावा बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का असली मैनिफेस्टो है 'संविधान बदलो पत्र'।

### भाजपा की प्रमुख गारंटियां

- फ्री बिजली और 5 साल तक मुफ्त राशन।
- तीन करोड़ नए घर बनाए जाएंगे।
- मुद्रा योजना की सीमा 20 लाख रुपए की जाएगी।
- समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा।
- एक राष्ट्र-एक चुनाव लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे।
- भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।
- आयुष्मान भारत योजना में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों होंगे शामिल।
- दिव्यांगजनों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता।
- 700 से ज्यादा एकलव्य स्कूल।
- उत्तर, दक्षिण और पूर्वी भारत समेत चारों दिशाओं में बुलेट ट्रेन चलाई जाएंगी।

### राज्यपाल का हिमाचल दिवस पर बधाई संदेश

## हिमाचल देशभर में पहाड़ी विकास का अग्रदूत : शिव प्रताप शुक्ल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी और उनके खुशहाल जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सुंदर पहाड़ी प्रदेश 15 अप्रैल, 1948 को 30 छोटी-बड़ी पहाड़ी रियासतों के विलय के साथ अस्तित्व में आया। राज्य की समृद्ध संस्कृति, उच्च परंपराएं और असीम प्राकृतिक सौंदर्य, देवभूमि की विशिष्ट पहचान है। राज्य की वास्तविक शक्ति यहां के ईमानदार, कर्मठ और विकासशील लोग हैं।



यह बड़े हर्ष की बात है कि 15 अप्रैल, 1948 को अस्तित्व में आने के बाद इस छोटे से पहाड़ी प्रदेश ने तेजी से विकास का सफर तय किया। आज हिमाचल देशभर में पहाड़ी विकास का अग्रदूत एवं आदर्श राज्य माना जाता है। मैं आशा करता हूं कि हिमाचल के लोग भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर रखने के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे। हम प्रदेश के उन महान सपूतों व सुपुत्रियों के प्रति अपना सम्मान व कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हिमाचल के निर्माण और विकास में योगदान दिया है। मैं उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को भी नमन करता हूं, जिन्होंने देश को स्वाधीन बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही देश के लिए असंख्य कुर्बानियां देने वाले शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने देश के गौरव की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

इन वीर सेनानायकों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम शपथ लें कि हमारा हर कार्य राष्ट्रहित में हो, ताकि पूर्ण ईमानदारी के साथ स्वच्छ समाज के निर्माण में सभी सहयोग कर सकें। युवा शक्ति राष्ट्र की संपत्ति हैं अतः जागरूक युवा ही देश को सशक्त कर विकास के पथ पर अग्रसर कर सकते हैं। मुझे यह देखकर बड़ा कष्ट होता है कि अनेक युवा नशे की गिरफ्त में हैं। यह देश के भविष्य के लिए घातक संकेत है। नशे के विरुद्ध हमें मिलकर कार्य करना होगा। इसमें शिक्षण संस्थान, समाज के सभी वर्ग और युवाओं को जोड़कर एक प्रभावी संदेश देना होगा, ताकि उनकी ऊर्जा व सामर्थ्य का राष्ट्र निर्माण में सदुपयोग हो सके। हर वर्ग से अनुरोध है कि वे इस सामाजिक बुराई के खिलाफ मजबूती से पहल करें।

# मंच पर देवताओं के बैठने को लेकर उलझे देवलू

**उमेश भारद्वाज, मंडी**

राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला में रविवार को सुकेत मंच पर विराजे देवताओं में स्थान को लेकर जमकर तू-तू,मैं-मैं हुई। देव श्री सत बाड़ा भनवाड़ और श्री मंढोड़ देव कंदार के देवलुओं के बीच देवताओं के बैठने वाले स्थान को लेकर लगभग 2 घंटे चले पूरे घटनाक्रम के साक्षी मेले में आए सैकड़ों श्रद्धालु भी बने।

मामले में श्री मंढोड़ देव देव श्री सत बाड़ा भनवाड़ के स्थान पर विराजमान हो गए थे। इस कारण जब देव श्री सत बाड़ा भनवाड़ सुकेत मंच के समीप तो वहां पहले से ही श्री मंढोड़ देव बैठे हुए थे। वहीं देवताओं के देवलुओं के मध्य हुई इस खींचतान में सुकेत सर्व देवता कमेटी के पदाधिकारी भी पहुंचे, लेकिन देवता कमेटी द्वारा भी बार-बार दोनों पक्षों से मामला सुलझाने की अपील भी काम नहीं आई। इसके उपरांत अंत में देव श्री सत बाड़ा भनवाड़ के देवलुओं ने देव खेल के माध्यम से मामले को सुलझाने का प्रयास किया और अंत में श्री मंढोड़ देव कंदार के देवलू स्थानीय प्रशासन और देवता कमेटी पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए मेला स्थल को छोड़कर चले गए तथा नगौन खड्ड में स्थित पीपल के थड़े पर विराजमान हो गए।

### राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेले में दो घंटे तक हुई तू-तू,मैं-मैं



प्रशासन द्वारा सुकेत सर्व देवता कमेटी के माध्यम से मामले को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। इसको लेकर शीघ्र ही बैठक बुलाकर सभी पक्षों से विस्तृत चर्चा की जाएगी।
**-अंकित शर्मा तहसीलदार एवं सुकेत देवता मेला अधिकारी सुंदरनगर।**

## सलमान खान के घर के बाहर अंधाधुंध फायरिंग

**मुंबई ।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई में बांद्रा स्थित आवास के बाहर रविवार सुबह तकरीबन पांच बजे दो अज्ञात बदमाश अंधाधुंध फायरिंग कर फरार हो गए। मुंबई पुलिस ने सलमान खान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। घटना के समय सलमान खान घर पर ही थे।

उल्लेखनीय है कि सलमान खान को पहले भी कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। कुछ दिन पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी थी। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने फायरिंग की जिम्मेदारी ली है।

# शिमला में नाबालिग से दुष्कर्म

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**राजधानी** शिमला में दिनों-दिन अपराध के मामले अब बढ़ने लगे हैं। हालात ये है कि अब नाबालिग लड़कियों के साथ भी अपराध हो रहे हैं। ताजा मामला शिमला के झंझिड़ी का है, जहां नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का वारदात हुई। पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

न्यू शिमला पुलिस को पीड़िता की मां ने बताया कि नाबालिग लड़के ने उसकी 16 वर्षीय बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाए हैं। इसके आधार पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार



लड़की जब रोते हुए अपने घर पहुंची है तो उसकी मां ने पूछा कि क्या हुआ? पीड़िता ने बताया कि एक लड़का जो कि नाबालिग है, ने उसके साथ दुष्कर्म किया है।

इस पर उसकी मां ने पुलिस थाना में जाकर शिकायत दर्ज करवाई। उल्लेखनीय है कि बीते सप्ताह भी शिमला में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था।

**उपलब्धि** प्रदेश में छह से अधिक चिकित्सा पद्धतियों से हो रहा लोगों का इलाज, आयुर्वेद को भी हो आवंटित बराबर बजट

# हिमाचल में आयुर्वेद से लाभान्वित हुए लाखों मरीज

**अनिल शर्मा, मंडी**

**हिमाचल** प्रदेश में वर्ष 1984 को तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने आयुर्वेद का एक अलग विभाग बनाया था। उस समय आयुर्वेद विभाग के पास 441 आयुष संस्थान थे, जो वर्ष 2016 में बढ़कर 32 आयुर्वेदिक अस्पताल, 1,112 आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र, 14 होम्योपैथिक स्वास्थ्य केंद्र, 3 यूनानी स्वास्थ्य केंद्र, 4 सोवा-रिग्पा, पारंपरिक तिब्बती चिकित्सा स्वास्थ्य केंद्रों का एक राज्यव्यापी नेटवर्क बन चुका है। राज्य में एक सरकारी अंडर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट आयुर्वेदिक कॉलेज, एक सरकारी आयुर्वेदिक फार्मास्यूटिकल साइंसेज कॉलेज, निजी क्षेत्र में एक होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, तीन सरकारी आयुर्वेदिक फार्मेसी, एक सरकारी औषधि परीक्षण प्रयोगशाला और चार हर्बल गार्डन हैं।



इसके साथ ही 1,100 से अधिक चिकित्सा अधिकारियों, 134 क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारियों, लगभग 1200 फार्मासिस्ट और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की समर्पित टीम ने लाखों मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान किया है।

(अनंत ज्ञान)

### एक ही छत के नीचे मिलेगी सुविधा

**वर्तमान** में एक ही छत के नीचे क्षारसूत्र, पंचकर्म, होम्योपैथी और योग जैसी आयुष की विशेषताओं को जोड़ा जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बीमारियों का पता लगाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों सहित स्कूलों में बच्चों का चैकअप किया जा रहा है।

### क्या है लोगों की मांग

**आयुर्वेद** को लेकर लोगों ने राज्य और केंद्र सरकार से मांग की है कि एलोपैथी और आयुर्वेद को बराबर बजट आवंटित होना चाहिए, जबकि वर्तमान में आयुर्वेद को नाममात्र बजट आवंटित कर लोगों को स्थायी इलाज नहीं दिया जा रहा है। सरकार को इस दिशा में गंभीर प्रयास करते हुए स्वास्थ्य के लिए आवंटित बजट का 50 प्रतिशत आवंटित करना चाहिए।

### आयुर्वेद के प्रथम आचार्य थे अश्विनी कुमार

**सृष्टि** आरंभ के साथ ही ब्रह्माजी ने आयुर्वेद की रचना भी की थी। आयुर्वेद के प्रथम आचार्य अश्विनी कुमार ने दक्ष प्रजापति के धड़ पर बकरे का सिर जोड़ा था।

इसी प्रकार यह विद्या इंद्र, धन्वंतरि से होकर मानव तक पहुंची और आज प्रत्येक मनुष्य इसका लाभ ले रहा है। इसकी खास बात यह है कि उचित चिकित्सा में रोग की निवृति जड़ से होती है।



आयुष अस्पताल बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है। होम्योपैथी पद्धति वरिष्ठजनों की पहली पसंद बन चुकी है। युवा वर्ग आयुर्वेद को अपना रहा है। आयुर्वेद में वर्णित प्रकृति अनुकूल खानपान अधिकतर मरीजों को रोग मुक्त करने में सहायता प्रदान कर रहा है।
**- डॉ. आशुतोष, जिला चिकित्सा अधिकारी मंडी, आयुष विभाग।**

# ईरान ने इसराइल पर दागीं 200 मिसाइलें

**एजेंसी, तेहरान/ तेल अवीव**

**ईरान** ने इसराइल पर 200 से अधिक मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। इसराइल का दावा है कि ईरान की तरफ से किए गए ज्यादातर मिसाइल और ड्रोन को इसराइल डिफेंस सिस्टम ने हवा में मार गिराया गया। इसराइल के डिफेंस फोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। उधर, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् ने इसराइल पर ईरान के हमले के बाद लगातार बिगड़ती स्थिति को लेकर आपातकालीन बैठक बुलाई है।

ईरान ने रविवार सुबह को 1,800 किमी दूर इसराइल पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद इसे जवाबी कार्रवाई बताया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल को सीरिया में वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद ईरान ने बदला लेने की बात कही थी। हमले में सेना के एक शीर्ष कमांडर सहित 7 सैन्य अफसरों की मौत हुई थी। ईरान ने हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया था।

इसराइली डिफेंस फोर्सेज की तरफ से कहा गया है कि 100 से ज्यादा ड्रोन छोड़े गए हैं और तमाम हमलों को रोका जा रहा है। इसराइल, लेबनान और इराक ने अपने एयरस्पेस बंद कर दिए हैं, जबकि सीरिया और जॉर्डन ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम को अलर्ट पर रख दिया है।

इसराइल के प्रधानमंत्री ने वॉर कैबिनेट की बैठक बुलाई है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश किसी भी स्थिति के लिए तैयार है, चाहे रक्षात्मक हो या आक्रामक। नेतन्याहू ने कहा कि हमारा साथ देने के लिए अमेरिका के साथ-साथ वे ब्रिटेन, फ्रांस और कई अन्य देशों की सराहना करते हैं।



सीरिया और जॉर्डन ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम को रखा अलर्ट पर



# हिमाचल दिवस विशेष





# उभरता हिमाचल...



## प्रदेश में होगा 5,241 करोड़ रुपए का निवेश

अनंत ज्ञान, बीबीएन

**9,860** लोगों को मिलेगा रोजगार

**हिमाचल में दो बड़े प्रोजेक्ट धरातल पर उतारे**

**हिमाचल** प्रदेश में तेजी से औद्योगिक निवेश बढ़ रहा है और आने वाले समय में करोड़ों रुपए का निवेश होगा। इससे रोजगार के संसाधन तेजी से बढ़ेंगे। वर्तमान प्रदेश सरकार आने वाले समय में 5,241 करोड़ रुपए का औद्योगिक निवेश को लाने में जुटी हुई है। हिमाचल में छोटी व बड़ी 92 कंपनियों के प्रोजेक्ट स्थापित होंगे। इससे रोजगार के संसाधन भी बढ़ेंगे, जिसमें 9860 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा प्रदेश में दो बड़े प्रोजेक्ट धरातल पर उतर चुके हैं। ऊना में स्थापित होने वाला बल्क ड्रग पार्क व नालागढ़ में मेडिकल डिवाइस पार्क शामिल हैं।

**92** प्रोजेक्टों को मिल चुकी है अप्रूवल

प्रदेश में डेढ़ से दो वर्ष में 92 प्रोजेक्ट स्थापित करने की अप्रूवल मिल चुकी है।

### 28 हजार के करीब छोटे व बड़े उद्योग

**प्रदेश** में वर्तमान समय में 28 हजार के करीब छोटे व बड़े उद्योग चल रहे हैं। उद्योग विभाग के अनुसार, बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में 2,500 के करीब उद्योग हैं, जिसमें फार्मा इंडस्ट्री, स्टील इंडस्ट्री, टैक्सटाइल इंडस्ट्री, गत्ता उद्योग, एप्लाइसिज उद्योग व अन्य उद्योग शामिल हैं।



**प्रदेश** सरकार औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए अग्रसर है। बीते डेढ़ वर्ष में करोड़ों रुपए का निवेश हुआ है और होना प्रस्तावित है। प्रदेश में 5241 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है, जो कि जल्द धरातल पर उतरेगा और अब तक 92 प्रोजेक्टों को अप्रूवल मिल चुका है।

**-तिलक राज शर्मा, अतिरिक्त निदेशक हिमाचल उद्योग विभाग।**

## मेडिकल डिवाइस पार्क का 2025 तक होगा पूरा काम

अनंत ज्ञान, बीबीएन

**केंद्र** सरकार के आत्मनिर्भर भारत प्रोजेक्ट के तहत देशभर में चार मेडिकल डिवाइस पार्क स्वीकृत किए हैं, जिसमें एक मेडिकल डिवाइस पार्क हिमाचल के नालागढ़ में लग रहा है। इसे मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण डीकेएस कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही है। नालागढ़ के टाहलीवाल में 1623 बीघा भूमि पर करीब 384 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल डिवाइस पार्क तैयार होना है। डीकेएस कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर हर्ष कुमार शर्मा का कहना है कि प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए तेजी से काम चल रहा है। मार्च 2025 तक प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाएगा। इस पार्क का पांच अक्तूबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिलान्यास वर्चुअली किया था।

**384** करोड़ रुपए की लागत से होगा तैयार

### इन उपकरणों का होगा निर्माण

**मेडिकल** डिवाइस पार्क में डिस्पोजेबल सिरिंज, कार्डियक स्टेंट, मेडिकल कैथेटर, एक्स-रे, ईईजी, ईएमजी, स्पाइरोमीटर, आईवीडी उत्पाद, ऑर्थोपैडिक इंप्लांट्स, रक्त बैंक उपकरण, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, बीपी मॉनिटर, इलेक्ट्रॉनिक थर्मामीटर, ऑडियोलॉजी उत्पाद, आईसीयू वेंटिलेटर, एनेस्थीसिया मशीन, बेस्टिबुलर उत्पाद, बायो सिग्नल रिकॉर्डर, डायग्नोस्टिक उपकरण, ओटी उत्पाद व आईसीयू बेड आदि उत्पाद बनेंगे।

### पार्क की चयनित भूमि में 100 प्लॉट होंगे तैयार


**मेडिकल** डिवाइस पार्क के लिए चयनित जमीन के समतल होने के बाद निगम यहां पर करीब 100 प्लॉट तैयार करेगा। इसमें ग्रीन पार्क, प्रयोगशाला और कार्यालय परिसर के अलावा आवासीय परिसर तैयार किए जाएंगे। पार्क के बीच में 30 मीटर, 24 मीटर और 18 मीटर चौड़ी सड़कें तैयार की जाएंगी। इसके अलावा पेयजल, सीवरेज योजनाएं तैयार की जाएंगी।

## कुछ रियायतें दी जाएं तो तेजी से होगा निवेश

**बीबीएन।** हिमाचल में बड़ी-बड़ी कंपनियां वर्तमान में काम कर रही हैं, लेकिन औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक बार फिर से विशेष पैकेज की जरूरत नजर आ रही है। राज्य सरकार इंडस्ट्री को रियायतें और नियमों में कुछ बदलाव करे तो औद्योगिक निवेश तेजी से बढ़ेगा। आज सबसे बड़ी दिक्कत पुरानी इंडस्ट्री को बिजली शुल्क में राहत न मिलना है। सरकार ने कुछ माह पहले बिजली की दरों को बढ़ा दिया है, जिससे महंगी बिजली की दर चुकानी पड़ रही है। हालांकि, सरकार ने औद्योगिक नीति 2019 के तहत आने वाली इंडस्ट्री को राहत दे दी थी, लेकिन पुरानी इंडस्ट्री को राहत नहीं मिल पाई।

### समस्या

- महंगी परिवहन लागत
- पुरानी इंडस्ट्री को भी महंगी बिजली में राहत की जरूरत
- धारा 118 के नियमों में सरलीकरण की जरूरत
- वर्कर यूनियनें भी परेशानी में
- इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार की जरूरत



### पिंजौर-बद्दी नालागढ़ फोरलेन कार्य में तेजी

**पिंजौर**-बद्दी-नालागढ़ फोरलेन का निर्माण कार्य तेजी से चला हुआ है। फोरलेन के बनने से औद्योगिक क्षेत्र साथ लगते राज्यों से जुड़ेगा और विकास में भी तेजी आएगी। आने वाले डेढ़ वर्ष में फोरलेन पूरी तरह से तैयार होगा। बालद नदी पर बने पुल के कार्य को तेजी से पूरा करने का लक्ष्य है।

### बल्क ड्रग पार्क देगा गति

ऊना जिले के हरोली में बल्क ड्रग पार्क का कार्य तेजी से चला हुआ है। इस ड्रग पार्क के शुरू होने से चीन से दवाओं के कच्चे माल की निर्भरता कम होगी। ड्रग पार्क परियोजना की कुल अनुमानित लागत 1923 करोड़ रुपए है, जिसमें केंद्र सरकार की अनुदान राशि 1118 करोड़ है और शेष 804.54 करोड़ रुपए की राशि राज्य सरकार की ओर से वहन की जाएगी। बल्क ड्रग पार्क की पहली डीपीआर 1923 करोड़ बनी थी, लेकिन अब इसकी लागत बढ़कर 2200 करोड़ हो गई है।



### पीपीपी मोड पर बनेगा पार्क

**हिमाचल** का महत्वाकांक्षी बल्क ड्रग पार्क पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर बनेगा। प्रदेश सरकार ने मंजूरी दे दी। इस पार्क में करीब 1200 करोड़ लगाने के लिए राज्य सरकार को रणनीतिक साझीदार की तलाश है। निजी निवेश के लिए यह चयन किस फॉर्मूले के आधार पर हो, यह फैसला अब हुआ है। प्रधान सचिव उद्योग ने उद्योग निदेशक को इस आशय का पत्र जारी कर दिया है। पहले 10 साल वायबिलिटी गैप फंडिंग राज्य सरकार करेगी। हर साल अधिकतम 25 करोड़ तक वीजीएफ में पार्टनर को दिए जाएंगे और इसकी रिवर्स बिडिंग होगी। 10 साल के बाद रिवेन्यू शेयरिंग शुरू होगी यानी 11 साल से 40 साल तक रणनीतिक साझीदार राज्य सरकार से रेवेन्यू शेयर करेगा।

### हिमाचल दिवस की बधाई



**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की बधाई दी है। उन्होंने 15 अप्रैल को सभी हिमाचलवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। कांग्रेस सरकारों की सुशासन की नीतियों से आज हिमाचल पहाड़ी राज्यों में विकास का आदर्श बन के उभरा है। वर्तमान सरकार ने विकास की इसी सोच को नए आयाम देते हुए आगे बढ़ाया है। सरकार प्रदेशवासियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए काम कर रही है।



**टौणी देवी।** पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने हिमाचल दिवस की प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण यह देवभूमि सदैव प्रगति पथ पर गतिमान रहे। प्रदेशवासी मिल-जुलकर विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें।



**इंडियन** नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस मंडी के महासचिव सन्नी ईपन ने प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की बधाई दी। उम्मीद करते हैं कि प्रदेश तरक्की के नित नए आयाम स्थापित करेगा। आने वाला समय हिमाचल का है, यहां की सुंदर वादियां हर तरह के पर्यटकों का लुभाती हैं।

## सोलन की कबड्डी खिलाड़ी ज्योति ठाकुर ने चमकाया प्रदेश का नाम

- मां- बाप का पूरा किया सपना, अब सरकार फर्ज निभाए अपना
- एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीता, तीनों बहनें राष्ट्रीय खिलाड़ी

आर मोहन चौहान, सोलन





**सोलन** की बेटी ज्योति ठाकुर ने पूरी दुनिया में प्रदेश और किसान मां-बाप का नाम चमकाया है। चीन में आयोजित हुई एशियन गेम्स 2023 में भारतीय महिला कबड्डी टीम की खिलाड़ी ज्योति ने गोल्ड मेडल जीता है। ज्योति को जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव की जागरूकता के लिए सोलन जिले का एंबेसडर बनाया है। एशियन गेम्स के बाद जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में चोटिल होने के बाद सर्जरी करवानी पड़ी। फिलहाल घर पर ही वह स्वास्थ्य लाभ ले रही है।

मां-बाप को उम्मीद है कि ज्योति की उपलब्धि पर सरकार उसे जल्द सरकारी नौकरी देकर सम्मानित करेगी। सरकार ने पहले भी खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल जीतने पर 50 लाख रुपए और सरकारी नौकरी दी है। पिता सुरेश का कहना है कि उनकी तीनों बेटियां राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी हैं। बेटियों ने गर्व से सीना चौड़ा किया है। (अनंत ज्ञान)

### पैराग्वे में गेहूं क्रांति के जनक हैं सोलन के वैज्ञानिक डॉ. कोहली

**सोलन।** वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन कोहली को वर्ष 2023 पैराग्वे गणराज्य के सर्वोच्च सम्मान नेशनल ऑर्डर ऑफ मेरिट इन द ग्रेड ऑफ कोमैंदादोर से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. मनमोहन कोहली मूलत: सोलन के निवासी हैं, जिन्हें पैराग्वे में गेहूं क्रांति का जनक माना जाता है। डॉ. कोहली ने अपने शोध से हिमाचल ही नहीं बल्कि देश का नाम चमकाया है। डॉ. कोहली प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय सलाहकार हैं और कैपेको में उन्होंने राष्ट्रीय गेहूं कार्यक्रम को लीड किया। पैरग्वे गणराज्य एक दशक पहले जो गेंहू आयात करता था, जबकि अब वह एक करोड़ डॉलर से अधिक का गेहूं प्रतिवर्ष निर्यात कर रहा है।



पिछले साल मिल चुका है पैराग्वे का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

## उन्नति के पथ पर हिमाचल पथ परिवहन निगम

जय सिंह ठाकुर, शिमला

**आजादी** के बाद 15 जुलाई, 1948 को हिमाचल के गठन के बाद सड़कों के नेटवर्क को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता मिली और वर्तमान समय में हिमाचल में सड़कों का जाल व्यापक रूप से फैला हुआ है। 1974 में एचआरटीसी की ओर से संचालित कुल रूट 379 थे, जो अब बढ़कर 3310 हो गए हैं। वहीं, पठानकोट को जोगिंद्रनगर और कालका को शिमला से जोड़ने वाली नैरोगेज लाइनें ही हैं। इसके चलते यात्री यातायात को ले जाने का दायित्व बस परिवहन पर आ गया।

निगम की स्थापना पंजाब सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार और रेलवे की ओर से संयुक्त रूप से पंजाब और हिमाचल में संचालन के लिए 1958 में मंडी-कुल्लू सड़क परिवहन निगम का गठन किया था। दो अक्तूबर 1974 को परिवहन का नाम बदलकर हिमाचल सड़क परिवहन निगम कर दिया गया। एचआरटीसी का कॉर्पोरेट कार्यालय शिमला में है और चार मंडल कार्यालय शिमला, मंडी, हमीरपुर और धर्मशाला में हैं। 31 डिपो हैं, जिनमें से प्रत्येक में एक क्षेत्रीय कार्यशाला और 11 उप डिपो हैं। मंडी, परवाणू और जसूर में तीन टायर प्री-क्योर री-ट्रेडिंग प्लांट के साथ तीन बस बॉडी बिल्डिंग यूनिट भी हैं। एचआरटीसी नियमित रूप से अपने कर्मचारियों के ड्राइविंग कौशल को उन्नत करता है और जसूर, मंडी, तारादेवी, हमीरपुर, चंबा, सरकाघाट और कुल्लू में स्थित अपने ड्राइवर प्रशिक्षण संस्थानों में नए ड्राइवरों को प्रशिक्षित करता है। इस समय एचआरटीसी के पास 3358 बसों का बेड़ा है और हिमाचल पथ परिवहन निगम उन्नति के पथ पर अग्रसर है। (अनंत ज्ञान)

### 27 कैटेगरी को रोजाना फ्री सफर की सुविधा

**एचआरटीसी** 27 कैटेगरी को बसों में नि:शुल्क सफर की सुविधा प्रदान करता है। हैंडीकैप्ड, पुलिस, कैंसर मरीजों के अलावा निगम के कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारी भी इसमें शामिल हैं।




**एचआरटीसी के पास 3358 बसों का है बेड़ा**

### 1100 रूट घाटे पर

**हिमाचल** पथ परिवहन निगम वर्तमान में करीब 2000 करोड़ रुपए के घाटे में चल रहा है, जिसका मुख्य कारण निगम में 27 कैटेगिरी को निशुल्क बस पास की सुविधा प्रदान करना है। निगम के 1100 के करीब रूट रोजाना घाटे पर चल रहे हैं।



**राज्य** में बहुत सी निजी वॉल्वो बसें चलाई जा रही हैं, जो आधे किराए में बाहरी राज्यों दिल्ली तक यात्रियों को ले जा रही हैं, उन्हें बंद किया जाए। एचआरटीसी बसों को प्रायोरिटी बेस पर निजी बसों से पहले बसों के विभिन्न रूटों पर संचालन सुनिश्चित हो। फिजूलखर्ची व डैड माइलेज को कम किया जाए, जिससे घाटे से बचा जा सकता है।

**-मानसिंह, प्रदेश अध्यक्ष, एचआटीसी जेसीसी व निगम चालक यूनियन।**

**चुनौती** पारंपरिक खेती हो रही खत्म; नदियों का संग्रह घट चुका, युवाओं को नशे की जकड़न से निकालना होगा बाहर

## 76 साल की यात्रा: अभी खड़ी हैं कई चुनौतियां

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**हिमाचल** प्रदेश की 76 साल की यात्रा में विकास तो खूब हुआ, लेकिन अभी भी कई चुनौतियां हैं। हिमाचल में पारंपरिक खेती खत्म हो रही है, नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई के रूप में खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। नदियों का संग्रह घट चुका है, संसाधनों का मुकम्मल तौर पर इस्तेमाल नहीं हो रहा है। पर्यटन के विकास के मामले में हम अभी भी पिछड़े हुए हैं।

ऑर्गेनिक खेती को जिस बड़े स्तर पर शुरू करने की गुंजाइश थी, उसमें कई चीजें आड़े आ रही हैं। कनेक्टिविटी को लेकर भी बहुत कुछ करना होगा। मौजूदा सुक्खू सरकार की करीब आधा दर्जन योजनाएं दिशा तो ठीक पकड़ चुकी हैं, लेकिन साधनों और टीम वर्क के अभाव में इन पर संकट के बदले निश्चित रूप देखे जा सकते हैं। हिमाचल ने 76 सालों के सफर में कई पड़ाव देखे हैं। (अनंत ज्ञान)




### पर्यटन की दृष्टि से कई स्थल अनछुए, रोड कनेक्टिविटी की कमी

**पर्यटन** की दृष्टि से प्रदेश में अभी भी कई स्थल अनछुए हैं। बजट के अभाव के कारण इन स्थलों तक पर्यटकों को पहुंचाने के लिए रोड कनेक्टिविटी और दूसरी सुविधाओं की कमी है। प्रदेश में पर्यटकों की तादाद बढ़ने से यहां के लोग आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे। सरकारें जितना हो-हल्ला करती हैं, लेकिन उस स्तर पर काम नहीं हो पाया है। राजस्थान और उत्तराखंड जैसे स्टेट में पर्यटन लोगों की आर्थिक का मुख्य स्रोत बना है। इसमें एयर कनेक्टिविटी पर भी ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

### झीलों पर जुटानी होंगी सुविधाएं

पौंग बांध, गोबिंदसागर, कोलडैम या रेणुका झील में और ज्यादा सुविधाएं जुटानी चाहिए, ताकि पर्यटक यहां तक खिंचे चले आएं। इनका आधुनिकीकरण भी होना चाहिए। यहां पर्यटकों के लिए कुछ अलग तरह के प्रयोग भी करने में अब संकोच नहीं करना चाहिए। इससे हिमाचली लोगों की आर्थिकी भी मजबूत होगी और यहां का पैसा भी यहीं पर रहेगा।

### छोटे किसान कर रहे खेतीबाड़ी से किनारा

**पारंपरिक** कृषि खत्म हो रही है। छोटे किसान अब खेतीबाड़ी से किनारा करने लगे हैं। प्रदेश में कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पर कंप्लीट तौर पर कृषि के उत्पादन पर बढ़वा देने के लिए सरकारी तौर पर काम करने की जरूरत है। यहां मार्केटिंग मुकम्मल तौर पर कृषि क्षेत्र के लिए समस्या बनी हुई है। वहीं, मिल्क प्रोडक्ट यानी डेयरी के क्षेत्र में लोगों को और ज्यादा उत्साहित करने के लिए काम करने की जरूरत है। ऑफ सीजन सब्जियां ऊपरी इलाके में तो हो रही हैं, लेकिन निचले क्षेत्र में भी इन पर और तवज्जो देने की जरूरत है। ग्रीन हाउस योजना तो नाकाम साबित हो चुकी है।



## पर्यटन क्षेत्र में बढ़ते कदम, हर साल सुदृढ़ हो रही अर्थव्यस्था

कपिल पंडित, धर्मशाला

**पर्यटन** हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी की रीढ़ है और हर साल पर्यटन से अर्थव्यस्था में इजाफा हो रहा है, लेकिन इस क्षेत्र में कई कार्य किए जाने बाकी हैं। कई क्षेत्र ऐसे हैं, जिनका नाम पर्यटन मानचित्र पर नहीं है। प्रदेश सरकार इस क्षेत्र में कार्य करने में जुटी हुई है।

प्रदेश का पर्यटन क्षेत्र राज्य सकल घरेलू उत्पाद (एसजीडीपी) में सात प्रतिशत और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार में लगभग 14.42 प्रतिशत का योगदान देता है, जो कुल मिलाकर राज्य की अर्थव्यवस्था में 14,000 करोड़ रुपए से अधिक का योगदान देता है। सरकार साहसिक, धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रही है। भविष्य में सालाना पांच करोड़ पर्यटकों का स्वागत करने का लक्ष्य है और एशियाई विकास बैंक की सहायता से पर्यटन विकास पर 2500 करोड़ खर्च करने की योजना है। इस राशि का एक बड़ा हिस्सा 1300 करोड़ रुपए पहले ही स्वीकृत हो चुका है। चालू वित्तीय वर्ष में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 400 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। (अनंत ज्ञान)



### कई परियोजनाएं प्रगति पर

**बुनियादी** ढांचा विकास क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जिनमें कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार, धर्मशाला में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन केंद्र का निर्माण, बनखंडी में एक प्राणी उद्यान की स्थापना, नगरोटा बगवां में एक ओल्ड एज वेलनेस रिजॉर्ट और हाई-एंड फाउंटेन का निर्माण व प्रस्तावित पर्यटन का विकास शामिल है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य पर्यटकों की संख्या को बढ़ाना है।



## हिमाचल लोकसभा चुनाव एक नजर

### शिमला लोकसभा सीट चुनाव परिणाम 2019

| उम्मीदवार का नाम | पार्टी | परिणाम | कुल सीट | वोट % |
|---|---|---|---|---|
| सुरेश कुमार कश्यप | बीजेपी | जीत | 606182 | 66.35 |
| धनी राम शांडिल | कांग्रेस | हार | 278668 | 30.50 |
| नोटा | - | हार | 8357 | 0.91 |
| विक्रम सिंह | बीएसपी | हार | 7759 | 0.85 |

1951-52 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में
**5,31,018**
कुल मतदाता थे प्रदेश में



मंडी जिले में गोहर के हटगढ़ में मतदाताओं को जागरूक करती स्वीव टीम।

## चुनावी टक्की

### कुंडली की तो कहानी है



**जन्म** कुंडली बता रही है, भाग्य किसका चमका रही है। कुंडली ने ही जिताना है, तो जोर क्यों लगाना है? अपनी कुंडली ने कुछ ऐसा बता रही है, सियासी भाग्य को चमका रही है। भाग्य ऐसा बताया है, ग्रहों ने जोर लगाया है। मंगल उसका भारी है, तभी तो हुई अपनी तैयारी है। दोष कुंडली में जो बताया था, निवारण उसका अभी तो कराया था। राहु ने ऐसा खेल चला है, अपना नहीं कोई मेल मिला है। शनि की दशा भी खास है, उसी से तो अपनी आस है। ज्योतिषी जो अब आया है, कईयों का भाग्य चमकाया है। कुंडली की ही तो यह माया है, जिसने भाग्य मेरा चमकाया है। सभी उपाय कर चुका हूं, ज्योतिषी की जेब को भर चुका हूं। भाखड़े वाला रौनकी ताऊ भी चहक रहा है, राहु उनका भी महक रहा है। कुंडली दिल्ली भेज चुका है, अपना दांव खेल चुका है। भाग्य ने ही सब करना है, तो किस बला से डरना है। ताऊ की एक परेशानी है, ज्योतिषी की डिग्री अनजानी है।

-राजेश शर्मा

### ये पब्लिक है सब जानती है



**गणित** का ज्ञान कुछ बांटने लगे हैं, अपना फार्मूला जांचनें लगे हैं। कितना सरल यह तरीका है, सिर्फ पेश करने का तरीका है। सियासत में फार्मूला नया यह आया है, कुछ को बहुत यह भाया है। चला है दिल्ली के दरबार से, कटेगा नहीं किसी धार से। फार्मूला ही बड़ा निराला है, पांच पांच का जोड़ पचपन कर डाला है। हिमाचल में फार्मूला आ चुका है, पहली गिनती में धोखा खा चुका है। अब फिर शुरू की कहानी है, यहां की जनता भी बहुत सियानी है। चुनावों में फार्मूला जो बता रहे हैं, उल्टा पहाड़ा सीखा रहे हैं। कहीं, भी न सीधी उनकी कहानी है, फार्मूले का निकल रहा पानी है। पहाड़ पर यह हांफ चुका है, हर बच्चा सच्चाई जान चुका है। फार्मूला जो यहां आया है, किसी को भी नहीं भाया है। भाखड़े वाला रौनकी ताऊ तो सब समझ चुका है। हिमाचल में नहीं चलने वाला है गलत फार्मूले का कोई अस्त्र, यह यूपी बिहार नहीं हिमाचल तो है पूरा साक्षर। हिमाचल की अलग ही होती कहानी है, अब भी तो कइयों को अकल सिखानी है। संस्कारों की यह पावन धरा है, तभी तो फार्मूला यहां डरा है।

# 108 साल से राजनीतिक उपेक्षा का शिकार रही सेब की बागवानी

## राज्य के सेब बहुल क्षेत्रों की पार्टियों ने हमेशा की अनदेखी, मांगें जस की तस

**चुनावी मुद्दा**

जयसिंह ठाकुर, शिमला

हिमाचल जैसे सुंदर और पहाड़ी राज्य में 108 वर्षों से सेब बागवानी आय का प्रमुख साधन है। प्रदेश के 68 विधानसभा क्षेत्रों में से 22 में सेब बागवानी युवाओं और बेरोजगारों के रोजगार का साधन है, लेकिन राजनीतिक दलों द्वारा आज भी यह सभी सेब बहुल क्षेत्र राजनीतिक उपेक्षा का शिकार बने हुए हैं।

सेब बागवान आए दिन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करते रहते हैं। सेब बागवान अपने लिए हमेशा से उन्नत किस्म के पौधे, सेब कार्टन पर रियायत सहित सेबों के पौधों पर होने वाले विभिन्न प्रकार की छिड़काव सामग्री व रसायनिक दवाओं में सब्सिडी चाहते हैं। साथ ही फसल तैयार होने पर मार्केट तक पहुंचाने सहित उचित दाम चाहते हैं, लेकिन जैसे ही वर्ष भर की मेहनत के बाद यह फसल बाजार में पहुंचती है, तो बागवानों को फसल के उचित दाम नहीं मिलते हैं। वहीं, कई बागवान आढ़तियों द्वारा ठगे भी जाते रहे हैं। सरकार की सब्सिडी केवल पहुंच वाले बागवानों तक ही सिमित रह जाती है। 90 प्रतिशत बागवान सब्सिडी से महरूम रह जाते हैं। (अनंत ज्ञान)


फाइल फोटो

### अमेरिका से आए पौधे को बढ़ाने में बागवानों ने की मेहनत

**बेशक** 100 साल पहले सेब का पौधा अमेरिका से आया, लेकिन इसके बाद बागवानों ने इसे आगे बढ़ाने में कड़ी मेहनत की। आज हिमाचल प्रदेश के शिमला, कुल्लू, मंडी, किन्नौर, सिरमौर, चंबा सोलन में सेब उगाया जा रहा है। सेब की तीन किस्मों रेड रॉयल, गोल्डन और डिलिशियस से हुई यह शुरुआत अब 90 किस्मों की सेब प्रजातियों की खेती तक फैल चुकी है।

### 1916 में अमेरिका के लुसियाना से सेब के पौधे लाए थे सैमुअल

**अमेरिका** मूल के सैमुअल इवांस स्टोक्स हिमाचल प्रदेश के कोटगढ़ में बसे। उन्होंने अपना नाम बदलकर सत्यानंद स्टोक्स रख लिया। वह खादी और किश्ती टोपी पहनते थे। वह अमेरिका के लुसियाना से वर्ष 1916 में रॉयल डिलिशयस सेब के कुछ पौधे अपने साथ लाए और इन्हें कोटगढ़ में रोपा। उनके प्रयासों से हिमाचल के साधनहीन लोगों ने जीवन में आर्थिक क्रांति आई।

### सेब से लिखी पहाड़ों के विकास की इबारत

**प्रदेश** के लोगों की सौ साल की मेहनत का नतीजा है कि आज सेब की बागवानी 5,000 करोड़ रुपए की आर्थिकी बनकर उभरी है। प्रदेश के लाखों परिवारों का संबल बनने के साथ ही सेब की बागवानी तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र के लदानियों और व्यापारियों से लेकर नेपाल तक के मजदूरों को एक बड़ा कारोबार और रोजगार भी दे रही है। सेब की फसल पर बागवान, आढ़ती, व्यापारी, ट्रक ऑपरेटर, चालक और मजदूर तमाम तबके आजीविका के लिए निर्भर हैं। कार्टन, ट्रे, दवा और खाद के विक्रेताओं से लेकर सभी वर्गों को भी इससे रोजगार मिल रहा है। सेब बागवानों और अन्य वर्गों की जेब में पैसा आता है तो राजधानी शिमला के दुकानदार तक इससे हर्षित हो उठते हैं।


### सेब लाखों को दे रहा रोजगार, पैदा करने वाले को क्या मिल रहा

**प्रगतिशील** बागबान सुरेश ठाकुर का कहना है कि मैं 60 साल का हो गया हूं। मेरा जिला शिमला के रोहड़ू क्षेत्र करालश में सेब का बागीचा है। सेब बागवानी से मैं वर्ष 1970 से जुड़ा हूं। मेरा यह पैतृक व्यवसाय है। मेरे बागीचों में वर्तमान में 30,00 सेब की पेटियां होती हैं। बाजार में करीब 2000000 रुपए तक बिक्री होती है। इसमें 70 फीसदी तक खर्च आ रहा है। इस बार केवल 15 फीसदी सेब ही गुणवत्ता वाला है। इस वर्ष पहले सूखा पड़ा और अब बारिशें बहुत हो रही हैं। मेरा मानना है कि सेब के बारे में एक ब्लू प्रिंट तैयार होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर का जर्मप्लाज्म हो यानी पौध हो। अगर ऐसा नहीं होगा तो उसका उत्पादन कहां से होगा। इनपुट भी अंतराष्ट्रीय स्तर का होना चाहिए।


सुरेश ठाकुर

## युवा मतदाता

**पहले** परिवार के सभी बड़े सदस्य मतदान करने जाते थे, लेकिन इस बार मैं भी उनके साथ जाऊंगा, मुझे भी इस बार अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनने का मौका मिलेगा। मेरा वोट उसी को जाएगा, जो युवाओं के लिए रोजगार व मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाएगा।


शिवांग कश्यप (कलहैली)


कुशल ठाकुर
बल्ह विधानसभा क्षेत्र

**सांसद** जन समस्याओं को सुने, समझे और उस पर कार्य करे। पब्लिक की समस्याओं पर गौर करे और उन पर कार्य करे। जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करे। प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को सांसद बेहतरीन सुविधाएं मुहैया कराए। स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करे।

## महिला मतदाता

**प्रदेश** सरकार से कर्मचारी वर्ग खुश है। महिलाओं के लिए भी 1500 रुपए प्रतिमाह योजना चलाई जा रही है। प्रदेश सरकार की कुल 10 जनहित की गारंटियां हैं, जिनसे आम जनता को लाभ होगा। हिमाचल कि जनता मौजूदा सरकार से खुश है।


बिंदु
(धर्मशाला)

## पुरुष मतदाता


राहुल गुप्ता
(नगरोटा बगवां)

**सरकार** को गिराना बेहद निराशाजनक है। मौजूदा प्रदेश सरकार में ऐसा कोई कार्य नहीं हुआ, जिसको देखते हुए सरकार को गिराया जाए। आगामी चुनावों में कई मुद्दे हैं, जिन्हें ध्यान में रख कर मतदान होगा। केंद्र सरकार बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी को दूर करने में नाकाम रही है।

**बीते** 10 सालों में बेरोजगारी देश में चरम पर है। जनता को नेता के चेहरे नहीं, नीतियों पर वोट करना चाहिए। विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया और सभी सरकारी विकास कार्य करती हैं। इस सरकार ने भी कुछ विकास कार्य करवाए हैं।


सोनू (महारल)


सुनील कुमार
(बड़सर)

**हमारा** सांसद ईमानदार और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार क्षेत्र का नेतृत्व करने वाला होना चाहिए। धर्म संस्कृति से लेकर राष्ट्रीय नीति तक अच्छी पैठ रखता हो। सरकारी स्कूलों में शिक्षा और अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान देना जरूरी है। लोगों को भी चाहिए मतदान से पूर्व प्रत्याशी का रिपोर्ट कार्ड जांचें और सही व्यक्ति को मतदान करें।

**देश** के विकास के लिए किसका योगदान है। रेल विस्तार में हिमाचल को किसने आगे बढ़ाया है। खेल क्षेत्र में हिमाचल को विश्व में पहचान मिली है। इसलिए जिनका योगदान है, उनको जनसमर्थन मिलना चाहिए। सभी लोगों को देश के भविष्य के लिए एक मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।


ठाकुर अमरीक सिंह (ऊना)


रवि ठाकुर
(बंगाणा ऊना)

**विकसित** भारत के लिए केंद्र में स्थित सरकार की जरूरत है। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन को छोड़कर इसके लिए कोई अन्य विकल्प मजबूत नहीं है। पहले विदेश जाने वाले भारतीयों की इज्जत नहीं की जाती थी, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद विदेशों में भारत का नाम रोशन हुआ है।

**चुनाव** दमदार नेतृत्व को सशक्त करने का एक बहुत ताकतवर माध्यम है, जो नेतृत्व देश हित की बात करे, जिसका अजेंडा देश को आगे बढ़ाना हो, देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और देश की जनता को उत्तम सेवाएं प्रदान करना हो, ऐसा ही राजनीतिक दल सत्ता के काबिल होना चाहिए।


अजीत सिंह सकलानी, एडवोकेट हाईकोर्ट शिमला


जयनंद शर्मा
(दाड़लाघाट)

**भारत** को विकसित देश बनते हुए देखना हर भारतीय का सपना है। इस दिशा में तेज गति के साथ कार्य जारी है। वर्तमान में देश की सेना भी सशक्त हुई और देश भी। अब देश हित में जो कार्य कर रहा है, वोट का असली हकदार भी वही है। देश के हित में अपना मतदान करें।

**राजनीति** जनता के सरोकार रसे जुड़े मुद्दों पर ही होनी चाहिए। वर्तमान में मुद्दा विहीन राजनीति देश में हो रही है, जिसका देश विकास से लेना-देना नहीं है। युवा पीढ़ी को रोजगार के द्वार खोलने वाली सरकार ही असली वोट की हकदार है। आज देश का युवा रोजगार को दर-दर की ठोकरें खा रहा है।


कमल शर्मा
छात्र, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस के लिए अनुसूचित जाति वर्ग केवल वोट बैंक : प्रेम कुमार धूमल



**बिलासपुर।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा सदर मंडल अनुसूचित जाति मोर्चा का सम्मेलन रविवार को देलग (कंदरौर) में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्यातिथि पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल और मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार के साथ सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल विशेष तौर पर उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के दौरान सदर विधानसभा क्षेत्र से अनुसूचित जाति वर्ग के लगभग 80 लोग भाजपा में शामिल हुए। प्रेम कुमार धूमल, सिकंदर कुमार और त्रिलोक जमवाल ने हार और पार्टी के पटके पहनाकर उनका भाजपा में स्वागत किया। खराब मौसम के बावजूद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लोगों में जोरदार उत्साह नजर आया। अपने संबोधन में प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि कांग्रेस ने अनुसूचित जाति वर्ग को हमेशा केवल अपने वोट बैंक के रूप में प्रयोग किया है। इस वर्ग के उत्थान का काम सही मायनों में भाजपा सरकार के समय ही हुआ है।

### सीएम साहब बताएं क्या हम जेब में लेकर घूम रहे 15 करोड़ : भुट्टो

**बंगाणा।** कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने सीएम पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारे सारे बैंक खातों की जांच सरकार करवा रही है। बैंक खातों की डिटेल ली जा रही है। फिर क्या हम 15 करोड़ की धनराशि जेब में लेकर घूम रहे हैं। भुट्टो ने कहा कि सीएम साहब कभी 15 करोड़ की नकद राशि तो कभी बड़ा सूटकेस लेने की बात जनता के बीच कर रहे हैं, लेकिन हर समय झूठ पर झूठ बोलना खतरे को घंटी बन जाती है। भुट्टो ने कहा कि जब ज्यादा मित्रों की टोली बन जाए, तो सरकार चलाना मुश्किल हो जाता है और ऐसा ही खेला अब राज्य सरकार के साथ हो रहा है। वहीं, कुटलैहड़ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म महोत्सव बल्ह खालसा में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्रबंधन बाबा कमल दास जी महाराज के साथ कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने शिरकत करके डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके जन्म महोत्सव की बधाई दी।



# कहीं ब्राह्मण बनाम ब्राह्मण की तैयारी तो नहीं!

## कांगड़ा संसदीय सीट से प्रत्याशी के लिए दिल्ली में माथापच्ची जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस हाईकमान की माथापच्ची लगातार जारी है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी अपने लोकसभा उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने अभी तक सिर्फ दो ही उम्मीदवारों की घोषणा की है, जिनमें से मंडी से पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के पुत्र व वर्तमान में हिमाचल सरकार में कबीना मंत्री विक्रमादित्य सिंह का नाम शामिल है।

शिमला संसदीय क्षेत्र से वर्तमान में कसौली से कांग्रेस विधायक विनोद सुल्तानपुरी का नाम शामिल है। इन सबके बीच हमीरपुर लोकसभा से ऊना सदर के भूतपूर्व विधायक सतपाल रायजदा का नाम घोषित न होना जरूर चौंकाने वाला है, क्योंकि कहीं न कहीं हिमाचल के मुख्यमंत्री व अन्य नेता उनको अपने बयानों में हमीरपुर से उम्मीदवार लगभग घोषित कर चुके थे और सतपाल रायजदा ने चुनाव प्रचार भी शुरू कर ही दिया है।

कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो यहां से भी पूर्व कबीना मंत्री आशा कुमारी का नाम सबसे आगे है, लेकिन उनका नाम भी घोषित न होना भी किसी अचंभे से कम नहीं है। भाजपा ने जहां एक ब्राह्मण नेता को टिकट देकर अपने प्रचार को धार दे दी है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस अभी भी अपने उम्मीदवार के चयन को लेकर माथापच्ची कर रही है। इतिहास गवाह है कि बिना कांगड़ा जिले के साथ के किसी भी राजनीतिक पार्टी का सरकार बनाने का सपना पूरा नहीं हो पाता। शिमला पहुंचने का रास्ता हिमाचल प्रदेश की राजनीति में कांगड़ा से होकर ही जाता है। कांग्रेस हाईकमान सूत्रों के अनुसार कांग्रेस हाईकमान भी कांगड़ा जिला से किसी बड़े ब्राह्मण चेहरे को लोकसभा के रण में उतार सकती है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस हाईकमान कांगड़ा-चंबा लोकसभा में चंबा को छोटे भाई की ही भूमिका में रखना चाहती है।

कांग्रेस पार्टी के सूत्रों की मानें तो कांगड़ा-चंबा से टिकट की दौड़ में चल रहे पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी देहरा डॉ. राजेश शर्मा के साथ पूर्व मंत्री व दिग्गज कांग्रेस नेता स्वर्गीय जीएस बाली के पुत्र वर्तमान विधायक एवं कैबिनेट रैंक हिमाचल प्रदेश पर्यटन बोर्ड के उपधायक्ष रघुबीर सिंह बाली भी लोक सभा टिकट की दौड़ में शामिल हो गए हैं। बड़ा ब्राह्मण चेहरा व चुनाव जीतने की योग्यता को देखते बाली दावेदारों में सबसे आगे हैं।

### सीएम ने किया विद्युत बोर्ड में घोर भ्रष्टाचार: सुधीर शर्मा



**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के विद्युत बोर्ड जैसे अहम विभाग में घोर भ्रष्टाचार हुआ है। पिछले दरवाजे से हिमाचल में पैदा होने वाली बिजली का सौदा एक निजी कंपनी से कर दिया गया है। मुख्यमंत्री पर यह संगीन आरोप पूर्व मंत्री एवं धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने लगाया है। धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा के मुख्यमंत्री पर एक ओर तीखे हमले से प्रदेश की राजनीति में हलचल पैदा हो गई है। सुधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के पास विद्युत बोर्ड जैसा महत्वपूर्ण विभाग है, लेकिन मुख्यमंत्री ने बोर्ड के समानांतर एक एनर्जी मेनेजमेंट कंपनी बना दी है। अब हालात ऐसे हैं कि हिमाचल से बाहर भेजे जाने वाली बिजली की देखरेख यह कंपनी करेगी। किसी प्रदेश में ऐसा पहली बार हुआ है कि बिना विद्युत बोर्ड की सहमति से एक कंपनी का गठन हो गया और उसे इतनी बड़ी जिम्मेदारी भी सौंप दी गई।

# ...जब दो लोकसभा क्षेत्रों से चुने गए थे तीन सांसद

## 17 चुनावों में कांग्रेस के 41, भाजपा के 23, जनता पार्टी के 4, हिविकां का एक बना सांसद

**FLASH BACK!**

भगत सिंह गुलेरिया, मंडी

हिमाचल के अस्तित्व में आने पर जब 1952 में लोकसभा के लिए पहला चुनाव हुआ, उस वक्त प्रदेश में केवल दो ही लोकसभा क्षेत्र थे। मंडी महासू और चंबा सिरमौर। इनमें से मंडी महासू सीट से दो सदस्यों को चुनने का प्रावधान था।

दूसरा सांसद पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित था। इसलिए दो सीटों पर तीन सांसद चुने गए। वर्ष 1957 के चुनावों में तीन लोकसभा क्षेत्र बनाए गए। अब की बार महासू चुनाव क्षेत्र को डब्बल सीट वाला तथा मंडी व चंबा से एक-एक सांसद का प्रावधान किया गया। अबकी बार तीन सीटों पर चार सांसद चुने गए। वर्ष 1962 के लोकसभा चुनावों में चार लोकसभा क्षेत्र चंबा, महासू, मंडी व सिरमौर बनाए गए। वर्ष 1967 में चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, महासू, मंडी व शिमला छह लोकसभा क्षेत्रों का गठन कर चुनाव किया गया। वर्ष 1971 में लोकसभा चुनाव क्षेत्रों का पुनर्गठन करके हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी व शिमला चार क्षेत्रों तक सीमित कर दिया गया, तब से अब तक चार ही चुनाव क्षेत्रों से सांसदों का चुनाव किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### 69 बन चुके हैं सांसद

**अभी** तक लोकसभा के लिए 17 बार चुनाव हुए हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश से लोकसभा के लिए 69 सांसद चुने जा चुके हैं, जिनमें कांग्रेस पार्टी के 41, भाजपा के 23, भारतीय लोक दल व जनता पार्टी के 4 तथा हिविकां का एक सांसद चुना गया है। मंडी सीट पर वर्ष 2013 और 2021 में उपचुनाव भी हुए थे। दोनों बार कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार विजयी रहे।

### कब किस दल के कितने बने सांसद

1952 2 कांग्रेस 3 (एक डब्बल सीट), 1957 3 कांग्रेस 4 (एक डब्बल सीट),, 1962 4 कांग्रेस, 1967 6 कांग्रेस, 1971 4 कांग्रेस, 1977 4 ज.पार्टी व लोकदल, 1980 4 कांग्रेस , 1984 4 कांग्रेस, 1990 4 भाजपा 3 कांग्रेस 1, 1999 4 भाजपा 2 कांग्रेस 2, 1996 4 कांग्रेस, 1998 4 भाजपा 3 कांग्रेस 1, 1999 4 भाजपा 3 हिविकां 1, 2004 4 कांग्रेस 3 भाजपा 1, 2009 4 भाजपा 3 कांग्रेसी 1, 2014 4 भाजपा, 2019 4 भाजपा।

**सियासत** हारे-नकारे नहीं; युवा जोश के साथ प्रदेश में आगे बढ़ेगी कांग्रेस, विक्रमादित्य सिंह और विनोद सुल्तानपुरी पर खेला दांव

# मोदी और सुक्खू के बीच होगी इस लोकसभा चुनाव की जंग

अरविंद शर्मा, शिमला

कांग्रेस द्वारा राज्य के दो लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा के बाद अब प्रदेश में राजनीतिक गलियारों में चुनावों का ध्रुविकरण अब अलग दिशा पकड़ता नजर आ रहा है। कांग्रेस द्वारा दो युवा उम्मीदवारों को मैदान में उतारने से अब भाजपा को घेरने के लिए कांग्रेस पूरी तरह से फ्रंट फुट पर बैटिंग करने के लिए तैयार हो गई है।

यह चुनाव मोदी वर्सिज सुक्खू के बीच होने वाला है। ऐसे में कांग्रेस पहले से फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ा रही है। मंडी संसदीय क्षेत्र में राज परिवार से कांग्रेस के युवा उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को उतारकर कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ नया दाव खेल दिया है। क्योंकि यह राज परिवार की परंपरागत सीट कही जा सकती है। प्रतिभा सिंह और वीरभद्र सिंह इस संसदीय क्षेत्र से पहले भी कई बार चुनाव जीत चुके हैं, वहीं अब राजपरिवार को फिर से सियासी दंगल में उतारकर कांग्रेस ने युवा चेहरे और भावी कांग्रेस के भविष्य के रूप में विक्रमादित्य सिंह पर दाव खेलकर भाजपा खेमें में भी खलबली मचा दी है। वहीं, शिमला संसदीय क्षेत्र से 6 बार सांसद रहे केडी सुल्तानपुरी के बेटे विनोद सुल्तानपुरी को टिकट देकर यह संदेश देने में कांग्रेस कामयाब रही है कि अब कांग्रेस की डोर हारे और नकारे नहीं, बल्कि युवा और नए जोश के साथ ही आगे बढ़ेगी। (अनंत ज्ञान)

### पुराने चेहरों को दरकिनार कर युवाओं को बागडोर

**हालांकि** इससे पहले कांग्रेस पुराने चेहरों पर ही चुनावी बिसात बिछाती नजर आती थी, लेकिन अब थके-हारे नेताओं के अनुभव और भाजपा की रणनिती को मात देने के लिए एक प्रकार से कांग्रेस द्वारा एक नया दांव खेला जा रहा है। दिल्ली में हुई सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक के बाद अब कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह और विनोद सुल्तानपुरी पर कांग्रेस ने शिमला लोकसभा सीट से दांव खेला है।

### शिमला सीट पर बीजेपी-कांग्रेस में होगी टक्कर

**शिमला** लोकसभा सीट में केडी सिंह सांसद रह चुके हैं। वहीं, अब विनोद सुल्तानपुरी पर कांग्रेस दांव खेल रही है। ऐसे में इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी और भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। विनोद सुल्तानपुरी की ससुराल सिरमौर के रेणुका विधानसभा क्षेत्र में पड़ता है। ऐसे में दो जिला का विनोद को खासकर फायदा मिल सकता है। विनोद कसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं और सुल्तानपुर में रहते हैं। यह गांव शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना नाम कमा रहा है। सुल्तानपुरी को पहली बार 2012 में कांग्रेस पार्टी ने टिकट दिया, इसके बाद 2017 में भी उन्होंने चुनाव में अपनी ताकत झोंकी, लेकिन वे दोनों बार चुनाव हार गए। उसके बाद साल 2022 में एक बार फिर विनोद को कांग्रेस पार्टी ने टिकट दिया और उन्होंने तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सैजल को चुनाव हराकर कांग्रेस को जीत दिलाई।

### भाजपा के प्रचार को अब मिलेगी कड़ी टक्कर

**कांग्रेस** पार्टी अब शिमला और मंडी संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए खुलकर सामने आ चुकी हैं। वहीं, भाजपा द्वारा किए जा रहे चुनाव प्रचार को भी टक्कर देने की फिराक में है। हालांकि हमीरपुर और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में विधायकों के दल बदलने के बाद अब प्रदेश कांग्रेस पार्टी किसी प्रकार का जोखिम उठाने से बच रही है। ऐसे में टिकट को लेकर कांग्रेस इन दोनों क्षेत्रों में भी युवा उम्मीदवारों को ही चुनाव मैदान में उतारने जा रही है। राजनीतिक पंडितों की मानें तो देश भर में बैकफुट पर आकर चुनाव लड़ रही कांग्रेस फ्रंट फुट पर पारी खेलने के लिए युवा चेहरों को ही तवज्जो दे रही है जिससे वह भाजपा को चुनावों में कड़ी टक्कर दे सके।

हैप्पी बर्थडे



अंब के कोहड़छान गांव की नव्या को अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग
प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया
डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

# योल नर्सिंग कॉलेज के पास लगी आग, चार गाड़ियां राख

## टैक्सी में भड़की ज्वाला, चालक ने भागकर बचाई जान

पुनीत शर्मा, नरेश धीमान, धर्मशाला/योल

धर्मशाला के योल में स्थित नर्सिंग कॉलेज के पास खड़ी चार कारें शनिवार रात को करीब दो बजे अचानक धू-धू कर पूरी तरह जल गईं। कारों में आग लगने की इस घटना से आसपास के घरों में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में लगभग 30 लाख का नुकसान हुआ है।

इसके बाद करीब सवा तीन बजे धर्मशाला से पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक चारों गाड़ियां पूरी तरह जल चुकी थी। आग से स्वाह हुए इन वाहनों में दो गाड़ियां जिन में एक वैन एचपी 39डी-9441 व एक टैक्सी अमेज गाड़ी एचपी 01डी-9325 योल के आशीष कुमार की तथा एक सिडान गाड़ी एचपी 26-एफडी 7846 योल के विजय कुमार तथा चौथी गाड़ी चंडीगढ़ की टैक्सी नंबर पीबी-01,4935 थी, जिसमें ड्राइवर सोया हुआ था। चालक के अनुसार जब उसे गाड़ी में आग लगने का पता चला तो वह तुरंत गाड़ी से बाहर निकल आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग सबसे पहले चंडीगढ़ की उसी गाड़ी में लगी जिसमें ड्राइवर सोया हुआ था। फायर स्टेशन ऑफिसर कर्म चंद कश्यप ने बताया कि फायर ब्रिगेड को शनिवार 2.45 बजे आग लगने की सूचना मिलने के बाद टीम तुरंत मौके पर रवाना हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके का जायजा लिया तथा पूछताछ के लिए चंडीगढ़ की टैक्सी के चालक को पूछताछ के लिए पुलिस चौकी योल ले जाया गया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस थाना धर्मशाला की टीम आग लगने के कारणों की जांच में जुट गई है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



योल में शनिवार रात को करीब दो बजे लगी आग में जली गाड़ियां।

**घटना में 30 लाख का हुआ नुकसान**

# रूहान व रितिका अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति प्रतियोगिता में रहे प्रथम

## श्री गुरु रविदास महासभा खंड परागपुर ने करवाई प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, डाडासीबा/परागपुर

हिमाचल प्रदेश श्री गुरु रविदास महासभा खंड परागपुर द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में 13 और 13 वर्ष से ऊपर के विद्यार्थियों के लिए डॉक्टर बीआर अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 13 वर्ग में रूहान पुत्र दिनेश कुमार ने प्रथम स्थान, नीरव पुत्र विवेक कुमार, अंशुमन पुत्र सुजीत कुमार, अक्ष भाटिया पुत्र प्रश्न कौशल ने दूसरा स्थान और कनिष्क पुत्र रिंकू ने तीसरा स्थान हासिल किया।

13 वर्ष से ऊपर प्रतियोगिता में रितिका पुत्री सुरेश कुमार नालसुहा ने प्रथम स्थान, अनिकेत पुत्र राजेंद्र कुमार ने द्वितीय स्थान, आदित्य कुटियाल पुत्र हरबंस लाल राजगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त कर क्रमशः 3000, 2400 और 1800 रुपए की छात्रवृत्ति प्राप्त की। दूसरी ओर बाबा साहिब के जन्म दिवस पर विशेष तौर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में 61 सदस्यों ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम में एसडीएम देहरा शिल्पी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति की राशि दी। कार्यक्रम में डॉक्टर विजय विद्यार्थी और बैजनाथ कबीर आश्रम के महात्मा करुणाकर अपनी टीम सहित उपस्थित रहे और सत्संग और भजनों के माध्यम से बाबा साहिब के जीवन पर प्रकाश डाला। महासभा के प्रधान राकेश भाटिया ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया।



डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### सलियार में बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम



अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**गरली।** अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर सलियार पंचायत में आल इंडिया महासभा इकाई व राज्य महासचिव सीता राम भाटिया की अध्यक्षता में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के दो होनहार बच्चे अनीश कुमार जिसका नीट हमीरपुर और कुमारी पूर्वा जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है को सम्मानित किया गया। समारोह में आल इंडिया अंबेडकर महासभा इकाई हिमाचल प्रदेश राज्य मुख्य वक्ता व सभी अतिथियों का सुराणी प्रधान बीरबल ने स्वागत किया। मुख्यातिथि सीता राम भाटिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृकित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उसके बाद बाबा साहिब के विचारों को प्रकट किया गया। राज्य महासचिव सीता राम भाटिया ने एससी, एसटी सव प्लान की मुहिम को मजबूत करने पर जोर दिया। लोगों से अग्रह किया की एससी, एसटी सव प्लान की मुहिम से तन मन धन से सहयोग करें। हिमाचल सरकार से तेलंगाना राज्य की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश में भी कानून की मांग करें ताकि हमारा समाज आर्थिक, शैक्षणिक, समाजिक समानता के क्षेत्र में दूसरे वर्ग से कंधे से कंधा मिलाकर चल सके। इस मौके पर भारती सेना से सेवानिवृत्त, गुरदेव सिंह, घसीटू रामजी ,बीरबल प्रधान ग्राम पंचायत सुरानी, सतपाल सिंह, प्रीतम चंद आदि करीब 100 लोगों ने भाग लिया।

### श्री बागेश्वरी मंदिर में भंडारा कल

**धर्मशाला।** श्री बागेश्वरी मंदिर कमेटी हिमाचल पथ परिवहन निगम धर्मशाला की तरफ से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री बागेश्वरी मंदिर नजदीक एचआरटीसी कार्यालय चड़ी रोड पर दुर्गा पाठ व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार 16 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे पूर्णाहुति के बाद 12.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने दी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से माता का आशीर्वाद लेने तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

### शहीद कर्मचारियों को दी श्रद्धांजलि

**डाडासीबा।** अग्निशमन चौकी डाडासीबा में रविवार को 14 अप्रैल 1944 को मुंबई में एक मालवाहक जहाज को लगी आग बुझाते वक्त शहीद हुए 66 कर्मचारियों और अधिकारियों को श्रद्धांजलि दी गई। फायर बिग्रेड डाडासीबा चौकी इंचार्ज अजय कुमार ने बताया कि उपरोक्त शहीद हुए अग्निशमन कर्मचारियों और अधिकारियों को यहां हर वर्ष 14 अप्रैल को श्रद्धांजलि दी जाती है। उन्होंने कहा कि आज के दिन यानी 14 अप्रैल 1944 को मुंबई डोकार्ड में एक मालवाहक जहाज में आग लगी थी, जिसमें अग्निशमन के 66 कर्मचारी और अधिकारी आग बुझाते समय शहीद हो गए थे। अजय कुमार ने कहा कि इसी याद को लेकर आज रविवार को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने कहा कि 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाने का आरंभ किया। इस मौके पर फायरमैन सतीश, रविंद्र, सुरेश,ड्राइवर संदेश आदि मौजूद रहे।

# भीमराव के योगदान को किया याद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

संविधान शिल्पकार भारत रत्न बाबा भीम राव अंबेडकर की जयंती पर धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में धर्मशाला नगर निगम महापौर नीनू शर्मा, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण एवं पूर्व महापौर देवेंद्र सिंह जग्गी सहित विभिन्न कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शिरकत की।

इस दौरान उक्त पदाधिकारियों ने बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। यह कार्यकम वाल्मीकि सभा धर्मशाला एवं जिला वाल्मीकि यूथ क्लब द्वारा आयोजित किया गया। मुख्यातिथि के तौर पर पहुंची धर्मशाला नगर निगम महापौर नीनू शर्मा ने कहा कि देश की नींव को मजबूत करने में बाबा भीमराव अंबेडकर का अभूतपूर्व योगदान है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहिब ने हर वर्ग को ध्यान में रख कर संविधान का निर्माण किया और देश के प्रत्येक नागरिक को एक सूत्र में पिरोया।



डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस सहित वाल्मीकि सभा के पदाधिकारी एवं सदस्य।

# श्रीमद्भागवत कथा 17 से

**गरली।** निकटवर्ती गांव गरली के खन्ना में 17 अप्रैल से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी खन्ना निवासी संदीप ठाकुर उर्फ बंपी ने दी। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष की भांति क्षेत्र वासियों के सहयोग से इस बार भी यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। स्वर्ग आश्रम रोड खन्ना में बरसाना से आए गुरु श्री भगवत स्वरूप जी महाराज इस भागवत के दौरान ज्ञान की गंगा बहाएंगे। कथा का समय रोजाना 12:30 से 4:30 बजे तक रहेगा। पंडितों द्वारा विश्व कल्याण के लिए जाप भी किया जाएगा। 7 दिन तक चलने वाली इस भागवत कथा का समापन 23 अप्रैल को किया जाएगा। उस दिन भंडारे का आयोजन भी होगा।

# ब्यास नदी में पलटी नहीं असंतुलित हुई थी नाव: एसडीएम शिल्पी

अनंत ज्ञान, डाडासीबा

कालेश्वर महादेव राज्य स्तरीय बैसाखी मेले के दौरान ब्यास नदी में नाव पलटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही मेला प्रशासन सामने आ गया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मेला अध्यक्ष एवं एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने जांच बिठा दी है। जबकि उपरोक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने पुलिस थाना रक्कड़ प्रभारी गुरदेव सिंह को दिशानिर्देश जारी किए हैं। एसडीएम ने कहा कि मेले में ब्यास नदी पर कोई अनहोनी न हो इसके लिए रक्कड़ पुलिस व विशेषज्ञ गोताखोर टीम तैनात कर रखी थी। यहां नाव नहीं पलटी थी बल्कि नाव में बैठे एक व्यक्ति द्वारा सेल्फी लेते वक्त वहां नाव अनबेलंस हो गई थी, लेकिन सोशल मीडिया पर इसको गलत ढंग से पेश किया गया है। उधर थाना प्रभारी रक्कड़ गुरदेव सिंह ने कहा कि पुलिस व एसडीआरएफ टीम भी उस वक्त मौके पर थी। इस दौरान वहां नाव पलटी नहीं थी बल्कि नाव पर बैठे एक व्यक्ति द्वारा सेल्फी लेते समय नदी किनारे अनबैलंस हुई थी। थाना प्रभारी गुरदेव सिंह ने कहा कि फिर भी मेला प्रशासन द्वारा उपरोक्त मामले का जिम्मा मुझे सौंपा गया है। इस मामले की गहनता से छानबीन होगी।

# 29 किशोरियों ने फुटबाल खेलना सीखा

**गगल।** जागोरी संस्था की ओर से नेरटी में दो दिन से चल रही फुटबाल प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। इसमें पंचायतों की 29 किशोरियों को दो दिन का फुटबाल प्रशिक्षण दिया गया। जागोरी संस्था की प्रवक्ता पूजा धीमान ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य न केवल उन्हें फुटबाल के कौशलों को सिखाना रहा बल्कि उन्हें जेंडर समानता और अवसरों का समान मौका देना रहा। प्रशिक्षण के दौरान किशोरियों ने बताया कि हमने आज तक फुटबाल नहीं खेला, हम ज्यादातर खो-खो, कबड्डी तक ही सीमित रहे। आज हमें मैदान में आकर फुटबाल खेलकर काफी अच्छा लग रहा है। इस अवसर पर जागोरी संस्था की ओर से सोनिका ठाकुर भी उपस्थित रही।

# दाड़ी मेला में प्लॉट बिक्री से कमाए 83 लाख

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

इस बार हाईकोर्ट के आदेशों के बाद मेला कमेटी दाड़ी के हाथों से निकल कर प्रशासन के हाथ में आई मेला करवाने की जिम्मेदारी के बाद प्लॉट बिक्री से जीएसटी समेत 8344832 रुपए जुटाए गए हैं। बताते चलें कि दाड़ी मेला मैदान के अंदर 510 के करीब प्लॉट शुरूआती मूल्य 7000 के साथ नीलाम किए गए हैं। इसके अलावा मेला स्थल पर लगाए गए झूलों आदि समेत मेले से जीएसटी समेत करीब साढ़े 83 लाख रुपए जुटाए गए हैं।

**नगर निगम धर्मशाला के खाते में जमा करवाई राशि**

इस बारे में जानकारी देते हुए मेला कमेटी का प्रबंधन संभाल रहे तहसीलदार गिरिराज ठाकुर ने बताया कि दाड़ी मेला मैदान के अंदर प्लॉट के आवंटन से जीएसटी समेत कुल 8344832 रुपए जुटाए गए हैं जिन्हें धर्मशाला नगर निगम के खाते में जमा करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार भोट के नेतृत्व में मेला सुचारू रूप से जारी है तथा पूरी व्यवस्था के साथ प्रबंधन किया जा रहा है ताकि मेला देखने को पहुंच रहे लोगों के अलावा मेला में पहुंचे कारोबारियों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# धर्मशाला कांग्रेस मजबूत, 500 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल: भज्जी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए सुधीर शर्मा के कारण संगठन में हुए डेमेज को कंट्रोल करने के लिए ब्लॉक कांग्रेस धर्मशाला जुट गई है। नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धर्मशाला के अध्यक्ष हरभजन सिंह भज्जी ने ब्लॉक कांग्रेस में नई नियुक्तियां कर दी हैं, जिसमें कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है। कांग्रेस हाईकमान से आए पदाधिकारियों का भी उन्हें रणनीति बनाने में साथ मिल रहा है। एक विशेष भेंट वार्ता में हरभजन सिंह भज्जी ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस ने धर्मशाला के हर क्षेत्र में संपर्क अभियान शुरू कर दिया है। सरकार की जनहित नीतियों को घर-द्वार तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के लंबे संघर्ष के बाद उन्हें पुरानी पेंशन का तोहफा सुक्खू सरकार में मिला है। चुनावों के पश्चात प्रदेश की महिलाओं से वादे के अनुसार 1500 रुपए मिलना शुरू हो जाएंगे। प्रदेश सरकार ने अपनी पांच गारंटियां पूरी कर दी हैं और आगामी कुछ महीनों में शेष गारंटियों को भी पूरा कर दिया जाएगा। भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा भूल जाएं कि वह जनता के मत का अपमान करने के बाद अब दोबारा जीत पाएंगे। धर्मशाला भाजपा के स्थापित नेताओं को दरकिनार कर सुधीर शर्मा को टिकट देने से भाजपा कार्यकर्ता खफा है और इसी कारण भाजपा कार्यकर्ता लगातार उनके संपर्क में हैं। 500 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए हैं। बकौल भज्जी कर्मचारी वर्ग कांग्रेस के साथ है और वह बिलकुल नहीं चाहता कि प्रदेश में अब भाजपा सरकार बने। उन्होंने दावा किया कि उपचुनाव और लोकसभा चुनावों में कांग्रेस सभी सीटें जीत कर भाजपा को करारा झटका देगी।



हरभजन सिंह भज्जी।

# संकल्प पत्र से निवेश से नौकरी का मार्ग प्रशस्त

**धर्मशाला।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व मंत्री, कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रभारी व सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र विकसित भारत के संकल्प का ब्लूप्रिंट है। देश के युवाओं से लेकर महिलाओं, गरीबों से लेकर किसानों के विकास के लिए हर जरूरी कदम उठाने का संकल्प भी है। जो सभी देशवासियों को गरिमापूर्ण और गुणवत्ता युक्त जीवन देने की हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करता है। परमार ने कहा कि संकल्प पत्र निवेश से नौकरी का मार्ग प्रशस्त करता है। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र देश की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

# पपरोला के ठारू में पेट्रोल छिड़ककर जला डाली कार

अनंत ज्ञान, पपरोला

पपरोला से दो किलोमीटर दूर ठारू में शनिवार देर रात एक अज्ञात शातिर ने एक कार पर पेट्रोल छिड़ककर उसे जला डाला। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद तो हो गई, लेकिन शातिर की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शातिर ने इस घटना को अंजाम देने से पहले मुंह पर मास्क लगाया हुआ था, जिससे उसकी पहचान करने में दिक्कत आ रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है व सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। बैजनाथ थाना प्रभारी भूपेंद्र ठाकुर ने बताया कि पपरोला के ठारू में जोगिंद्रनगर (डोल) निवासी रत्न चंद ठारू में कार श्रृंगार का काम करता है व वह अपनी कार को अपनी दुकान के समीप खड़ा करके चला गया था। उन्होंने कहा कि शनिवार को देर रात करीब 11 बजे इस घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ठारू में अन्य जगहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है, जिसमें शातिर का पता लगाया जा रहा है। बहरहाल, पपरोला में इस तरह का यह पहला मामला है जहां बेखौफ होकर कार को आग लगा दी गई । पपरोला में अधिकतर कार सड़क किनारे या फिर गलियों में खड़ी रहती हैं। अब कार खड़ी करने वालों के मन में इस घटना के बाद से खौफ पैदा हो गया है।

# सात लोकसभा चुनाव लड़वा चुका हूं: डॉ. राजीव भारद्वाज

अनंत ज्ञान, इंदौरा

कांगड़ा-चंबा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र इंदौरा में छह जनसभाएं की। उन्होंने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार हिमाचल में सत्ता प्राप्त करने के लिए हिमाचल के लोगों को गुमराह करके सत्ता प्राप्त करने के लिए जो गारंटियां देने का वादा किया था उन गारटियों में 15 महीने बीत जाने पर भी एक भी गारंटी पूरी नहीं की जबकि मोदी की गारंटी मतलब पूरी गारंटी। उन्होंने कहा कि वह करीब 36 सालों से राजनीति में जुड़े हुए हैं। तकरीबन सात लोकसभा के चुनाव खुद लड़वाए हैं जिनमें से कई सांसद भी बनकर लोगों की सेवा कर चुके हैं। पहली बार एक छोटे से कार्यकर्ता को नरेंद्र मोदी ने मुझे इस बार आपके बीच खुद के लिए वोट मांगने का मौका प्रदान किया है। इस मौके पर डॉ. भारद्वाज ने कहा कि इस बार का चुनाव भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक अहम कड़ी है। इस मौके पर नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह निक्का ,पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ,पूर्व विधायक रीता धीमान, जिला परिषद सदस्य राहुल पठानिया, नूरपुर जिला भाजपा के अध्यक्ष रमेश राणा मौजूद रहे।



इंदौरा में जनसभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज।

**कार्यक्रम** कालेश्वर में दूसरी सांस्कृतिक संध्या में गायक धीरज व अनुज ने नचाए लोग

# बैसाखी मेले में लगा पहाड़ी व पंजाबी गानों का तड़का

अनंत ज्ञान, गरली

कालेश्वर महादेव में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बैसाखी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या यादगार रही। एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बतौर चीफ गेस्ट शिरकत करते हुए राज्य स्तरीय कालेश्वर बैसाखी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। इस दौरान उपमंडल अधिकारी देहरा शिल्पी बेक्टा, मेला प्रभारी एवं तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा व मेला कमेटी द्वारा मुख्यातिथि को शॉल, टोपी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने सबसे पहले कालीनाथ कालेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की और इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। इस दौरान जहां देश भर में अपनी कलाकारी का डंका बजा रहे गरली के 26 वर्षीय कॉमेडियन हास्य कलाकार प्रिंस गर्ग ने पंडाल में बैठे हजारों दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया।

उभरते लोक गायक विनायक ठाकुर ने मंच पर लंबी जुदाई ब चंबे पतने दो बेड़ियां सुनाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। उनकी प्रस्तुति पर पूडा पंडाल सीटियों और तालियों से गूंज उठा। सीने स्टार पहाड़ी लोक गायक धीरज शर्मा व इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा ने पहाड़ी, पंजाबी व हिंदी गानों पर नॉन स्टाप ऐसी छाप छोड़ी कि पंडाल मे बैठे दर्शक नाचने पर मजबूर हो गए। दर्शकों को काबू करने के लिए वहां मौजूद पुलिस को खूब पसीना बहाना पड़ा। पहाड़ी लोक गायक धीरज शर्मा ने जहां हिंदी गाना यह दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों, नीलमा, भेडलियां चरांदी धारा धारा आदि नॉन स्टाप गानें सुनाकर हर किसी का दिल जीत लिया तो अनुज शर्मा ने यह हल्का हल्का सरुर है, इस गराएं दिया लबंरा ओ इन्हा छोरुआ जो ले समझाई आदि गाने सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। इस अवसर पर तहसीलदार बंगाणा अमित शर्मा, डीएसपी ज्वालामुखी जसवाल, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी और क्षेत्र की जनता मौजूद रही।



तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बैसाखी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार।

# कांगड़ा में बनेंगे 33 मॉडल पोलिंग बूथ: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत कांगड़ा जिला में 33 मॉडल पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। इसमें प्रत्येक विस क्षेत्र में दो-दो तथा ज्वालामुखी, देहरा, जसवां परागपुर में तीन-तीन मॉडल पोलिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने दी। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथों पर विद्युत, पेयजल, रैंप इत्यादि की उचित व्यवस्था करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं तथा इस संबंध में शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को पोलिंग बूथों की स्थापना के लिए चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार आवश्यक प्रबंधों की रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि कांगड़ा जिला के विभिन्न विस क्षेत्रों में 29 पोलिंग बूथ महिलाओं द्वारा संचालित किए जाएंगे इसके साथ ही आठ पोलिंग स्टेशन दिव्यांगों तथा धर्मशाला का दाड़ी बूथ युवाओं द्वारा संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र तथा निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मोबाइल ऐप सी विजिल लांच किया है। इस ऐप के जरिये आम जन आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकेगा। उन्होंने कहा कि सी विजिल ऐप से प्राप्त शिकायतों का सौ मिनट में निवारण भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग को जिला भर में शराब इत्यादि की बिक्री तथा अवैध तौर पर शराब जब्त करने की प्रतिदिन रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है इसके साथ ही नाकों पर सुचारू चेकिंग भी करने के लिए कहा गया है।

## डाडासीबा में मनाई डॉ. अंबेडकर की जयंती

**डाडासीबा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर सोशल ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष राजिंद्र सिंह गोगा की अध्यक्षता में भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती पब्बल होटल डाडासीबा में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर फगवाड़ा पंजाब के स्वर्ण पदक विजेता एवं पंजाब सरकार द्वारा राज्य पुरस्कार प्राप्त मास्टर सोमराज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं प्रदेश कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरिंद्र सिंह मनकोटिया और प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय जनता दल एवं संविधान बचाओ संघर्ष समिति हिमाचल प्रदेश के बलवंत सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मुख्य अतिथियों के पहुंचने पर कमेटी के सदस्यों ने स्वागत किया ।

## अंबेडकर के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान

**इंदौरा।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर चूहड़पुर में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुसूचित जाति विभाग एवं गुरु रविदास इकाई इंदौरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक मलेंद्र राजन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ जिला परिषद परवीन कुमार मिंदा, कांग्रेस प्रदेश सचिव मास्टर कमल किशोर, पूर्व जिला परिषद रमेश चंद, उपप्रधान राजकुमार, पूर्व प्रधान लाला गुलशन लाल, डॉ. अशोक, पूर्व उपप्रधान काश्मदीन सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक मलेंद्र राजन ने भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र, उनके संघर्ष, उनके शिक्षा के प्रति लग्न से प्रेरणा लेने की बात की।

# 53 मील में कोहलियों की समस्याओं पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, योल**

**कृषि सिंचाई कोहली कूहल सभा की हुई बैठक**

कृषि सिंचाई कोहली कूहल सभा जिला कांगड़ा की बैठक रविवार को कांगड़ा के समीप 53 मील के प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में सभा के प्रधान परवीन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में ज्यादातर धर्मशाला, नगरोटा और कांगड़ा विधानसभाओं के किसान कोहलियों ने भाग लिया और किसानों को सिंचाई के लिए खराब कूहलों और कोहलियों को आ रही दिक्कतों के बारे में विचार-विमर्श किया गया। सरकार के प्रति रोष प्रकट करते हुए कहा कि सभा के हित में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 22/8/2023 को फैसला सुनाया गया था कि सार्वजनिक कूहलों को जल शक्ति विभाग में मर्ज किया जाए और सभा के सदस्यों को किसी भी विभाग में सेवारत किया जाए। इसके कागजात प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव शिमला को डाक के माध्यम से प्रेषित किए गए हैं, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

बैठक में पहुंचे कोहलियों में नरवाना कोहली वृजलाल चौधरी, घनां से मदन लाल, बलवंत कुमार, जगदीश चंद, स्वरूप चंद, देश राज, मस्त राम, तिलक राज, रमेश चंद, प्यार चंद, दलीप चंद, अजय कुमार, संसार चंद, रणजीत सिंह, सुरजीत कुमार, सकीमों देवी, बलवीर सिंह, फौजा राम, राज कुमार, रमेश चंद, जोगिंद्र सिंह, दुर्गा दास, हरवंश लाल, सुभाष चंद, कश्मीर सिंह आदि ने प्रदेश सरकार से निवेदन किया है कि कोहली कूहल सभा के सदस्यों के साथ अपना कीमती वक्त निकालकर एक मुलाकात की जाए और विचार-विमर्श किया जाए ताकि कोहलियों को उचित न्याय मिल सके।



























# कांग्रेस ने हमेशा महापुरुषों को वोट बैंक के लिए किया इस्तेमाल : कंगना

## जयराम बोले-2029 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

मंडी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत का कहना है कि चार जून को जहां देश में नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे , वहीं प्रदेश में जयराम ठाकुर भी फिर से मुख्यमंत्री का पद संभालेंगे। यह बात उन्होंने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के गृह क्षेत्र सराज के बालीचौकी में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर आयोजित सराज मंडल भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

इससे पहले बालीचौकी पहुंचने पर कंगना रनौत का स्वागत हुआ और


बालीचौकी में चुनावी हुंकार भरने पहुंची कंगना रनौत।

उन्होंने यहां पर रोड शो भी किया जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और कंगना रनौत खुली जीप में सवार होकर सभा स्थल तक पहुंचे। रास्ते में लोगों ने फूलों की बौछार कर दोनों का अभिनंदन किया।

बालीचौकी में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कंगना रनौत ने सीएम सुक्खू पर तंज कसते हुए कहा कि जिनसे अपनी सरकार नहीं संभाली जा रही वो प्रदेश को भला कैसे संभाल पाएंगे।

उन्होंने उपस्थित लोगों से संकल्प लेने को कहा कि वे भाजपा के पक्ष में मतदान करके केंद्र में मोदी और प्रदेश में जयराम ठाकुर की सरकार को लाने में अपना योगदान देंगे। अम्बेडकर जयंती पर कंगना ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही महापुरुषों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया लेकिन भाजपा ने हमेशा ही इन महापुरुषों का दिल से मान-सम्मान किया है।

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को कांग्रेस आज भी वोट बैंक की तरह इस्तेमाल कर रही है। आज के संकल्प पत्र के बाद तय है कि देश में एक ही गारंटी चलेगी वो है नरेंद्र मोदी की विकास की गारंटी। इस मौके पर मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष भागीरथ शर्मा सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# काशी मेले के लिए निकलेंगे महर्षि पराशर परमेश्वर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महर्षि पराशर का सुप्रसिद्ध काशी मेला बैशाख प्रविष्टे 13 व 14 को मनाया जाएगा। महर्षि पराशर मंदिर प्रबंधन कमेटी के प्रधान बलबीर ठाकुर ने बताया कि बैशाख प्रविष्टे 13 यानी 25 अप्रैल को बड़े महाराज पराशर परमेश्वर अपने दिव्य स्वरूप पालकी (खारा) में अपने मूल भंडार स्थान गांव बांधी स्नोर घाटी से सुबह 8 बजे अपने कारकून, पुजारी, भंडारी व हजारों देवलुओं के साथ अपनी तपोस्थली पराशर झील के लिए रवाना होंगे।

बलबीर ठाकुर ने बताया कि महर्षि पराशर परमेश्वर को देवताओं में अधिपति देवता माना जाता है इन्हें


महर्षि पराशर परमेश्वर का दिव्य स्वरूप।

सभी देवता, दादू नाम से संबोधित करते हैं।

महर्षि पराशर अपने दिव्य स्वरूप 'खारा' स्वरूप में वर्ष में केवल दो बार ही दर्शन देते हैं जिसमें प्रथम काशी मेला होता है। महर्षि पराशर का मूल भंडार स्थान बांधी गांव देव राजधानी से भी प्रसिद्ध है। काशी मेले के दिन बांधी गांव की सभी महिलाएं अपने अपने खेतों से 'जौ' की


बलबीर ठाकुर पुजारी।

फसल का एक भाग देवता द्वारा चिन्हित व्यक्ति के हाथों पराशर झील भेजती है और वहां पर फसल के उस भाग से भोग तैयार किया जाता है, जिसे सभी भक्तों में बांटा जाता है।

उन्होंने कहा कि महर्षि पराशर कुल्लू व मंडी जिला के अधिष्ठाता और मंडी राजवंश सहित रियासत के कुल देवता भी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### चांगर कॉलोनी में हेरोइन के साथ आरोपी काबू

**सुंदरनगर ।** जिला के बीएसएल पुलिस थाना की टीम ने चांगर कॉलोनी स्थित एक किराए के कमरे में मौजूद युवक से 2.96 ग्राम हैरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार स्थानीय पुलिस को क्षेत्र में बीते दिनों से शिकायतें मिल रही थी कि चांगर कॉलोनी में एक युवक नशे का कारोबार कर रहा है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक के चांगर कॉलोनी स्थित किराए के कमरे में दबीश दी तो उसके कब्जे से 2.46 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान राकेश कुमार पुत्र सुख राम निवासी गांव व डाकघर हरनोड़ा तहसील सदर जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### कंगना के पास नहीं कोई भी चुनावी मुद्दा : डिंपल



**मंडी ।** प्रदेश युथ कांग्रेस प्रवक्ता डिंपल शर्मा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के पास चुनाव लड़ने का कोई मुद्दा नहीं है। तभी सुर्खियों में रहने के लिए अनाप-शनाप बयानबाजी कर रही है। हम तो भाजपा प्रत्याशी से केवल यही पूछना चाहते हैं कि आप केंद्र सरकार की 10 वर्ष की बात करो। उन्होंने कहा कि भाजपा का अमृत काल जिसमें 80 करोड़ लोगों को 5 किलो राशन देना पड़ रहा है। आज वैश्विक भुखमरी सूचकांक में हम 111वें स्थान पर आ गए हैं। पाकिस्तान जिसका जाप सुबह-शाम मोदी जी और उनका प्रचारतंत्र करता है वो भी हमसे बेहतर स्थिति में है। भारत के सभी पड़ोसी देश हमसे अच्छी स्थिति में है। 10 वर्ष में ऐसी कौन सी तरक्की कर दी जो रुपया डॉलर के मुकाबले 58 पर कांग्रेस सरकार आपको सौंप गई, आज वो 83 पर जा पहुंचा।

### अमन बने सरध्वार युवक मंडल के प्रधान



**मंडी ।** बल्ह विधानसभा क्षेत्र के सरध्वार युवक मंडल की बैठक सामुदायिक भवन सरध्वार में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक सचिन सकलानी द्वारा की गई। इस दौरान सरध्वार युवक मंडल की नव कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अमन को प्रधान चुना गया। वहीं उपप्रधान मोहित चंदेल, सचिव साहिल ठाकुर, सहसचिव निखिल और कोषाध्यक्ष दीपक, लेखा परीक्षक भावना, सलाहकार तनुज, कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र, अमित, मीडिया प्रभारी जतिन और रोहित को चुना गया। बैठक में 20 युवाओं ने भाग लिया। बैठक में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी सचिन सकलानी, पूर्व प्रधान परम देव, महिला मंडल प्रधान चंपा देवी भी उपस्थित रहे।

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने मनाई अंबेडकर जयंती



**मंडी ।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडी मंडल द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर एक सम्मेलन का आयोजन अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज की अध्यक्षता में विश्वकर्मा मंदिर सराय में किया गया। जिस में सदर विधायक अनिल शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष कपूर और प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के महामंत्री चेतराम ने विशेष रूप से शिरकत की।

### वल्लभ कॉलेज में किया संगोष्ठी का आयोजन



**मंडी ।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग व एनसीसी एयर विंग ने भारत र डॉ. बीआर अंबेडकर के जन्म दिवस पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में ऑफिसर डॉ. चमन लाल क्रांति सिंह बतौर बीज वक्ता उपस्थित रहे। सहायक प्रो. डॉ. चमन ने विद्यार्थियों को कहा कि डॉ. बीआर अंबेडकर भारत में समावेशित पत्रकारिता के आधार स्तंभ है।

### 16 को पुलिस थाना बल्ह में होगी मां भगवती की चौकी

**नेरचौक ।** पुलिस थाना बल्ह परिसर में मां भगवती की चौकी एवं भंडारे का आयोजन मंगलवार 16 अप्रैल को किया जा रहा है। थाना प्रभारी पुरुषोत्तम धीमान ने बताया कि पुलिस थाना-रति बल्ह परिसर में सुबह साढ़े 10 बजे शांति हवन के साथ कार्यक्रम शुरू होगा उसके बाद माता की चौकी व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## देवभूमि क्षत्रिय संगठन ने महिलाओं के खिलाफ की बयानबाजी पर जताया रोष

# केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम का जलाया पुतला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

देवभूमि क्षत्रिय संगठन द्वारा मंडी के सेरी मंच पर प्रदेश अध्यक्ष रूमित सिंह की अगुवाई में राजपूत समाज ने पुरुषोत्तम रुपाला केंद्रीय मंत्री गुजरात का क्षत्रिय समाज व क्षत्रिय समाज की महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने पर कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पुतला जलाया।

रूमित सिंह ने बताया कि भाजपा केंद्रीय मंत्री द्वारा एक कार्यक्रम में कहा कि राजपूत बिरादरी कौन है जिसने मुगलों और अंग्रेजों के समक्ष अपनी बहन बेटियों को आगे कर राजपूत इतिहास बनाया और उन्होंने युद्ध के मैदान में कोई वीरता नहीं दिखाई। रूमित सिंह ने कहा कि इस बयान से पूरे देश का राजपूत समाज आक्रोश है। उन्होंने कहा कि राजपूत समाज में नेताओं की भाजपा सरकार द्वारा पगड़िया सिरों से उतरी जा रही है, पूरे देश में क्षत्रिय समाज द्वारा बायकॉट बीजेपी, कांग्रेस का नारा चला है, क्योंकि भाजपा कांग्रेस दोनों पार्टियों के राजपूत समाज के नेता इस बयान और आक्रोश पर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं



पुरुषोत्तम रुपाला का पुतला जलाते हुए देवभूमि क्षत्रिय संगठन के कार्यकर्ता।

दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बीजेपी कांग्रेस में राजपूत समाज से आने वाले नेताओं अनुराग ठाकुर, जयराम ठाकुर, प्रेम कुमार धूमल, कंगना रनौत, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुखू, अनिरुद्ध राणा, रोहित ठाकुर जैसे राजनेता भी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कंगना रनौत मंच पर तो कह देती है कि मैंने गौ मांस नहीं खाया है। रूमित ने कंगना रनौत से सवाल करते हुए कहा है कि यही बात मंदिर में चल कर कहें कि मैने मांस नहीं खाया है।

**रूमित सिंह बोले, बयान से पूरे देश के राजपूत समाज में आक्रोश**

### पुतला जलाने से पहले हुआ विवाद

पुतला जलाने से पहले सेरी मंच पर एक दम से पुलिस जवान इकट्ठा हो गए और सिटी चौकी के सब इंस्पेक्टर द्वारा रूमित सिंह को बिना प्रमिशन पुतला जलाने से मना किया। सब इंस्पेक्टर ने शांतिपूर्ण तरीके से कहा कि हमारा कार्य कानून व्यवस्था को बनाया रखना है प्रमिशन देना नहीं, लेकिन प्रशासन द्वारा सेरी मंच कि छत पर पुतला जलाने को मना किया गया था। जिसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने सेरी मंच के साथ लगती सड़क के कोने में पुतले को जलाया।


पुतला जलाने को लेकर पूछताछ करती पुलिस ।

# विरसू मेले में श्रद्धालुओं को मिला माता का आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

स्नोर घाटी के सबसे ऊंची चोटी तुंगा माता के मंदिर में विरसु बैसाखी पर्व मेले का आयोजन किया गया है। मेले के दौरान सैकड़ों श्रद्धालु माता का आशीर्वाद लेकर श्रद्धालु मन्नत चढ़ाते हैं। माता के भगत व स्नोर घाटी के युवा समाजसेवी ललित शर्मा ने बताया कि माता बड़ी साक्षात है जो दुखों का निवारण करती है।

माता के मंदिर तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को दो से अढ़ाई घंटे का पैदल सफर करना पड़ता है। बिरसु मेले के उपलक्ष्य पर सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर अपनी मन्नत चढ़ाई। माता के मंदिर में पहुंचने के लिए ज्वालापुर और


देवी तुंगा माता।

राहड़ी से पैदल सफर कर पहुंचना पड़ता है। तुंगा माता का मंदिर घनघोर जंगल में स्थित है, जहां चारों ओर का नजारा देखते ही बनता है।

## श्रीकांत शर्मा ने बल्ह व सरकाघाट में पदाधिकारियों संग की बैठक

**भंगरोटू।** बल्ह विधानसभा में भाजपा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बल्ह मंडल की बैठक नेरचौक में सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक इंद्र सिंह गांधी, व प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा और भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश के लोकसभा प्रभारी श्रीकांत शर्मा के साथ सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का परिचय करवाया गया।

श्रीकांत शर्मा ने लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को जरूरी निर्देश दिए और मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को सभी वर्गों तक पहुंचाया जा रहा है। मोदी केवल नाम नहीं खुद में एक गारंटी है उन्होंने जो वादे जनता से किए उनको दिन रात एक कर के पूरा किया।

# बोलेरो 150 फुट गहरी खाई में गिरी, दो घायल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

लडभड़ोल तहसील के जमथला लिंक रोड में रविवार को जमथला बस स्टैंड के पास एक बोलेरो गाड़ी 150 फुट गहरी खाई में पलटने से चालक और साथ में बैठे व्यक्ति को गंभीर चोटे आई हैं।



जानकारी अनुसार लडभड़ोल की तरफ से जा रही बोलेरो गाड़ी में चालक पवन कुमार निवासी सिमस अपने चाचा ब्रह्मदास के साथ जमथला में घर का कार्य देखने आए हुए थे। कार्य को देखने के बाद अपने घर गाड़ी में रवाना होने लगे, तो जमथला बस स्टैंड में डंगा धंसने की वजह से गाड़ी 150 फुट नीचे गहरी खाई में जा गिरी, जिस कारण चालक व उसके चाचा को गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें नागरिक अस्पताल लडभड़ोल गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उन्हें पालमपुर रेफर कर दिया गया है।

पुलिस चौकी प्रभारी ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस चौकी प्रभारी लडभड़ोल अनिल कटोच ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## लुहाखर पंचायत ने रखा शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य

**लेदा ।** ग्राम पंचायत लुहाखर द्वारा रविवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन स्वीप यानी मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर लोगों को जागरूक किया गया।

ग्राम पंचायत प्रधान टेकचंद ठाकुर द्वारा इस ग्राम सभा की अध्यक्षता की, जिसमें लोकसभा चुनावों के मद्देनजर लोगों से आवाहन किया कि हमारी पंचायत द्वारा इस बार शत-प्रतिशत मतदान करने का प्रयास किया जाएगा। इस विषय पर विस्तृत तौर पर चर्चा की गई।

# अध्यापकों को टीए व डीए दे शिक्षा बोर्ड : राजेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ मंडी जिला अध्यक्ष राजेश सैनी जिला महासचिव जय राम शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, विजय, अजय ठाकुर, ललित कुमार , वित्त सचिव देवेन्द्र कुमार, मुख्य प्रवक्ता इंद्र सिंह, चीफ मेंटर रंगीला राम, मुख्य प्रेस सचिव उमेश, मुख्य कानूनी सलाहकार सूरज, महिला विंग की सलाहकार पूनम, अध्यक्ष ललिता, मुख्यालय सचिव सुख राम, कार्रवाई समिति अध्यक्ष मुकेश, मुख्य संगठन सचिव कमलेश, मुख्य वेव सचिव विपिन सैनी, राजेश राव, महेंद्र, रश्मि सोनी, सह सचिव विनोद कुमार आदि ने शिक्षा बोर्ड से मूल्यांकन के लिए जाने वाले शिक्षकों को टीए व डीए देने की मांग की है।

राजेश सैनी ने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं के लिए जो केंद्र बनाए गए है व 30 किमी के दायरे में है, इसलिए जो भी शिक्षक 30 किमी के दायरे में सेवा दे रहे है वे पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे है।

इन विद्यालयों से अगर कोई शिक्षक मूल्यांकन के लिए जाता है तो उसे आने व जाने के लिए 100 से 140 रुपए बस किराया देना पड़ेगा और 100 से 120 रुपए खाने के चुकाने पड़ेंगे।

अगर वह दिन में 30 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करता है तो उसे दिन के लगभग 300 रुपए मिलेंगे। इस तरह से अध्यापक को दिन में 40 से 100 रुपए बचेंगे। वो भी शिक्षा बोर्ड एक-एक साल शिक्षक संगठनों द्वारा बार-बार मांग करने के बाद खाते में डाले जाते हैं। इससे उन शिक्षकों को कोई वित्तीय लाभ नहीं होगा।

यही कारण है कि आज कोई भी शिक्षक मूल्यांकन में रुचि नहीं दिखा रहा है। अतः स्कूल प्रवक्ता संघ बोर्ड से मांग करता है कि मूल्यांकन के लिए जाने वाले शिक्षकों को पहले तरह टीए व डीए दिया जाए।

# छात्रों को लूटना बंद करे प्रदेश सरकार : एबीवीपी


प्रदेश महामंत्री विशाल।

**मंडी ।** एबीवीपी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश सहमंत्री विशाल ठाकुर ने बयान जारी करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अपने छात्र विरोधी निर्णयों को लेने से बाज नहीं आ रही है और दिन प्रतिदिन नए-नए नियमों के साथ छात्रों पर भारी भरकम फीस के साथ बोझ डालती आ रही है।

उन्होंने कहा कि नए सत्र से बीएड करने वाले विद्यार्थियों को बड़ी हुई फीस दरों का झटका लगने जा रहा है सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी ने अपने अधीन आने वाले निजी बीएड कॉलेजों में 20000 फीस बढ़ा दी है। इसकी अधिसूचना 3 फरवरी को उच्च शिक्षा निदेशक से विवि को मिली थी अधिसूचना के आधार पर ही फीस में बढ़ोतरी की गई है। नए सत्र से बीएड में फीस वृद्धि को लेकर सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी ने अपने अधीन आने वाले निजी बीएड कॉलेजों में फीस बढ़ाने का जो निर्णय लिया गया है वह दुर्भाग्य पूर्ण है। एबीवीपी द्वारा सरदार पटेल विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि इस निर्णय को तुरंत वापस ले ताकि छात्रों को नए सत्र में फीस वृद्धि का बोझ न झेलना पड़े।

# मुन्दड़ू गांव में रोहतक के सोमवीर ने जीती बड़ी माली


कर्णवीर सिंह को एसडीएम नियुक्त होने पर सम्मानित करते कमेटी सदस्य।

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**


बल्ह उपमंडल के ग्राम पंचायत ट्रोह के मुन्दड़ू गांव में स्थानीय छिंज कमेटी द्वारा एक छिंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कुश्ती प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर सर्वप्रथम ट्रोह पंचायत के प्रधान पदम ठाकुर और सचिव रुप सिंह ठाकुर ने स्थानीय युवक कर्णवीर सिंह ठाकुर के एसडीएम नियुक्त होने पर उन्हें सम्मानित किया।

इस प्रतियोगिता में बड़ी माली के विजेता रोहतक के सोमवीर रहे जबकि उपविजेता अमृतसर के बसंत। जबकि छोटी माली के विजेता कैथल के संजय तथा उपविजेता दिल्ली के मलिक रहे।

## बालक-बालिकाओं के करवाए यज्ञोपवीत संस्कार

**मंडी ।** ब्राह्मण सभा मंडी द्वारा संस्कार भवन जेल रोड में आयोजित सामूहिक मुंडन, यज्ञोपवीत व कुनाली संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया। सभा के महासचिव प्रकाश चंद शर्मा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी इसका आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 12 बालक बालिकाओं के कुनाली, यज्ञोपवीत व मुंडन संस्कार कर्मकांडी विद्वान पंडितों द्वारा संपन्न करवाए गए।

इस मौके पर ब्राह्मण सभा के प्रधान हरीश कुमार शर्मा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष गुण प्रकाश शर्मा, महासचिव प्रकाश चंद शर्मा, माया शर्मा, गीतांजलि शर्मा, मंजुला शर्मा तथा महिला विंग की गिरिजा शर्मा ने भाग लिया।




**जयंती** | गांधी भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में बोले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष

# मोदी सरकार की संविधान के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं : कौल सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

संविधान रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर जिला स्तरीय समारोह गांधी भवन में अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के सौजन्य में आयोजित किया गया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौल सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर कहा कि संविधान के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर एपीएमसी के चेयरमैन संजीव गुलेरिया, अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता चमन राही,


डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के दौरान संकल्प लेते पदाधिकारी।

अनुसूचित जाति विभाग जिलाध्यक्ष कर्मचंद भाटिया, राज्य उपाध्यक्ष नरोत्तम राम, जिला सेवादल अध्यक्ष प्रेम लाल आदि ने अंबेडकर जयंती पर संकल्प लिया कि केंद्र में मोदी सरकार की दलित, अल्पसंख्यक और कमजोर तबके के खिलाफ जन विरोधी नीतियों के लिए खिलाफ मत व्यक्त करने का निर्णय लिया।

### पीएम मोदी ने किया सबका शोषण

**अखिल** भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि संगोष्ठी में सभी नेताओं ने अपने विचार रखे और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व में हजारों किलोमीटर की यात्राओं के दौरान पूरे देश में दबे कुचले लोगों ने अपने दर्द बयां किए तदोपरांत कांग्रेस ने न्यायपत्र 2024 निकाला है।

### भारत को मिला है सर्वोच्च संविधान

**पूर्व** विधानसभा अध्यक्ष कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि 138 साल की यात्रा के हर चरण में कांग्रेस देश के सभी लोगों की समस्याओं विकास, आकांक्षाओं और आशाओं एवं उम्मीदों के साथ खड़ी रही है। महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी नेताओं की बुद्धिमता और डॉ. अंबेडकर और अन्य संविधान समिति के सदस्यों ने भारत का सर्वोच्च संविधान दिया है।

## दलितों को कांग्रेस ने सिर्फ वोट बैंक तक सीमित रखा : राकेश



**सुंदरनगर ।** भाजपा मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने भारत रतन डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर के पौड़ाकोठी में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। राकेश जंवाल ने डॉ. भीम राव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दलितों, पिछड़ों और आदिवासी समाज को कांग्रेस ने सदैव इन्हें सिर्फ वोट बैंक तक सीमित रखा।

यदि तुम प्रभु में सर्वदा पूर्ण विश्वास बनाकर रखोगे, तो तुम्हें उनकी अनुकंपा अवश्य ही प्राप्त होगी। -सत्य साई बाबा



## संपादकीय

# हिमालय की ऊंचाइयों को छूता हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। एक छोटा-सा परंतु प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण यह राज्य हिमालय पर्वत की गोद में स्थित है। 15 अप्रैल, 1948 को अस्तित्व में आया यह पहाड़ी राज्य उस पर्वत श्रृंखला में पड़ता है, जो कि विश्व में सबसे कम आयु वाली हैं। हिमालय केवल हिमाचल ही नहीं, पूरे भारत वर्ष की शान है। भू-वैज्ञानिकों की मानें तो मानव का पृथ्वी पर एक लाख वर्ष का जीवन मात्र एक पलक झपकने के समान है और हिमालय का बनना मात्र साठ सेकेंड के बराबर। बीसवीं शताब्दी के सातवें दशक में ही वैज्ञानिक कहने लगे थे कि भारत की सीमाएं कभी अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका महाद्वीपों से लगती थीं। इस महान द्वीप का नाम उन्होंने 'गोंडवाना' कल्पित किया। इस नाम का आधार आधुनिक मध्य प्रदेश के गोंडजन से है। लगभग दस करोड़ वर्ष पूर्व भारत अपने अन्य महाद्वीपीय भागों से अलग होकर पुराने टेथीस सागर को अपने 12 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष की रफ्तार से बढ़कर एशिया से टकराने जा रहा था। एशिया महाद्वीप तक पहुंचने और प्रथम टकराहट में इसे छह करोड़ वर्ष लगे और छह हजार किलोमीटर का सफर तय करना पड़ा था। इस टकराहट के साथ हिमालय का जन्म आधुनिक लद्दाख के 'लाटो' नामक स्थान पर हुआ। रोचक स्थिति यह है कि टेथीस सागर के लुप्त होते और दो महाद्वीपों-एशिया और भारत की टकराहट के आंखों दिखते प्रमाण हिमाचल के स्पीति, किन्नौर और रामपुर में मिलते हैं। यहां के लोगों की अपनी एक अलग पहचान और संस्कृति है, जो उतनी ही पुरातन है, जितना कि हिमालय पर्वत। हिमाचल के लोग भी हिमालय की तरह ही मजबूत और शांत हैं। मेहनत, ईमानदारी और भोला स्वभाव इनकी पहचान है।

**हिमाचल दिवस विशेष**

1948 को अस्तित्व में आया यह राज्य आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। अपनी स्थापना से लेकर अब तक इस राज्य ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। शिक्षा हो या खेल, फार्मा उद्योग हो या फिर पर्यटन हिमाचल देश भर में अपनी खास पहचान बना चुका है। हिमाचल का औद्योगिक क्षेत्र बद्दी फार्मा हब बन चुका है और एशिया में सबसे ज्यादा दवाइयों का उत्पादन यहीं होता है। यह राज्य शिक्षा के साथ ही खेल जगत में भी खूब नाम कमा रहा है। क्रिकेट हो या कबड्डी इस राज्य के होनहार हर क्षेत्र में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। यहां के लोग साहसिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। एवरेस्ट हो या फिर दुनिया की कोई और ऊंची चोटी, यहां के पर्वतारोहियों ने हर चोटी को फतह किया है। यहां के लोग किसानी-बागवानी के साथ ही सर्विस सेक्टर में भी खूब नाम कमा रहे हैं।

राज्य सरकारों ने भी इस राज्य को दुनिया का पर्यटन हब बनाने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं। भाजपा हो चाहे कांग्रेस दोनों ही सरकारों ने पर्यटन पर पूरा फोकस किया है। पर्यटकों को आकर्षित करने और उन्हें आधुनिक सुविधाएं देने के लिए सरकारें प्रतिबद्ध रही हैं। आज का दिन राज्य की उपलब्धियों को याद करने का दिन है। यह दिन हिमाचल की विकास गाथा को जानने का दिन है। राजधानी शिमला में मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय समारोह के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। इस बार पुलिस, होमगार्ड, एनएसएस सहित कुल 14 टुकड़ियां परेड में शामिल होंगी। पुलिस और होमगार्ड बैंड सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम खासे आकर्षण का केंद्र रहेंगे। हालांकि, आचार संहिता के कारण इस बार दूसरे राज्यों की टुकड़ियां परेड में हिस्सा नहीं लेंगी। पुलिस परेड के अलावा हिमाचल के अलग-अलग जिलों के सांस्कृतिक दल भी कार्यक्रम में संस्कृति की झलक दिखाएंगे। इन दलों के कालाकारों ने भी अपनी पूरी तैयारी कर रखी है।

# विकास के पथ पर जमे हिमाचल प्रदेश के पांव

प्रकृति की गोद में बसा हिमाचल प्रदेश खूबसूरती का नायाब नगीना है। यहां के पहाड़ सबको आकर्षित करते हैं और साफ वातावरण तथा ठंडी हवा सुकून देती है। हिमाचल प्रदेश का नाम संस्कृत के विद्वान आचार्य दिवाकर दत्त शर्मा ने दिया था। हिमाचल शब्द हिम+अचल से मिलकर बना है। हिम का अर्थ बर्फ और अचल का अर्थ है पर्वत यानी बर्फीली पहाड़ी में बसा प्रदेश। 15 अप्रैल, 1948 को स्थापित हिमाचल प्रदेश भारत के उत्तरी क्षेत्र में स्थित है। यह पहाड़ी राज्य उत्तर में जम्मू-कश्मीर से, दक्षिण-पश्चिम में पंजाब से, दक्षिण में हरियाणा से, दक्षिण-पूर्व में उत्तराखंड से तथा पूर्व में तिब्बत (चीन) की सीमाओं से घिरा है। इस सुंदर पहाड़ी प्रदेश ने 76 साल के सफर में कई उतार-चढ़ाव देखे। छोटे और सधे कदमों से सफर शुरू करने वाले हिमाचल के पांव अब विकास के पथ पर जम गए हैं। हिमाचल आज प्रगतिशील प्रदेशों में शुमार है। खुशी की बात है कि हिमाचल विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। पहाड़ों में तो हिमाचल अव्वल है ही, लेकिन साथ ही अन्य राज्यों को भी अपने विकास से टक्कर दे रहा है। देश की आजादी के आठ महीने बाद 15 अप्रैल, 1948 को यह सुंदर पहाड़ी प्रदेश 30 छोटी-बड़ी रियासतों के विलय के साथ केंद्र शासित चीफ कमिश्नर प्रोविंस के रूप में अस्तित्व में आया। हिमाचल प्रदेश को अलग राज्य के रूप में स्थापित करने का श्रेय तत्कालीन नेतृत्व के साथ प्रजामंडल आंदोलन के नायकों और आंदोलनकारियों को जाता है। हिमाचल प्रदेश के गौरवमयी इतिहास में धामी गोली कांड और सुकेत सत्याग्रह आंदोलन का भी विशेष स्थान है।

### डॉ. यशवंत सिंह परमार की अहम भूमिका

**हिमाचल** दिवस के मौके पर हिमाचल निर्माता और प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार के साथ उन महानुभावों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना हम सबका फर्ज है, क्योंकि उनके अथक प्रयासों के बूते ही यह पहाड़ी प्रदेश बन पाया। उनके बिना यह एकता संभव नहीं थी। उन्होंने नीतियां बनाईं और राज्य में विकास की दिशा में मदद की। उन्होंने प्रजामंडल आंदोलन और भूमि सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आंदोलन में भारतीय संघ के साथ सामंती राज्यों का एकीकरण शामिल है जिसने पहले उन्हें राज्य के लिए इस विकास पथ को आकार देने में मदद की थी। हिमाचल की पहचान देवभूमि और वीर भूमि के रूप में है। देवभूमि निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है।

### 1971 में पूर्ण राज्य बना हिमाचल

**31** जुलाई, 1970 को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने लोकसभा में हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की घोषणा की और इसके बाद दिसंबर, 1970 में संसद में 'स्टेट ऑफ हिमाचल प्रदेश एक्ट 1971' पेश करके पास किया। 25 जनवरी, 1971 को इंदिरा गांधी ने शिमला आकर रिज मैदान में बर्फबारी के बीच हजारों हिमाचल वासियों के सम्मुख हिमाचल प्रदेश को 18वां पूर्ण राज्य घाषित किया। इसके बाद से इस छोटे से राज्य ने विकास के मामले में कई बड़े राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया।

### प्रति व्यक्ति आय बढ़ी

**हिमाचल** की प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी हुई है और यह अब 2 लाख 35 हजार 199 रुपए पहुंच गई है। इससे पहले 2022-23 में हिमाचल की प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 18 हजार 788 रुपए थी। हिमाचल की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति आय से 49 हजार 345 रुपए अधिक है। 2022-23 में 6.9 फीसदी वृद्धि दर थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान जीडीपी में वृद्धि वित्तीय वर्ष 2022-23 के 114 प्रतिशत की तुलना में 8.2 प्रतिशत अनुमानित है।



समरजीत
संपादक
अनंत ज्ञान समाचार पत्र

**हिमाचल दिवस विशेष**

### गरीबी से उभर रहे लोग

**हिमाचल** में गरीबी दर 2013-14 में 10.14 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 3.88 प्रतिशत रह गई है। इस दौरान लगभग 4.67 लाख लोग गरीबी से उभरे हैं। हिमाचल प्रदेश में लगातार सैलानियों की संख्या भी बढ़ी है। प्रदेश में 2023 में 1.60 करोड़ सैलानी पहुंचे, जबकि बीते सालों में कोरोना के चलते यह आंकड़ा 2020 में 32 लाख, 2021 में 56 लाख, 2022 में 1.51 करोड़ था।

### 24 हजार मेगावाट की बिजली परियोजनाएं

**बिजली** परियोजनाएं हिमाचल प्रदेश की आय का प्रमुख स्रोत हैं। मौजूदा समय में प्रदेश में 24 हजार मेगावाट की बिजली परियोजनाएं चल रही हैं और इनमें से सात फीसदी पर हिमाचल प्रदेश का नियंत्रण है। हिमाचल प्रदेश अपने पनबिजली संसाधनों में बेहद समृद्ध है। बिजली उत्पादन के मामले में भारत की कुल क्षमता का करीब 25 फीसदी इसी राज्य में है। प्रदेश सरकार बिजली उत्पादन से आर्थिकी बढ़ाने में निरंतर प्रयासरत है।

### डेढ़ लाख किलोमीटर सड़कें

**हिमाचल** में सड़कों की लंबाई 96 हजार से बढ़कर डेढ़ लाख किलोमीटर हो गई है। शुरुआत में हिमाचल में सड़कों की लंबाई सिर्फ ढाई सौ किलोमीटर ही हुआ करती थी, लेकिन समय के साथ मांग बढ़ती गई और सड़कों का जाल बिछता गया। हिमाचल प्रदेश सरकार ने हर दुर्गम गांव तक सड़कें पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा प्रदेश सरकार नए पुलों के निर्माण को भी तवज्जो दे रही है।

### अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की दरकार

**पहाड़ी** राज्य होने की वजह से हिमाचल घूमने आने वाले लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतें होती हैं। सफर महंगा है और समय भी ज्यादा लग जाता है। ज्यादातर आवागमन बस के जरिए होता है। कुछ लोग ट्रेन से भी हिमाचल जाते हैं, लेकिन बहुत कम लोग ऐसे होते हैं तो फ्लाइट लेकर हिमाचल जाने के बारे में सोचते हैं। हिमाचल में इस समय कुल तीन एयरपोर्ट्स हैं जो तीन अलग-अलग जगहों पर स्थित हैं। कुल्लू में भुंतर एयरपोर्ट, शिमला में जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट तो कांगड़ा के गगल में भी एयरपोर्ट है। गगल एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने की ओर कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

### बेरोजगारी दर सबसे कम 4.4 प्रतिशत

**हिमाचल** में 54.8 प्रतिशत महिलाएं पड़ोसी राज्यों और अखिल भारतीय स्तर की तुलना में आर्थिक गतिविधियों में अधिक सक्रिय हैं। हिमाचल में बेरोजगारी दर सबसे कम 4.4 प्रतिशत है, जबकि उत्तराखंड में 4.5 प्रतिशत, पंजाब और हरियाणा में यह 6.1 प्रतिशत है।

### हिमाचल विधानसभा पेपरलेस

**यह** बड़े गर्व की बात है कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा देशभर में सबसे पहले पेपरलेस हुई। यहां सारा काम ऑनलाइन और पेपरलेस होता है। यहां साक्षरता दर करीब 87 फीसदी है। हिमाचल में स्कूलों की संख्या करीब ग्यारह हजार हो गई है, जबकि कॉलेजों की संख्या आठ सौ के आसपास है।

### भौगोलिक परिस्थितियां और दुश्वारियां

**हिमाचल** में कई इलाके ऐसे हैं, जिनकी कठिन भौगोलिक परिस्थितियां हैं। फिर भी इन सब बाधाओं को पार करते हुए हिमाचल विकास व उपलब्धियों के कई पड़ाव पार करता जा रहा है, लेकिन अभी भी उसके समक्ष कई चुनौतियां पहाड़ जैसी खड़ी हैं। जनसमस्याएं ऐसी हैं, जिनसे पार पाना किसी चुनौती से कम नहीं है। कई सरकारें आईं और चली गईं, लेकिन समाधान आज तक नहीं निकल पाया। इस वजह से हिमाचल के लोग मायूस रहते हैं।

### कर्ज का बढ़ता बोझ

**आर्थिक** मोर्चे पर हिमाचल प्रदेश की स्थिति बहुत ही दयनीय है। प्रदेश की हालत आमदनी अट्ठन्नी और खर्चा रुपया वाली हो गई। सरकार कर्ज के सहारे चल रही है। मौजूदा समय में प्रदेश पर 80 हजार करोड़ रुपए का कर्ज हो गया है। प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने 1100 करोड़ का कर्ज लेने के लिए आरबीआई के पास आवेदन किया है। वर्तमान सरकार ने बीते करीब सवा साल के दौरान अब तक 13400 करोड़ का कर्ज ले लिया है। पिछला कर्जा चुकता नहीं है और अगला ले लिया जाता है। यह चक्र इसी तरह चलता रहता है।

### कमजोर रेलवे नेटवर्क

**ब्रिटिशकाल** में हिमाचल में मुख्यत: दो प्रमुख पर्यटन शहर शिमला व धर्मशाला आजादी से पहले ट्रेन सुविधा से जोड़े गए थे। कालका से शिमला व पठानकोट से जोगिंद्रनगर जोड़े तो गए, लेकिन आज तक इन रेलवे लाइनों को आगे बढ़ाने में कोई काम नहीं हुआ। अंग्रेजों ने पहले 1903 में कालका-शिमला ट्रैक बनाया। इसके बाद 1928 में 180 किलोमीटर लंबा पठानकोट-जोगिंद्रनगर ट्रैक शुरू किया। इन दोनों रूटों पर अब भी टॉय ट्रेनें ही चलती हैं। हालांकि कालका-शिमला ट्रैक को 2007 में हेरिटेज ट्रैक का दर्जा मिला है, जबकि 2008 में इसे यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज का दर्जा दिया है।

### प्रदेश में कैंसर का इलाज मुफ्त

**छोटे** से पहाड़ी प्रदेश में करीब साढ़े तीन हजार स्वास्थ्य संस्थान हैं। बिलासपुर एम्स के खुलने से लोगों को काफी सुविधाएं मिली रही हैं। छह मेडिकल कॉलेजों सहित रीजनल कैंसर सेंटर की सुविधा भी है। हिमाचल प्रदेश में कैंसर का इलाज मुफ्त किया जाता है। टांडा मेडिकल कॉलेज के ऊपर छह जिलों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने का जिम्मा है। शिमला स्थित आईजीएमसी अस्पताल भी स्वास्थ्य सुविधाएं देने के मामले में प्रदेश के नंबर वन स्वास्थ्य संस्थानों में शुमार है।

### छलनी होते पहाड़

**व्यावसायिक** गतिविधियों के कारण पहाड़ों को काटने का काम जारी है। फोरलेन निर्माण ने तो हिमाचल की सूरत ही बदल दी है। पहाड़ लगातार छलनी होते जा रहे हैं, जिससे पारिस्थितिकी संतुलन बिगड़ता जा रहा है। बरसात में आपदाएं आती हैं और हजारों लोग बेवजह मारे जाते हैं। जंगलों का सबसे ज्यादा विनाश बिजली परियोजनाओं की वजह से हो रहा है। बिजली परियोजनाओं के लिए सैकड़ों पेड़ों की बलि ले ली जाती है।

### पेयजल संकट सबसे बड़ी परेशानी

**प्रदेश** में सतलुज, ब्यास, चिनाब और रावी जैसी बड़ी नदियों सहित करीब दर्जन भर छोटी नदियां व सहायक नदियां, सैकड़ों खड्डें होने के बावजूद सिंचाई व पीने के लिए पानी का पर्याप्त इंतजाम अभी तक की सरकारें नहीं कर सकी हैं। शिमला शहर में गर्मियों में हर साल पेयजल संकट का मुद्दा गरमाया रहता है। वहीं, प्रदेश की कृषि योग्य भूमि में से करीब 18 फीसदी में ही सिंचाई की व्यवस्था है। शिमला शहर में रोज 48 से 50 एमएलडी पानी की जरूरत है। पर्यटन सीजन में दो से चार एमएलडी अतिरिक्त पानी की जरूरत पड़ती है। सिरमौर, घुमारवीं और झंडूता तथा कांगड़ा जिले में मौजूदा समय में पेयजल संकट छाया हुआ है।

### जन्नत का एहसास है हिमाचल

**हिमाचल** में चाहे लाख दिक्कतें हों, लेकिन फिर भी यहां जन्नत का एहसास है। यही वजह है कि हिमाचल हर किसी के लिए खास है। यहां देवों का निवास है और उनके रहते कुछ अशुभ नहीं होता। जो लोग हिमाचल में जन्मे हैं वह वाकई बड़े भाग्यशाली हैं। हिम के आंचल में जिंदगी बिताने का अवसर कम ही लोगों को मिलता है। आओ, हिमाचल दिवस के पावन मौके पर हिमाचल को विकास के पथ पर और आगे ले जाने की सौगंध लें। **-जय हिमाचल**

# 'हिमाचल दिवस' राज्य की गौरव गाथा की याद दिलाने वाला दिन

हिमाचल प्रदेश की स्थापना 15 अप्रैल, 1948 को हुई थी, तब से लेकर हर साल इस दिन को हिमाचल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को सभी नागरिकों द्वारा गौरवपूर्ण तरीके से मनाया जाता है, जिसमें स्थानीय गाने, नृत्य, परंपरागत खेल और आदिवासी विरासत का प्रदर्शन शामिल होता है। यह दिन हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में गर्व और गौरव का प्रतीक है, जो उसकी स्थानीय विरासत, संस्कृति और ऐतिहासिक महत्व को मान्यता देता है। 15 अप्रैल को हिमाचल प्रदेश की गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और विरासत को याद करते हुए मनाया जाता है तथा यह दिन प्रदेश के विकास और प्रगति की दिशा में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि को याद दिलाता है। हिमाचल प्रदेश की स्थापना 15 अप्रैल, 1948 में की गई थी जब इसे एक अलग राज्य के रूप में पहचान मिली थी।



**लेखक : हरजीव कुमार**
अनंत ज्ञान समाचार पत्र

**हिमाचल दिवस विशेष**

***राज्य से जुड़ी 11 रोचक बातें***

*1. 'हिमाचल प्रदेश' नाम संस्कृत के विद्वान आचार्य दिवाकर दत्त शर्मा ने दिया था। हिमाचल दो शब्दों से मिलकर बना है- हिम+अचल। हिम यानी बर्फ और अचल यानी पहाड़।*

*2. हिमाचल प्रदेश भारत का 18वां राज्य बना था। इसमें 28 पहाड़ी रियासतें मिलाई गई थीं।*

*3. हिमाचल प्रदेश 'देवभूमि' कहलाता है, क्योंकि यहां गांव-गांव में देवता व मंदिर हैं। साथ ही हर जगह लोकप्रिय मेले और त्योहार आदि मनाए जाते हैं।*

*4. राज्य की इकॉनमी तीन चीजों पर निर्भर करती है- बिजली, पर्यटन और खेती व बागवानी।*

*5. देश में पॉलिथीन और तंबाकू पर बैन लगाने के बाद उसे सही तरीके से लागू करने में हिमाचल प्रदेश सबसे आगे है।*

*6. धर्मशाला स्थित एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम दुनिया के सबसे सुंदर क्रिकेट स्टेडियम में से एक है।*

*7. हिमाचल प्रदेश की आधिकारिक भाषा हिंदी और अंग्रेजी है, लेकिन पहाड़ी भाषाओं का भी बोलचाल में बड़ा प्रभाव है।*

*8. कांगड़ा का बिलिंग (बीड़) पूरी दुनिया में पैराग्लाइडिंग के लिए मशहूर है। यहां से उड़ान भरने के लिए देश-विदेश से सैकड़ों पायलट आते हैं।*

*9. हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक भोज को 'धाम' कहा जाता है। विशेष ढंग से बनाए गए व्यंजनों को पत्तों की थाली में परोसकर जमीन पर बैठकर खाते हैं।*

*10. जिला लाहौल-स्पीति की स्पीति घाटी में स्थापित टशीगंग पोलिंग स्टेशन दुनिया का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है। यह समुद्र तल से 15256 फुट की ऊंचाई पर स्थित है।*

**( ये लेखक के अपने निजी विचार हैं )**

# हिमाचल प्रदेश निरंतर विकास पथ पर अग्रसर

प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण हिमाचल प्रदेश आज निरंतर विकास पथ पर अग्रसर है। यह राज्य भारत देश का एक अति सुंदर प्रदेश है। इसकी सुंदरता की जितनी प्रशंसा की जाए, उतनी ही कम है। हिमाचल प्रदेश की स्थापना 15 अप्रैल को 1948 में करीब 30 रियासतों को मिलाकर की गई थी, लेकिन इसे पूर्ण राज्य का दर्जा काफी समय बाद मिला था। जब इसे पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिला था तो यह केंद्रशासित राज्य के नाम से जाना जाता था। स्थापना के कुछ साल बाद इसे पूर्ण राज्य बनाए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी थी। जनता की मांग पर आखिर 25 जनवरी, 1971 को केंद्र सरकार ने इसे पूर्ण राज्य का दर्जा दे दिया था। पूर्ण राज्य बनने के उपरांत यह पहाड़ी राज्य नित विकास के नए आयाम स्थापित करने लगा। केंद्र सरकारें सदैव पहाड़ी राज्य पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखती हैं।

यहां मनाए जाने वाले त्योहारों में लोहड़ी, होली, वसंत पंचमी, शिवरात्रि, नलवाड़ी मेला और बैसाखी आदि प्रमुख हैं। यहां कांगड़ी, पहाड़ी, पंजाबी, मंडियाली के अलावा कई बोलियां बोली जाती हैं। हिमाचल प्रदेश पांच नदियों चंद्रभागा, चिनाव, रावी, ब्यास और सतलुज के संगम से मिलकर बना है। विधानसभा में कुल 68 विधानसभ हलके, चार लोकसभा क्षेत्र और तीन राज्यसभा क्षेत्र हैं। हिमाचल प्रदेश के उच्च न्यायालय की स्थापना 1971 को हुई थी।

प्रदेश में सड़कों की लंबाई लगभग डेढ़ लाख किलोमीटर बताई जाती है। यहां दो रेलमार्ग पठानकोट-जोगिंद्रनगर और शिमला -कालका हैं, दोनों ही यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल हैं। इस पहाड़ी राज्य की 90 फीसदी आबादी गांवों और छोटे कस्बों में रहती है।

प्रकृति की गोद में रहने के लिए हिमाचल प्रदेश से बेहतरीन कोई और दूसरा स्थान नहीं हो सकता है। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था बिजली, पर्यटन, खेतीबाड़ी और बागवानी पर निर्भर है। प्रदेश में बड़े पैमाने पर बिजली तैयार करके अन्य राज्यों को बेचकर राजस्व कमाया जाता है। यह बात अलग है कि जिस राज्य में बिजली उत्पादन होता, वहां की जनता को कोई खास सुविधा नहीं है। प्रदेश की अधिकांश जनता खेतीबाड़ी करके अपना जीवन यापन करती है। गेहूं, मक्की, धान, सब्जियां और बागवानी लोगों की आय के प्रमुख स्रोत हैं।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

**हिमाचल दिवस विशेष**

पहाड़ के लोग जितने मेहनती होते हैं, उतने ही ईमानदार छवि के मालिक भी होते हैं। बागवान आम, संतरा, लीची, सेब की खेतीबाड़ी करके भी इसे अपनी आजीविका का साधन बनाए हुए हैं। हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, ऐसे में इसे पर्यटन की दृष्टि से और विकसित कर लाखों युवाओं को रोजगार मुहैया करवाने के अलावा प्रदेश की आर्थिकी को मजबूती प्रदान की जा सकती है। प्रदेश में कनेक्टिविटी की समस्या है, जो कि इसके पर्यटन उद्योग के उत्थान में एक बहुत बड़ा रोड़ा है।

यहां दो रेल लाइनें शिमला-कालका और पठानकोट-जोगिंद्रनगर हैं, परंतु पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल रूट की हालत बहुत दयनीय है। साल में यह रूट चार-पांच महीने तो बंद ही रहता है। वहीं, यहां तीन हवाई अड्डे हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की दरकार होने की वजह से यह राज्य पर्यटन के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पा रहा है। पर्यटकों को लुभाने के लिए पहाड़, नदियां, जंगल, डैम, चिड़ियाघर, धार्मिक मंदिर, नामी शहर, खजियार, बीड़ बिलिंग पूरी दुनिया में पैराग्लाइडिंग के लिए मशहूर है।

यहां देखने लायक बहुत से रमणीक स्थल हैं, लेकिन बेहतर कनेक्टिविटी न होने के कारण यहां की सरकारें न तो युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मुहैया करवा पा रही है और न सरकारी खजाने को भरने में कामयाब हो पा रही है। हैरानी की बात यह कि विदेशी लोग प्राकृतिक सौंदर्य को देखने के लिए हिमाचल प्रदेश की ओर रुख कर रहे हैं, वहीं हिमाचली लोग विदेश घूमने के नाम पर अपनी जेबें खाली करते जा रहे हैं। पहाड़ी राज्य में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन कनेक्टिविटी समस्या की वजह से कोई भी सरकार सफल नहीं हो पा रही है। राज्य की वर्तमान सरकार हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को विकसित करने के लिए प्रयासरत है। सरकार ने राज्य के कांगड़ा जिले को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाने की घोषणा की है और यह बीड़ा खुद प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उठाया है। कांगड़ा में कई पर्यटन प्रोजेक्टों पर काम शुरू किया गया है। यहां गगल एयरपोर्ट के विस्तार की परियोजना पर काम चल रहा है। कांगड़ा जिले के देहरा मंडल के तहत बनखंडी में चिड़ियाघर बनाने का नींव पत्थर रखा गया है। जल्द ही इसका कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

यहां के मंदिरों का सौंदर्यीकरण करने के लिए भी सरकार काफी संजीदा है। देव दर्शन योजना के तहत यहां धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर फोकस किया जा रहा है। मंदिरों के लिए स्पेशल बस सेवाएं शुरू की गई हैं, जिससे पर्यटकों को काफी सुविधा मिल रही है। हिमाचल प्रदेश को औद्योगिक रूप से विकसित करने के लिए भी सरकार विदेशी कंपनियों साथ एमओयू साइन कर चुकी है। ये कंपनियां हिमाचल में निवेश करने की हामी भी भर चुकी हैं। सरकार के पयास सफल रहे तो आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश विकास की गाथा जरूर लिखेगा।

**( ये लेखक के अपने निजी विचार हैं )**

# हिमाचल के समृद्ध इतिहास को अद्वितीय रीति-रिवाजों के साथ मनाने का दिवस

आज यानी 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस है, यह उस दिन को चिह्नित करता है जब 1948 में कई रियासतों को एक इकाई में विलय करके आधिकारिक तौर पर राज्य का गठन किया गया था। हिमाचल प्रदेश, जिसे देवताओं की भूमि भी कहा जाता है, अपनी आश्चर्यजनक प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए जाना जाता है।

हिमाचल का गठन बिलासपुर, चंबा, मंडी, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, सिरमौर और शिमला जैसी कई छोटी रियासतों को मिलाकर किया गया था। राज्य की राजधानी प्रारंभ में शिमला थी, लेकिन बाद में 1950 में इसे धर्मशाला में स्थानांतरित कर दिया गया। उसके बाद फिर से शिमला को ही राजधानी बना दिया गया। तब से राज्य के गठन और उसके बाद की प्रगति और विकास की यात्रा के उपलक्ष्य में 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिमाचल दिवस हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि यह उनकी एकता, विविधता और उनकी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व का प्रतीक है। यह समृद्ध इतिहास, अद्वितीय रीति-रिवाजों और पारंपरिक कला रूपों का जश्न मनाने का दिन है जो राज्य की पहचान का अभिन्न अंग हैं।

इस दिन को सरकार और स्थानीय समुदायों द्वारा आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गतिविधियों द्वारा चिह्नित किया जाता है, जो राज्य के पारंपरिक नृत्य, संगीत और कला का प्रदर्शन करते हैं। यह उन नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान और बलिदान का सम्मान करने का भी अवसर है, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश को एक अलग राज्य के रूप में बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



**लेखक : सुमित अवस्थी**
जंडपुर, बैजनाथ हिप्र

**हिमाचल दिवस विशेष**

हिमाचल प्रदेश अपनी मनमोहक प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, जिसमें बर्फ से ढके पहाड़, हरी-भरी घाटियां, कल-कल करतीं नदियां और घने जंगल हैं, जो दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। राज्य शिमला, मनाली, धर्मशाला और डलहौजी जैसे कई लोकप्रिय हिल स्टेशनों का घर है, जो आश्चर्यजनक परिदृश्य, सुखद मौसम और कई साहसिक खेलों के अवसर प्रदान करते हैं। हिमाचल प्रदेश अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए भी जाना जाता है, जिसमें कई राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य हैं जो हिम तेंदुए, हिमालयी कस्तूरी हिरण और पश्चिमी ट्रैगोपैन जैसी दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजातियों का घर हैं। हिमाचल के लोग अपनी संस्कृति और देवताओं के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा के लिए जाने जाते हैं। राज्य अपने रंगीन त्योहारों जैसे कुल्लू दशहरा, शिमला ग्रीष्मकालीन महोत्सव और मंडी शिवरात्रि के लिए प्रसिद्ध है, जो क्षेत्र के पारंपरिक संगीत, नृत्य और कला का प्रदर्शन करते हैं। हिमाचली व्यंजन एक और आकर्षण है, जिसमें धाम, सिदु और पात्रा जैसे व्यंजन स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच समान रूप से लोकप्रिय हैं।

हिमाचल के हर जिले के लोगों का अपना एक अलग पहनावा है। दरअसल, हिमाचल प्रदेश में भौगोलिक विभिन्नताओं के अनुरूप वहां की वेशभूषा भी है। जैसे चंबा के ऊपरी क्षेत्रों में लोग चोला डोरा नामक पहनावा पहनते हैं, वहीं इसके साथ आभूषणों में चौंक, चिड़ी, मांग टिक्का, लौंग, झुमके, चंद्र हार, तिल्ली का प्रयोग किया जाता है। वहीं, जिला कांगड़ा में शादी समारोह में घघरी पहनने का रिवाज है। अगर जिला कुल्लू की बात करें तो यहां पुरुषों का प्राचीन पहनावा चोला, टोपी और सुथन रहा हैं। लाहौल-स्पीति में पुरुषों का पुराना पहनावा चुब (एक लंबा कोट), कुर्ता, वास्केट, पजामा और टोपी हैं। महिलाएं गोंपा, चूड़ीदार पजामी, सिर पर रूमाल बांधती हैं। शिमला जिला के लोग बुशैहरी टोपी और कोटनुमा लोइया पहनते हैं।

आज के दिन मनाया जाने वाला हिमाचल दिवस एक विशेष अवसर है, जो हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और प्राकृतिक सुंदरता का जश्न मनाता है। यह राज्य के गठन का सम्मान करने और इसकी अनूठी परंपराओं, रीति-रिवाजों और परिदृश्यों की सराहना करने का दिन है।

**( ये लेखक के अपने निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**आज** सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि नई पीढ़ी में बड़ों के प्रति मान-सम्मान और आदर का भाव दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है। पहले बच्चों में बड़ों के प्रति मान-सम्मान और आदर का भाव का संस्कार होता था, लेकिन आज स्थिति बिलकुल विपरीत है। आज हम सभी के लिए और माता-पिता का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को संस्कार दें, ताकि आने वाला भविष्य संस्कारहीन न हो जाए।

आज संस्कारों की कमी के कारण युवा दिशाहीन होते जा रहे हैं और नशे के जाल में फंसते जा रहे हैं। आज जो बच्चे बड़े-बड़े स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने जा रहे हैं। वहां यह परम आवश्यक है कि बच्चों के अंदर बड़ों के प्रति आदर भाव, मान-सम्मान स्थापित करने जैसे गुणों का संचार किया जाए, ताकि शिक्षा के साथ-साथ नई पीढ़ी संस्कार भी ग्रहण करे, अन्यथा भविष्य में यही कहावत चरितार्थ होगी कि अब क्या पछताए होत, जब चिड़िया चुग गई खेत। आज देश ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं और प्रतिभावान युवाओं ने अपनी अहम पहचान बनाई है। भविष्य में भी देश के प्रतिभावान युवा अपना दम-खम दिखाने के लिए बेताब हैं, लेकिन बड़े पदों के लोगों में अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान नहीं है। **-मनजीत**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### आधुनिक जमाने के बदले परिवेश में भी पारंपरिक विरासत को सहेजे दोनों जिलों के हस्तशिल्पी व कारीगर, कुल्लू की शॉल-टोपी-पट्टू, पूलों के साथ-साथ लाहौल की जुराबों की दुनिया दीवानी

# विश्व में कुल्लू और लाहौल-स्पीति हस्तशिल्प-हथकरघा की धमक आज भी कायम

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

देवभूमि हिमाचल सिर्फ देवी-देवताओं और वीरों की भूमि ही नहीं, बल्कि हुनरमंद हाथों की भी जननी है।

प्रदेश अपनी संस्कृति और अद्भुत कलाओं के लिए जाना जाता है और विभिन्न कलाओं, हस्तशिल्प उत्पादों के लिए प्रदेश की विश्व में एक खास पहचान है। वहीं, यदि कुल्लू व कबायली जिला लाहौल-स्पीति की बात की जाए, तो हस्तशिल्प और हथकरघा के समृद्ध खजाने को यहां के शिल्पी और बुनकरों के हुनरमंद हाथ से संवार रहे हैं, बल्कि मजबूती से आगे भी बढ़ा रहे हैं।

यही कारण है कि आधुनिक जमाने के बदले परिवेश में भी पारंपरिक विरासत को सहेजे कुल्लू व जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में हस्तशिल्प और हथकरघा की धमक आज भी कायम है। कुल्लू के शॉल-टोपी और पूलों की, लाहौली जुराबों की हो या फिर पत्थर शिल्प और काष्ठ कला की इस सफलता का सीधा श्रेय दोनों जिलों के कारीगरों और बनुकरों के हुनरमंद हाथों को ही जाता है। (अनंत ज्ञान)



लाहौल-स्पीति की महिलाएं जुराबें बुनती हुई।



## पारंपरिक पूलें भी करती हैं आकर्षित

कुल्लू का हस्तशिल्प दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यहां की टोपी, शॉल, मफलर का हर कोई दीवाना है। साथ ही यहां की पारंपरिक पूलों की ओर भी देश-दुनिया के लोग एकाएक आकर्षित हुए हैं। भले ही कुल्लवी पूलें दुनिया के लिए नई हैं, लेकिन यहां के ग्रामीण परिवेश में पूलें (चप्पलें) सदियों से शामिल रही हैं। हालांकि, समय के साथ इनका प्रचलन कम हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब इन पूलों को काशी विश्वनाथ मंदिर में इस्तेमाल करने की सलाह दी थी। कुल्लू की स्थानीय बोली में इन चप्पलों को पूलें कहा जाता है। ये चप्पल आरामदेह होने के साथ-साथ पवित्र भी हैं। मंडी-कुल्लू में पूलों को भांग के रेशे के साथ-साथ जड़ी बूटियों से तैयार किया जाता है। भांग के पत्ते के तने के साथ ही ब्यूल के रेशों का भी इसे बनाने में इस्तेमाल होता है। इन्हें पवित्र माना जाता है। इन्हें पहनकर देव स्थल के भीतर जाने में कोई पाबंदी नहीं होती। जिले के लोगों श्रवण कुमार, कमला, वीरनाथ के अनुसार एक पूल का जोड़ा बनाने में तीन से चार दिन का समय लग जाता है।

## कुल्लवी शॉल की कॉपी कर मशीनी शॉल की जा रही तैयार

कुल्लू शॉल हथकरघा का उपयोग करके बनाए जाते हैं, लेकिन कुछ बाहरी निर्माता कॉपी किए गए डिजाइन पैटर्न के साथ कारखाने में निर्मित शॉल भारी छूट पर बेच रहे हैं। इससे मूल कुल्लू शॉल के बाजार, हिस्सेदारी और घाटी की अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। रेडिमेड कारोबारियों के यह कदम दशकों से शिल्प पर काम कर रहे हैं और इस खूबसूरत कला को संजोए रखने वाले बुनकरों को हतोत्साहित कर रहा है। कुल्लू शॉल खड्डी पर कई दिनों की मेहनत के बाद तैयार होती है, लेकिन अब कुल्लवी शॉल के डिजाइन पैटर्न की कापी करके मशीनों पर एक दिन में हजारों शाल का उत्पादन कर सस्ते दामों पर इन्हें बेचा जा रहा है। इससे हथकरघा उद्योग से जुड़े लोगों को कई चुनौतियां सामने आ रही हैं। हालांकि सरकार ने इन संकटों को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। सबसे बड़ा कदम कुल्लू शॉल को भौगोलिक संकेतक (जीआई) प्रदान करवाना है। जीआई का उपयोग केवल उन शॉलों के लिए किया जा सकता है, जो घाटी में ही उत्पादित किए गए हैं और हथकरघा का उपयोग करके बनाए गए हैं।

## पीएम मोदी करते हैं कुल्लू शॉल व टोपी की ब्रांडिंग

**प्रधानमंत्री** मोदी हर मंच से जिक्र कर कुल्लू शॉल व टोपी की ब्रांडिंग करते हैं, इससे बुनकरों को मनोबल बढ़ता है। साथ ही कुल्लू शॉल की मांग भी बढ़ती है। भुट्टिको हर स्तर पर इसे आगे ले जाने के लिए प्रयासरत है, लेकिन छोटे बुनकरों को बढ़ावा देने के लिए इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है।





## रंग-बिरंगी लाहौली जुराबों की भी अलग पहचान

**अपनी** खूबसूरती की वजह से दुनियाभर के सैलानियों की पसंद बन चुका हिमाचल का कबायली जिला लाहौल-स्पीति की महिलाओं द्वारा हाथों से ऊनी धागों से तैयार की जाने वाली रंग-बिरंगी जुराबें भी अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए हैं। यहां बनने वाले जुराब की अपनी खास पहचान यानी जीआई टैग भी मिल गया है। सेब लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष प्रेम कटोच के अनुसार संस्था के प्रयास से पारंपरिक लाहौली उत्पादों को नई पहचान मिलने का फायदा हथकरघा कारोबार से जुड़ी महिलाओं को मिला है।

## कुल्लू शॉल व टोपी ने बनाई अनूठी पहचान

**कुल्लू** शॉल व टोपी ने देश-विदेश में अपनी अनूठी पहचान बनाई है। आधुनिकता के दौर में अब कुल्लू शॉल-टोपी अपने आकर्षक डिजाइनों और पैटर्न के लिए भी जानी जाती है। कुल्लू में हथकरघा उद्योग से हजारों लोग प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हैं। अकेले भुट्टिको सोसायटी में करीब 1200 लोगों को रोजगार मिल रहा है। भुट्टिको के महाप्रबंधक विजय ठाकुर के अनुसार कुल्लू का शॉल अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, जर्मनी और फ्रांस जैसे देशों तक निर्यात हो रहा है। पशमीना, अंगोरा व ऊन की डिजाइन वाली शॉल के अलावा कुल्लवी टोपी और पट्टू ने भी देश-दुनिया मे अपनी पहचान बनाई है।



खड्डी पर धागों का ताना-बाना बुनने के बाद कड़ी मेहनत के बाद तैयार होने वाली कुल्लू शॉल की घाटी की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका है। बागवानी के साथ घाटी के लोगों की आय का यह एक प्रमुख स्रोत भी है। घाटी के लोगों को अपनी पिछली पीढ़ियों से यह कौशल विरासत में मिला है। घाटी में बनी शॉल हथकरघा से बुने जाते हैं। इनका उपयोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए शॉल और कपड़े की बुनाई के लिए किया जाता है। कुल्लू शॉल हिमाचल की विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। महंगी लागत के बावजूद आकर्षक डिजाइन, हाथ से तैयार और अन्य कई खूबियों के चलते यह लोकप्रिय है। इसकी कीमत डिजाइन पैटर्न, शॉल में ऊन पैटर्न की मात्रा, ऊन का प्रकार और ऊन से बने कपड़े की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। इन उत्पादों को बेचने के लिए अब ऑनलाइन माध्यम भी कारगर साबित हो रहा है।

**सत्य प्रकाश ठाकुर, पूर्व बागवानी मंत्री एवं चेयरमैन भुट्टिको सोसायटी।**

# कांग्रेस की हर गारंटी झूठी : कंगना

### बंजार में भाजपा मंडी लोस प्रत्याशी कंगना ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद कर किया नमन

**शीला कौल, बंजार**

मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल के लोगों को बहला फुसलाकर और झूठी गारंटी देकर सत्ता हासिल की है। कंगना रविवार को बंजार विधानसभा क्षेत्र में अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान जनसभा को संबोधित कर रही थी।

यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने जहां डॉ. बाबा भीमराव अंबेडकर को याद कर उनको नमन किया। वहीं, कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार और नेता महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी के अलावा कुछ नहीं जानते हैं। कांग्रेस के नेताओं ने गत विधानसभा चुनावों के दौरान प्रदेश की भोली-भाली जनता को बहला फुसलाकर व झूठी गारंटी का झूठा वादा कर सत्ता हासिल की, लेकिन चुनाव के बाद उन गारंटियों को पूरा करने की दिशा में कोई काम नहीं किया, जिसका खामियाजा आज प्रदेश की जनता भुगत रही है। कांग्रेस की नीची सोच दिन-प्रतिदिन नीची होती जा रही है और मुझ पर टिप्पणी कर मुझे मानसिक रूप से सताया जा रहा है, लेकिन वह यह हमेशा याद रखें कि हिमाचल की बेटियां बहुत मजबूत होती हैं और हर मुश्किल का सामना करने का हौंसला रखती हैं। वहीं, उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को लेकर कहा कि प्रत्याशी आज नहीं तो कल घोषित होने ही थे उस से भाजपा को ज्यादा फर्क नहीं पड़ता क्योंकि हम जनसंपर्क अभियान में निकल चुके हैं और लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है और आगे भी इसी तरह डटे रहेंगे। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



बंजार विधानसभा क्षेत्र में अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान कंगना रनौत व नेता प्रतिपक्ष और अन्य नेता।

## हमें मोदी के साथ चलना

कंगना ने कहा कि दोस्तों हमें प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है। साथ ही अपने हिमाचलवासियों को जगाना है और कांग्रेस की कुनीति के बारे में सबको बताना है।

## परिवार में टिकट देना था तो सिटिंग एमपी प्रतिभा को दे देते : जयराम

**बंजार।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ने कहा कि जब मंडी लोकसभा क्षेत्र में टिकट परिवार में ही देना था, तो सिटिंग एमपी प्रतिभा सिंह को ही दे देते, लेकिन वह जमीनी हालात से वाकिफ हैं, उन्होंने तो साफ कह दिया कि मुख्यमंत्री और कांग्रेस सरकार की नाकामियों की वजह से चुनाव लड़ने लायक माहौल ही नहीं है। वह रविवार को बंजार विधानसभा में अंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान जहां उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद किया वहीं, उन्होंने सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यही बात एक समय मंडी के कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह भी कह रहे थे। सरकार के कामकाज से तंग आकर उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, उस इस्तीफे का न जाने क्या हुआ। उन्होंने रोते हुए कहा था कि मुख्यमंत्री द्वारा उनके पिता का अपमान किया गया। आज फिर उसी मुख्यमंत्री के नाम पर वोट मांग रहे हैं, लेकिन मंडी के लोगों ने तय कर लिया है कि कंगना को भारी मतों से जिताकर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने में अपना सहयोग देंगे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार 15 महीनें से हाथ पर हाथ धरे बैठी है। इस बार के लोकसभा चुनाव में इस बात का जवाब मिल जाएगा।

# रोहतांग सहित लाहौल की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी



लाहौल घाटी की ऊंची चोटियों में बर्फबारी व और निचले क्षेत्रों में हो रही हल्की बारिश।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति के रोहतांग सहित सभी ऊंची चोटियों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है। दर्रों में तीन इंच बर्फबारी हुई है कि रविवार सुबह से ही रोहतांग, शिंकुला, कुंजम, बारालाचा और तंगलंगला सहित अन्य सभी दर्रों में बर्फबारी का क्रम जारी रहा, जबकि दोनों जिलों के निचले क्षेत्रों में बारिश हुई है। मौसम के बदले मिजाज के चलते पर्यटन नगरी मनाली में ठंड बढ़ गई है। वहीं, अटल टनल रोहतांग के दोनों पोर्टल में बर्फ के हल्के फाहे गिरे। हालांकि हल्की बर्फबारी के मध्य शिंकुला दर्रे में वाहनों की आवाजाही सुचारु रही। अप्रैल महीने के दूसरे सप्ताह में खराब चल रहे मौसम ने लाहौल व मनाली में ठंड बढ़ा दी है। वहीं, मैदानी क्षेत्रों से यहां पहुंच रहे सैलानी बारिश और बर्फबारी से खुश हैं। सप्ताहांत और एक साथ तीन छुट्टियों के चलते कुल्लू व लाहौल के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का मेला लग गया। बैसाखी पर्व के चलते बहुत से पर्यटक मनाली पहुंचे। हालांकि सोमवार से पर्यटक वापस की राह पकड़ लेंगे, लेकिन इस सप्ताह पर्यटन कारोबार बेहतर रहा। रविवार को सोलंगनाला के अंजनी महादेव, फातरु, गुलाबा, अटल टनल के साउथ व नार्थ पोर्टल में बर्फ के फाहे गिरे।

## विक्रमादित्य-विनोद को पार्टी उम्मीदवार बनाने पर जताई खुशी

**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति कांग्रेस कमेटी ने मंडी ओर शिमला संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के लिए विक्रमादित्य सिंह और विनोद सुल्तानपुरी को पार्टी का उम्मीदवार बनाने के लिए खुशी जाहिर की। अध्यक्ष ज्ञाल्सन ने जिला कांग्रेस कमेटी ओर पार्टी के कार्यकर्ताओं में इस बात की खुशी है कि दोनों नौजवान होने के साथ-साथ जिताऊ उम्मीदवार हैं। लाहौल-स्पीति के कार्यकर्ताओं की ओर से दोनों को शुभकामनाएं दीं। जिला प्रवक्ता अनिल सहगल ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से मंत्री विक्रमादित्य सिंह युवाओं में काफी लोकप्रिय हैं और उन के परिवार ने स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह जी के नेतृत्व में मंडी संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ हिमाचल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ओर सांसद प्रतिभा सिंह भी तीन बार सांसद रही हैं। अनिल ने कहा कि हमें उम्मीद है कि विक्रमादित्य सिंह भी उन्हीं के पद चिन्हों में चल कर प्रदेश ओर कांग्रेस का नाम रोशन कर केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया याद

**कुल्लू।** जिला कुल्लू में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया। इस अवसर पर एनएचपीसी लिमिटेड के पार्बती-तीन पावर स्टेशन में भारत र बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित की गई। बाबा साहेब पर आयोजित प्रतियोगिता में पावर स्टेशन के कार्मिकों ने भाग लिया व बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्ष, देश के सामाजिक उत्थान के लिए किए गए उनके योगदान, महिलाओं और श्रमिकों के कल्याण के लिए किए गए उनके कार्यों पर गंभीर विचार रखे। अखिलेश सिंह प्रबंधक (बिजली) ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के बाद परियोजना प्रमुख प्रकाश चंद सहित पावर स्टेशन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित की और हिंदी भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

### वॉलीबाल में टीम बड़ाग्रां रही विजेता

**पतलीकूहल।** राजकीय उच्च विद्यालय बड़ाग्रां बिहाल में एक दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग व युवक मंडल पनगां के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय उच्च विद्यालय बड़ाग्रां बिहाल में एक दिवसीय वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के उपनिदेशक डॉ. लाल सिंह ने किया। वॉलीबाल में बतौर विशिष्ट अतिथि बड़ाग्रां उच्च विद्यालय के मुख्याध्यापक प्रेम लाल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम बड़ाग्रां विजेता रही, जबकि उपविजेता पनगां टीम रही। ।

## चार स्टूडेंट्स ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा की उत्तीर्ण

**पतलीकूहल।** डीएवी पब्लिक स्कूल कटराई में पांचवीं कक्षा की तीन छात्राओं स्टेंजिन, सोनम लामो, सानवी चौहान एवं आठवीं कक्षा के एक छात्र अंश ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया है। इस प्रवेश परीक्षा का आयोजन 20 जनवरी को हुआ था। मेधावी विद्यार्थियों के चयन पर विद्यालय एवं विद्यार्थियों के परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है। सभी विद्यार्थी आगामी काउंसलिंग की प्रक्रिया में भाग लेंगें। सोनम, स्टेंजिन, सानवी और अंश के चयनित होने पर प्रधानाचार्या चंद्रिका ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें एवं उनके परिवार को बधाई दी।

# ग्रामीण रूटों पर भेजी जा रही खटारा बसें

### शवाड, जयबाग और सराहर में बीच रास्ते में खराब हो गईं एचआरटीसी की बसें

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आनी के दुर्गम ग्रामीण रूटों पर भेजी जाने वाली रामपुर डिपो की बसों के आए दिन खराब होने से सवारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार और रविवार को रामपुर डिपो की दो बसें क्रमशः शनिवार को शवाड और रविवार को जयबाग में गंतव्य पहुंचने से पहले ही बीच रास्ते में ही खराब हो गई, जबकि जानकारी के अनुसार तीसरी बस रामपुर से आनी आते हुए सराहर में खराब खड़ी है। बसों के बीच रास्ते मे खराब होने की वजह से सैकड़ों यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। शनिवार को आनी से कोठी जाए रही बस शवाड में खराब हो गई, जिससे सवारियों को कई किलोमीटर पैदल या फिर टैक्सियों में जाना पड़ा।

कुछ शाम को जाने वाली बस में सवार होकर गए, जबकि रविवार को दुर्गम क्षेत्र बालू-बलेहड़ से आनी आ रही करीब 35 सवारियों को लेकर आ रही एचआरटीसी की बस जयबाग में ही खराब हो गई। ऐसा पहली बार नहीं हुआ जब आनी क्षेत्र को भेजी जाने वाली एचआरटीसी की बसें आधे रास्ते मे खराब हो रही हैं, बल्कि हर दिन किसी न किसी रूट पर कोई न कोई बस खराब होना आम बात हो गई है, आनी क्षेत्र के ग्रामीण रूटों पर भेजी जा रही खटारा बसों का मामला भी एक बार फिर तूल पकड़ने लगा है। (अनंत ज्ञान)

## लामबंद होकर किया जाएगा चक्का जाम

लोगों ने एचआरटीसी के रामपुर डिपो के प्रबंधन को चेताया है कि यदि आनी को खटारा बसें भेजना बंद न किया, तो एचआरटीसी प्रबंधन के खिलाफ लामबंद होकर चक्का जाम कर दिया जाएगा। वहीं, इस बारे रामपुर डिपो के कार्यकारी क्षेत्रीय प्रबंधक एवं वर्कर्स मैनेजर अतुल गुप्ता ने इस पूरे मामले से खुद को अनभिज्ञ बताते हुए कहा कि उन्हें ऐसी कोई सूचना नहीं है। यदि ऐसा है तो जल्द मामले को सुलझा लिया जाएगा।

### लोगों को उठानी पड़ीं दिक्कतें क्षेत्र की जनता में पनपा रोष

# भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर ने लाहौल में शुरू किया चुनाव प्रचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस की ओर से अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। वहीं, भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर ने चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी रवि ने अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत केलांग में जनसंपर्क कर सम्मानित जनता से आगामी चुनाव में भाजपा के पक्ष वोट करने का आग्रह किया।

उन्होंने केलांग में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी रणनीति बनाई। हालांकि कांग्रेस से भाजपा में आने के बाद रवि की दिक्कतें बढ़ी हैं तथा अपने कांग्रेस समर्थकों की तीखी प्रतिक्रिया का भी सामना करना पड़ा है, लेकिन धीरे-धीरे उनके कुनबे में बढ़ोतरी हो रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्यालसन ने कहा कि उनका प्रत्याशी कांग्रेस का कर्मठ कार्यकर्ता ही होगा। जल्द ही प्रत्याशी की घोषणा होने वाली है। उधर, पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने कहा कि वह 15 को लाहौल पहुंच रहे हैं ओर 16 को अपने समर्थकों के साथ बैठक कर जल्द ही चुनाव मैदान में उतरेंगे।



**आयोजन** 18 अप्रैल तक होगा माता मेला, आज भंडार से माता के रथ में लगने वाले मोहरों को लाया जाएगा

# माता भुवनेश्वरी मंदिर भेखली में आज से बैसाखी मेला

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर पहाड़ी पर स्थित भेखली गांव में माता भुवनेश्वरी मंदिर परिसर में चार दिवसीय मेले का आयोजन होने जा रहा है। सोमवार 15 अप्रैल से शुरू हो रहे इस मेले में दूर-दूर से आए हजारों लोग शामिल होंगे। भेखली गांव में आयोजित होने वाले यह मेला 15 से 18 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। 15 को सबसे पहले भंडार से माता के रथ में लगने वाले मोहरों को लाया जाएगा और फिर उन मोहरों को माता की पिंडी के साथ रख कर पूजा की जाएगी। इस दौरान भंडार से देवता लक्ष्मी-नारायण के रथ को भी लाया जाएगा, जबकि माता रानी को पालकी में बैठा कर लाया जाएगा। इसके बाद गांव की सभी महिलाएं जौ के ज्वारे यानी जौ के पुष्प लेकर माता के मंदिर में आएंगी ओर माता को ज्वारे चढ़ाएंगी, जिसे माता की मोहरों के साथ सजाया जाएगा। इस दौरान पूजा पाठ के साथ भजन-कीर्तन भी किया जाएगा। देवता लक्ष्मी-नारायण को माता भुवनेश्वरी का भाई माना जाता है और देवता लक्ष्मी-नारायण पूरे साल भेखली में विराजते हैं और साल में सिर्फ एक दिन के लिए रात के करीब 11 बजे अपने कारकुनों के साथ रथ में सवार हो कर गांव के लिए निकलते हैं। देवता के सारी गांव में पहुंचने पर सभी ग्राम वासी खुशी में झूमते हुए अपने मुख्य देवता लक्ष्मी-नारायण को अपने बीच देख कर सारी रात भजन-कीर्तन करते हैं ओर देव खेल में भाग लेते हैं। (अनंत ज्ञान)



माता भुवनेश्वरी का रथ

## माता और देवता का होगा दिव्य मिलन

इसके बाद 16 को जिसे छोटा मेला भी कहा जाता है उस दिन माता भुवनेश्वरी और देवता लक्ष्मी-नारायण के दिव्य और आलौकिक मिलन के साक्षी बनते हैं। देवता लक्ष्मी-नारायण एक दिन के लिए अपनी बहन से बिछुड़ कर सारी गांव जाते हैं और जब सारी गांव का दौरा कर फिर से देवता माता भुवनेश्वरी यानी अपनी बहन के पास आते हैं, तो लोग इस भाई बहन के स्नेह और आलौकिक मिलन के गवाह बनते हैं मिलन से कुछ देर पहले माता भुवनेश्वरी अपने रथ में सवार होकर मंदिर परिसर की परिक्रमा करती हैं और अपने भक्तों को दर्शन देती हैं।18 को शाम के पांच बजे के बाद माता एक बार फिर से अपने रथ पर सवार हो कर मंदिर परिसर का परिक्रमा करती हैं और अपने भक्तों को दर्शन देती हैं।

## विक्रमादित्य सिंह 17 अप्रैल को आनी के बटाला में

**आनी।** मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह 17 अप्रैल को आनी के बटाला में होंगे। आनी के ऐतिहासिक एवं प्राचीन ठाकुर मुरलीधर मंदिर बटाला में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी आनी के अध्यक्ष युपेंद्र कांत मिश्रा सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। बटाला में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का बुधवार 11 अप्रैल को जलयात्रा के साथ कथा का श्री गणेश हुआ। जलयात्रा में क्षेत्र की हजारों महिलाओं तथा क्षेत्र की जनता ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।


अनंत ज्ञान

सुपर मॉल क्लासिफाइड

फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# बहन चामुंडा से मिलने रवाना हुई देवी बैरावाली भगवती

**आरके रांगड़ा, चंबा**

जिला चंबा के चुराह क्षेत्र में स्थित के देवीकोठी अपने मूल निवास स्थान से बैरावाली भगवती विधिवत्त पूजा-अर्चना के पश्चात अपी बहन चामुंडा माता से मिलने के लिए रवाना हुई। भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा बैरावाली भगवती को रवाना किया।

गौर हो कि ढोल नगाड़ों, वाद्य यंत्रों के साथ अपने निवास से करीब पांच दिनों का यह सफर पुजारी व भक्त पैदल तय करते हैं। हर साल बैरावाली भगवती माता चंबा में उनकी बड़ी बहन चामुंडा से मिलने के लिए जाती है। दोनों भगवती 15 दिनों तक एक साथ चामुंडा मंदिर में ही रहती है। पुराने समय की इस प्रथा को आज भी माता के भगत उसी अंदाज से मनाते चले आ रहे हैं।

आपको बता दें कि इन दोनों बहनों के मिलाप और इन दोनों के दर्शन करने लोग दूर-दूर से आते है। इतना ही नहीं माता के चिन्ह रूपी चरण पादुका को लोग अपने घर पर न्योते के तौर पर और उनका आशीर्वाद लेने अपने


देवी बैरावाली भगवती।

### 15 दिन तक मंदिर में साथ रहेंगी

घर पर भी ले जाते है। सदियों पुरानी इस पंरपरा के मुताबिक हर वर्ष बैसाख की संक्राति को बैरेवाली भगवती देवीकोठी से कारदारों संग चंबा स्थित अपनी बहन चामुंडा से मिलने आती है और पंद्रह दिनों तक बैरेवाली भगवती अपनी देवी बहन चामुंड़ा के पास वास करती है।

इस दौरान श्रद्धालु बैरेवाली भगवती को अपने घर आने का न्यौता देते हैं। दो देवी बहनों के मिलन के अंतिम दिन चामुंडा माता मंदिर में जातर मेले का आयोजन किया जाता है।

इस जातर मेले में माता के गुर कांपकर पूछ/भविष्यवाणी देते हैं। बैरावाली भगवती के आगमन को लेकर चामुंडा माता मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जाता है।

इसके बाद अगले वर्ष मिलने का वायदा करके बैरावाली भगवती वापस अपने मूल निवास स्थान देवीकोठी को रवाना हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## दूसरों की जगह पेपर देने के मामले में एडीसी की मुश्किलें बढ़ीं

# नवीन पर कार्मिक विभाग करेगा कार्रवाई

**ओपी शर्मा, भरमौर**

दूसरों की जगह पेपर देने के मामले में आरोपी पाए गए नवीन तंवर की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। भरमौर में तैनात बतौर एडीसी नवीन तंवर को 5 अप्रैल को शिमला कार्मिक विभाग में रिपोर्ट करनी थी, लेकिन करीब 10 दिन बीत जाने के बाद भी नवीन तंवर रिपोर्ट नहीं कर पाए हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कार्मिक विभाग अब नवीन तंवर के विरुद्ध दो तरह की कार्रवाई करने जा रहा है। इस संबंध में अगले दो-चार दिनों में आदेश जारी हो जाएंगे।

इसमें पहले उनकी वेतन की कटौती की जाएगी और उसके बाद उनके खिलाफ विभागीय जांच भी अमल में लाई जा सकती है। हालांकि पांच अप्रैल को मुख्यमंत्री सुक्खू ने उनके निलंबन की फाइल पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। इसके बाद निलंबित आईएएस अधिकारी नवीन तंवर को तुरंत प्रभाव से सचिवालय के कार्मिक विभाग में हाजिर होना था।

### मामले की जानकारी न देने पर भी होगी कार्रवाई

नवीन ने ज्वाइनिंग से पहले अदालती मुकद्दमों को लेकर सरकार को एफिडेविट सौंपा था, क्या उसमें केस होने की जानकारी की सूचना लिखित रूप से दी है। हालांकि माना जा रहा है अगर उन्होंने उस वक्त जानकारी नहीं दी होती तो उनके ऊपर अलग से कार्रवाई हो सकती है। नियमों के अनुसार सरकार को एफिडेविट सौंपना पड़ता है, जिसमें लंबित मामलों व दूसरे तरह की जानकारी शामिल हो।

## न्यूज ब्रीफ

### लोगों को वोट के महत्व से किया जागरूक



**भरमौर।** मतदान केंद्र 101-थला में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बूथ लेवल ऑफिसर रोशन लाल ने की। उन्होंने लोगों को वोट के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा सभी मतदाताओं को हर चुनाव में स्वतंत्र रूप से और निर्भय होकर अपने विवेक से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं को लोकसभा चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित भी किया।

### जालपा माता मंदिर में छठे नवरात्र पर किया हवन



**चंबा।** जालपा माता मंदिर मैहला में राष्ट्र सेविका समिति जिला चंबा द्वारा छठे नवरात्र के दिन हवन पूजन किया गया, जिसमें समस्त उपस्थिति मातृ शक्ति द्वारा पूर्णाहुति डाली गई। इस अवसर पर संकीर्तन भी किया गया। सभी ने नाच गा कर इस अवसर को भक्ति में बनाया। अंत में कन्या पूजन भी किया गया तथा उपस्थित जन समुदाय को हलवा वितरित किया गया। जाट रहे की जालपा माता, इलाके का एक सुप्रसिद्ध मंदिर है और इस मंदिर की मान्यता दूर-दूर तक फैली हुई है।

### डलहौजी छावनी में अंबेडकर जयंती मनाई



**डलहौजी।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर डलहौजी कैंट में भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर बाबा साहिब जन्मदिन पर केक काट कर सभी देशवासियों को बहुत बधाई। विकास बेदी ने कहा बाबा साहिब के संविधान में दिए गए अधिकारों से आज हम समाज में जीने लायक हुए है। इस मौके पर भगवान बाल्मीकि चेरिटेबल सॉसेटी के प्रधान अरुण अटवाल, जसवंत मेहरा व साहिल ने अपने विचार रखे।

# थल्ली-गड़फरी मार्ग का हाल बेहाल

## मार्ग पर पड़े जगह-जगह गड्ढे, नहीं मिला फिटनेस सर्टिफिकेट, लोग परेशान

**आजम डार, चुराह**

विधानसभा क्षेत्र चुराह अधीन थल्ली गड़फरी मार्ग के निर्माण उपरांत विभाग इसकी सुध लेना भूल गया है। विभाग की देख-रेख के अभाव से मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे पड़ चुके हैं। वहीं बारिश से क्षतिग्रस्त डंगों का मुरम्मत कार्य भी नहीं हो पा रहा है, जिससे हालत यह है कि विभाग इस मार्ग को अभी तक फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं दिलवा पाया है। जिस कारण ग्रामीण डर कर मार्ग पर वाहनों के जरिए आवाजाही करने को मजबूर हैं। खस्ताहाल मार्ग पर एक वाहन फिसल कर लटक गया, जिससे उसमें सवार लोगों की जान काफी देर तक आफत में पड़ी रही। ग्रामीणों का कहना है कि 2005 में लोनिवि द्वारा इस मार्ग कार्य का शुभारंभ किया गया था। जो कि आज 18 सालों में लोनिवि विभाग इस संपर्क मार्ग को फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं दिलवा पाई है।


खस्ताहालत सड़क।

### निजी भूमि होने के कारण आ रही समस्या : जोगिंद्र

लोक निर्माण विभाग उपमंडल तीसा अधिशाषी अभियंता जोगिंद्र कुमार ने बताया कि मामला उनके ध्यान में लाया गया है। लेकिन लोगों की निजी भूमि होने के कारण अधिकांश स्थलों से मार्ग विभाग के नाम रजिस्ट्री नहीं हो पाया है। जिसके चलते मार्ग निर्माणाधीन अवस्था में है। विभाग निरंतर प्रयास कर रहा है। वहीं उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से इस दिशा में सहयोग की अपील की है। ताकि उन्हें मार्ग सुविधा मुहैया करवाई जा सकें।

### नेता राजनीतिक रोटियां सेंक कर निकालते हैं मतलब

**ग्रामीणों** का कहना है राजनेता इस संपर्क पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेक कर अपना मतलब लेकर निकल जाते हैं। जबकि मार्ग की खस्ता हालत होने की वजह से लोगों की जान पर बनी हुई है। इस सड़क पर आज तक करोड़ों रुपए खर्च कर दिए गए हैं। वहीं उपमंडल नकरोड से मात्र दो किलोमीटर की दूरी ओर एक मात्र लिंक रोड हैं।

ग्रामीणों में मजीद खान, आमिर खान, प्रेम लाल किशोरी, भुपेंद्र आफताब मालिक, बादशाह , पामु, खेरो, यासीन तथा ग्राम पंचायत प्रधान लाल दिन का कहना है कि विभाग जल्द से मार्ग की हालत में सुधार लाकर ग्रामीणों को सफर को आराम दायक व सुरक्षित बनाने की गुहार लगाए।

### चामुंडा संपर्क मार्ग का भी हाल खराब

**चंबा।** नगर परिषद अधीन वार्ड सपड़ी-सुराड़ा-चामुंडा संपर्क मार्ग की हालत दिन-प्रतिदिन खस्ता होती जा रही है। हालांकि मार्ग सुधार के लिए वार्ड वासियों ने कई बार वार्ड पार्षदों से गुहार भी लगाई गई। मगर इसके बावजूद भी मार्ग दशा जस की तस बरकरार है। सपड़ी व सुराड़ा वार्ड वासियों में संजीव कुमार, अनिल, विनोद, विनय कुमार, प्रवीण, जितेंद्र, राहुल, मुकेश, विन्नी, अजय कुमार, छोटू, अरविंद सिंह, रोशन लाल, चैन लाल, मनोज, विशाल, प्रभाकर, सोनू, रिंकु, संगीता, आरती, वदंना, भारती, पुष्पा, संतोष, मधु, ममता, छवि, पूजा व सुधा आदि का कहना है कि चामुंडा मंदिर जाने व वार्ड को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले संपर्क मार्ग की हालत खस्ता होती जा रही है। मार्ग पर जगह जगह खड्डे पड़ने सहित मार्ग कई जगहों से अतिक्रमण के कारण संकरी हो चुका है। जिसके चलते दोपहिया व पैदल राहगीरों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने नगर परिषद चंबा सहित वार्ड सपड़ी व सुराड़ा के पार्षदों से गुहार की है सपड़ी-सुराड़ा-चामुड़ा संपर्क मार्ग की जल्द से जल्द सुध ली जाए।

# संसार में नफरत से मुक्ति पाना समय की जरूरत : भीम राज वर्धन



महात्मा भीम राज वर्धन व सत्संग में श्रद्धालु प्रवचनों को सुनते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा भीम राज वर्धन की अगुवाई में विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया। वहीं पंचायत साहो, जडेरा, राख, जांगी, मैहला, मंगला सहित वार्ड धड़ोग, मुगला, हरदासपुरा व शहर परिसर क्षेत्रों से आए संतों महात्माओं ने सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज की शिक्षाओं को अपने विचारों व भजनों द्वारा व्यक्त किया। जबकि मंच पर विराजमान महात्मा भीम राज वर्धन ने अपने सार गर्भित प्रवचनों से साधसंगत को भाव विभौर करते हुए कहा कि भक्त हमेशा भक्ति भरा जीवन जीने के लिए अग्रसर रहते हैं।

संसार में व्याप्त वैर, नफरत के दुभावों से मुक्ति पाना समय की जरूरत है। भक्त ही होते हैं जो संसार को प्रेम, नम्रता, सहनशीलता, विशालता और शान्ति व सद्भाव का मार्ग दिखाते हैं। इन्ही दिव्य गुणों को अपना कर जीवन को सुंदर बनाया जा सकता है।

इस मौके पर निरंकारी मिशन ग्रांच चंबा मीडिया सचिव विनोद कुमार सहित दूर दराज के गांवो कस्बों से सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### 'आप' ने मनाई अंबेडकर जयंती



**भरेड़ी।** आम आदमी पार्टी भोरंज ने डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती पर पुष्पांजलि अर्जित की, जिसकी अध्यक्षता हमीरपुर के जिला अध्यक्ष धनी राम धीमान ने की तथा पार्टी ने संविधान की रक्षा करने तथा लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होकर पार्टी निर्देशों के अनुसार काम करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिव कुमार वर्मा, टेक चंद कौशल, कमला देवी इत्यादि पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंबेडकर सोसायटी ने डॉ. भीमराव को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

अंबेडकर मिशन सोसायटी के तत्वाधान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष पर मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर लखदाता मंदिर पार्क स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने की रस्म अदा की गई। कार्यक्रम में सदर विधायक नीरज नैयर ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस अवसर पर सदर विधायक नीरज नैयर ने कहा कि प्रति वर्ष बाबा साहिब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती का आयोजन पूरे भारतवर्ष में किया जाता है। जिसका उद्देश्य हर पीढ़ी को संविधान रचेता का बोध हो। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिखते समय हर वर्ग, हर जाति, हर धर्म का विशेष ध्यान रखा है। जिससे हर वर्ग का उत्थान हुआ है। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि यह है कि उनके लिखें संविधान का पालन एवं बताएं गए हर कल्याण के कार्यों का अनुसरण करें।



अंबेडकर मिशन सोसायटी के पदाधिकारियों के संग सदर विधायक नीरज व अन्य।

वहीं जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी, कांग्रेस सेवा दल युवा कांग्रेस कमेटी, अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी सहित कांग्रेस के विभिन्न घटकों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज करवा डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस मौके पर अंबेडकर मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष शिवकरण चंद्र रविदास सभा के प्रधान जितेंद्र सूर्य अनुसूचित जाति कल्याण समिति अध्यक्ष कृष्ण लाल शाह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# चुवाड़ी गगहर-फगोट के लिए मात्र एक ही बस

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

चुवाड़ी से गगाहर रोड को एक ही बस जाती है। एक बस में चाहे 30 सीट वाली हो उसमें 70 से 80 90 लोग सवार होकर सफर करने को मजबूर होते हैं। जिसको लेकर परिवहन निगम से लोगों ने बस चलाने के लिए न जाने कितनी बार गुहार लगाई है, लेकिन हर बार बस नहीं है, यही बहाना बनाकर लोगों को भेज देते हैं।

एक ही बस 2016 से लगाई है, जो कभी-कभी खराब हो जाती है। बस न मिलने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।

वहीं कई बार लोगों को प्राइवेट टैक्सी कर ज्यादा पैसे देकर सफर करना पड़ता है। कॉलेज स्कूल के बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



स्कूली बच्चे समय पर न घर पहुंच पा रहे हैं न ही स्कूल पा रहे हैं, जिस कारण उन्हें परेशानी पेश आ रही है। लोगों ने निगम से उनकी समस्या का समाधान करने की मांग उठाई है।

# युवतियों को निशुल्क दिया जाएगा कंप्यूटर प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो,चंबा**

बट्ट एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा युवतियों को व्यवसायिक शिक्षा प्रदान कर स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक ओर सराहनीय पहल की गई है, जिसके तहत सोसायटी द्वारा अब बनीखेत के साथ लगते बौंखरी मोड़ में संचालित बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं बट्ट आईटीआई परिसर में सामान्य वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग की 20 युवतियों को एक वर्ष का निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवतियां रोजगार अर्जित कर सके।

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली युवितयों को केवल मात्र बोर्ड द्वारा निर्धारित लगभग 1100 रुपए पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क ही संस्थान को प्रदान




### सुविधा पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी उपलब्ध

करना पड़ेगा। जबकि वर्ष भर का प्रशिक्षण संस्थान की ओर से निशुल्क रहेगा।

इस संदर्भ में बट्ट एजुकेशनल सोसाइटी के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने उक्त आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनका संस्थान हमेशा से ही महिला शक्तिकरण को बल देता आया है। उन्होंने बताया की एसटी व एससी वर्ग की युवतियों को तो सरकार द्वारा निश्शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा प्राप्त है। मगर सामान्य वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग की युवतियों को हजारों रुपए फीस भरकर कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करना पड़ता था। जिस पर संस्थान द्वारा बौंखरी मोड़ में नर्सिंग कॉलेज शुरू किए जाने की खुशी में सामान्य वर्ग व अल्प संख्यक वर्ग की युवतियों को संस्थान में निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का अवसर प्रदान किया गया है।

उन्होंने बताया कि संस्थान की 20 सीटों पर युवतियां इस निशुल्क सुविधा का लाभ उठा सकती हैं और यह सुविधा पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी।

### सूडोकु 0033 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0032 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# 30 नवंबर तक मंदिर भक्तों के लिए रहेंगे खुले

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

उपमंडल भरमौर के सभी देवालयों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए विधिवत खोल दिए गए, जिसमें मुख्यत कुगती पंचायत के विश्व प्रसिद्ध कार्तिकेय स्वामी मंदिर, तुन्दः पंचायत के प्रसिद्ध बन्नी माता मंदिर, सचुई पंचायत के भरमानी माता मंदिर, बड़ग्राम पंचायत के दिगनपाल मंदिर, क्वार्सी पंचायत के इंद्रू नाग मंदिर सियुर पंचायत के संधोला, मियाडी, गासकुडी मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए दर्शनों हेतु विधिवत रूप से खोल दिए गए।

ऐसी मान्यता है कि सर्दियों में भरमौर क्षेत्र के इन सभी मंदिरों में अन्द्रोल होता है, यानी ये सभी देवता सृष्टि भ्रमण पर निकलते हैं तथा हर वर्ष बैशाखी के दिन वापस लौटते हैं। इस अवधि में इन सभी मंदिरों में न तो कोई पूजा पाठ, हवन या जगराता होता है ।

मंदिर के पुजारी मचलु राम, सूंदर, दीपू तथा किसो राम ने बताया कि तमाम धार्मिक मान्यताओं का निर्वहन करते हुए विधिवत रूप से कपाट आम जनमानस के लिए दर्शनों हेतु खोल दिए गए हैं।

अब 30 नवंबर तक ये मंदिर श्रद्धालुओं के लिए दर्शनों, जगरातों व पूजा पाठ के लिए खुला रहेगा।


मंदिर के खोले गए कपाट।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

15 अप्रैल, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** सप्तमीः (12:14) **: नक्षत्र :** पुनर्वसु (01:06), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** सुकर्मा (11:07) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:55-12:47), **राहुकाल** (07:31 -9:08)।

### विशेष दिन

- 15 अप्रैल 2024 : विश्व कला दिवस आज।
- 16 अप्रैल 2024 : चैत्र दुर्गाष्टमी कल।

**मेष :** अपने पर विश्वास रखें। दूसरों के भरोसे में न रहें। आलस्य से बड़ा कोई शत्रु नहीं है। सजग रहें सतर्क रहें। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**वृषभः** दिनचर्या में बदलाव लाए। यश कीर्ति में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ बढ़ेगा। संतान पर ध्यान रखने की आवश्यकता है।

**मिथुनः** दिन की शुरूआत शुभ संकल्पों से होगी। नए कारोबार में लाभ की आशंका कम है।

**कर्क :** तरीकों में सुधार की जरूरत है। आज धनागमन सहज होगा। लाभ होगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा। कारोबार में विवाद शांत होंगे।

**सिंह :** कार्यस्थल पर स्थिति आपके पक्ष में बनेगी। परिवार में बुजुर्गों के स्वास्थ्य संबंधी समस्या बढ़ेगी। नौकरी में विवाद शांत होंगे।

**कन्या :** अपने पराए में फर्क समझें। दिनचर्या नियंत्रित रखें। बोलने से पहले विचार करें। दूर के मित्र से मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

**तुलाः** कम बोलें पर अच्छा बोलें। शत्रु भी प्रशंसा करेंगे। बाहरी विवादों का असर परिवार पर न होने दें। वैवाहिक जीवन में शांति रहेगी।

**वृश्चिकः** सोच से हट कर कार्य होने से परेशानी बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यस्थल का वातावरण पक्ष में होगा।

**धनु :** नौकरी में अशांति का वातावरण बनने के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। फिजूल खर्च बढ़ेंगे। धोखा होने की आशंका है।

**मकरः** दिन चिंताजनक व्यतीत हो रहे है। मानसिक पीड़ा हावी रहेगी। आर्थिक निवेश से लाभ के आसार।

**कुंभ :** दिन की शुरुआत आनंददायक रहेगी। पुराने मित्र से मुलाकात से लाभ के योग हैं। शत्रु परास्त होंगे। यात्रा के योग हैं।

**मीनः** समय के साथ अपने आचार विचार में बदलाव करना पड़ेगा। स्वयं के व्यवहार को बदलना पड़ेगा, मुश्किल है पर नामुमकिन नहीं।

**हस्तशिल्प** चंबा चप्पल से कामगार राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर अपने हुनर व जिला चंबा का नाम कर रहे रोशन

# चंबा की धरोहरों में अहम है चंबा चप्पल का स्थान

**एमएम डैनियल,चंबा**



हिमाचल प्रदेश राज्य की स्थापना स्वतंत्रता के पश्चात क्षेत्र की 30 पहाड़ी रियासतों को एकजुट करके 15 अप्रैल, 1948 को हिमाचल प्रदेश का गठन हुआ, जबकि 1 नवंबर 1966 को पंजाब के अस्तित्व में आने पर कुछ अन्य संबंधित क्षेत्रों को हिमाचल में मिला लिया गया।

हिमाचल राज्य के रियासतकालीन भाग चंबा जिला में हैंडी क्राफ्ट् उद्योग रियासतकाल से ही प्रसिद्ध रहा है, जिसमें एक वह भी समय था जब चंबा चप्पल बनाई के कार्य से जुड़े कामगार राज परिवार से लेकर दिहाड़ी लगने के दौर से गुजर कर जीविका कमाने पर विवश रहे, लेकिन चंबा चप्पल से जुड़े कामगारों ने आधुनिक युग में बुजुर्गों की अपनी इस विरासत को न केवल तलाशा बल्कि अपनी कारीगीरी का राष्ट्रीय से लेकर विश्व स्तर तक लोहा मनवाने में भी कोई कसर शेष नहीं छोड़ी, जिसकी बदौलत चंबा चप्पल जीआई टैग से शुमार होने सहित इससे जुड़े कामगार राष्ट्रीय पर ख्याति प्राप्त कर अपने हनुर व जिला चंबा का नाम रोशन कर रहे है। (अनंत ज्ञान)

### चंबा चप्पल पैरों की शान



**अरुण** ढालिया ने बताया कि जिला चंबा कशीदाकारी में प्रमुख स्थान रखता है, जिसमें चंबा चप्पल हस्तशिल्प भी रियासतकाल से अहम महत्व है। जिसका प्रमाण भूरी सिंह संग्रहालय में दीवारों पर राजा-महाराजाओं के मौजूद चित्रों में उनके पैरों में चंबा चप्पल साफ तौर शान बढ़ाती देखी जा सकती है। लेकिन वर्तमान में चमड़े के एवं अन्य सामग्री के बढ़ते दामों के चलते अब इसका अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त होने की ओर अग्रसर है।

### हस्तनिर्मित चमड़े से बनी है चप्पल



**मनमोहन** का कहना है कि ऐतिहासिक शहर चंबा में सुनहरे और रंगीन कढ़ाई से सजी चंबा की चप्पलें चंबा शहर के कारीगरों द्वारा बनाई जाती है। चंबा चप्पल हस्तनिर्मित चमड़े से बनी चप्पलें हैं जो प्राकृतिक चमड़े के साथ-साथ अन्य रंगों में भी आती हैं। चंबा चप्पल की डिमांड पूरे विश्वभर में है। जिसके तहत ऑनलाइन आर्डर से लेकर पर्यटक चंबा पहुंच कर चंबा चप्पल को खरीदते है।

### इस उद्योग को विश्व में मिली पहचान



**विनोद** कुमार ने कहा कि चंबा चप्पल अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा युवाओं के प्रयासों की बदौलत भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) के तहत गत वर्ष रजिस्टर्ड किया गया है। जिससे इस उद्योग को विश्व में एक नई पहचान व अस्तिव प्राप्त हुआ है।

### चंबा चप्पल की है बहुत डिमांड



**कुशल** कुमार का कहना है कि चंबा चप्पल की डिमांड बहुत है लेकिन कारीगिरों के अभाव और कच्ची सामग्री के दामों के बढ़ने से इस उद्योग पर काफी असर पड़ा है। जिसके तहत केंद्र व राज्य सरकार को इस दिशा में कोई कारगर योजना तैयार करने की आवश्यकता है।

# हमीरपुर से वृंदावन जा रही बस भोटा में पहाड़ी से टकराई, 35 सवारियां घायल

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

हमीरपुर से वृंदावन जा रही बस राष्ट्रीय राजमार्ग धर्मशाला-शिमला पर भोटा के टयाले-द-घट्ट के पास अनियंत्रित होकर पहाड़ी से जा टकराई। इससे 35 सवारियां घायल हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है।

घायलों को एंबुलेंस की मदद से भोटा सीएचसी ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस शनिवार रात को करीब 8:15 बजे हमीरपुर से वृंदावन जा रही थी। भोटा के पास टयाले-द-घट्ट मे मोड़ पर सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार को बचाते हुए बस अनियंत्रित होकर पहाड़ी से जा टकराई। गनीमत रही कि बस पलटने से बच गई।


टूटी बस

## बस के उड़े परखच्चे

**बस** की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए और बस की सीटें तक निकल गई। वहीं, हादसे का पता चलते ही एंबुलेंस कर्मी ईएमटी रविंद्र कुमार, पायलट बासुदेव डंगार से रवाना हुए ओर टयाले-द-घट्ट पहुंच कर हादसे में हुऐ घायलो का प्राथमिक उपचार शुरू किया और घायलों को भोटा अस्पताल मे भर्ती करवाया।


घायल सवारियां

# खुले में बह रही है सीवरेज की गंदगी

## घुमारवीं के पास पुराना बस स्टैंड में नाले में गंदगी से लोगों का जीना हुआ मुहाल, बीमारी फैलने का बढ़ा खतरा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत पुराना बस स्टैंड में बहने वाले नाले में बह रही सीवरेज की गंदगी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। जहां एक तरफ इस गंदे पानी से उठ रही बदबू से आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं, इससे बीमारियां फैलने का भी खतरा बना हुआ है।

वहीं, सीवरेज की गंदगी सीर खड्डु का पानी भी खराब कर रही है। स्थानीय लोग राजेश शर्मा, सुरेश शर्मा, नंदलाल शर्मा, कृष्ण लाल, सतीश कुमार, संजय कुमार, प्रवीण कुमार, प्रदीप कुमार आदि का कहना है कि इस बारे में उन्होंने कई बार संबंधित विभाग को शिकायत की है बावजूद इसके कोई समाधान नहीं हो पाया है। लोगों का आरोप है कि जल शक्ति विभाग द्वारा डाली गई सीवरेज की पाइपें लीक होने के कारण खुले में सीवरेज का पानी बह रहा है। इसका फायदा कुछ लोग गलत तरीके से उठा रहे हैं क्योंकि कुछ लोगों द्वारा अपने घरों के शौचालय का पानी भी सीधा नाली में छोड़ रखा है।

इस कारण नाले के चारों तरफ फैल रही बदबू के कारण वहां रहना मुश्किल हो गया है। जब की इस नाले के साथ ही प्राचीन मंदिर है तथा इस प्रकार फैलाई जा रही गंदगी से लोगों की आस्था को भी ठेस पहुंच रही है। बताते चले की सीरखड्डु पर घुमारवीं से लेकर सुनहानी तक कई पेयजल योजनाएं हैं। इन योजनाओं से दर्जनों गांव के हजारों लोगों को पीने का पानी मुहैया करवाया जाता है। लेकिन विभागीय अनदेखी के कारण सीवरेज की गंदगी इन पेयजल योजनाओं के जरिए लोगों के घरों में पहुंच रही है।

### अब भी नाले में फेंका जा रहा कूड़ा

**लोगों** का कहना है कि यह पिछले कई साल से समस्या चली आ रही है। इससे कई बार विभाग को अवगत करवाया गया है। स्थानीय लोग कई बार अन्य लोगों से नाले में कूड़ा-कचरा व गंदगी न फेंकने का कई बार आग्रह कर चुके हैं, लेकिन कुछ लोगों द्वारा अब भी नाले में कूड़ा-कचरा व अन्य गंदगी फेंकने का क्रम जारी है। उन्होंने विभाग से मांग की है कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने विभाग से यह भी मांग की है कि इस नाले में जाने वाले सीवरेज की पाइपों को भी ठीक करवाया जाए, ताकि उन लोगों को राहत मिल सके।


नाले में खुले में बहती हुई सीवरेज की गंदगी

कर्मचारी भेज कर सीवरेज लाइन को चेक करवाया जाएगा। अगर कहीं पर कोई फाल्ट होगा तो उसे ठीक करवा दिया जाएगा। इसके अलावा जिन लोगों ने अपने शौचायलयों का पानी भी खुले रूप से नाले में छोड़ रखा होगा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

**- मस्तराम चौहान**
**जल शक्ति विभाग घुमारवीं**

## न्यूज ब्रीफ

### संस्कारों से ही संवरता है बच्चों का भविष्य

**झंडूता।** झंडूता के श्री सर्वेश्वर मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में चौथे दिन कथावाचक संदीप शास्त्री ने आज ध्रुव, प्रहलाद और भगवान श्री रामचंद्र के चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि माता-पिता के संस्कारों से ही बालक का भविष्य सवंरता है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार ध्रुव जी की सौतेली माता ने के उन साथ सौतेला व्यवहार किया। इसके कारण ध्रुव जी को बड़ा ही कष्ट हुआ। परंतु उनकी माता सुनीति ने बालक ध्रुव समझाते हुए कहा कि बड़ों की बात का बुरा नहीं मानते हैं और संसार से शिकायत करने से कोई लाभ नहीं मिलेगा अच्छा तो यही है कि जीवन में जो कुछ भी सुख दुःख आता है। उसे प्रभु प्रसाद समझ कर स्वीकार कर लेना चाहिए।

### नयनादेवी मंदिर में 60 हजार श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

**श्रीनयनादेवी जी।** हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्रीनयना देवी में रविवार के दिन छठे नवरात्र पर 60 हजार से ज्यादा श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचे और माता का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने बताया की मंदिर न्यास को चढ़ावे के रूप में पांचवें नवरात्र पर पर 16 लाख 51 हजार 960 रुपए नकद, सोना तीन ग्राम 200 मिली ग्राम, चांदी एक किलो 956 ग्राम, विदेशी मुद्रा के रूप में ऑस्ट्रेलिया 55 डॉलर, यूरो 5, यूएसए एक डॉलर, मलेशिया 100 आरएम प्राप्त हुए।

### होमगार्ड के जवानों ने वापस किया खोया मोबाइल

**श्रीनयनादेवी जी।** विश्व विख्यात शक्ति पीठ श्री नयना देवी जी में चैत्र नवरात्र में आजकल पूरा मंदिर क्षेत्र माता जी के जयकारों से गूंज रहा है। देश-विदेश के कोने कोने से श्रद्धालू माता जी के दर्शनों, पूजा अर्चना और शुभ आर्शीवाद प्राप्त करने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं, प्रशाशन भी पूरी तरह से श्रद्धालुओं को हर तरह सुविधाएं देने के लिए तत्पर है। वहीं, होमगार्ड के जवानों ने उत्तर प्रदेश के मथुरा से माता जी के दर्शनों को आए हुए श्रद्धालुओं का मोबाइल वापस देकर ईमानदारी की एक मिशाल पेश की है। मंदिर सुरक्षा प्रभारी परमजीत सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर में निकासी द्वार पर ड्यूटी में तैनात सेक्शन लीडर रीता देवी, गृह रक्षक प्यार चंद को एक मोबाइल फोन गिरा हुआ मिला। जिसे इन्होंने अपने पास रख कर अनाउंसमेंट करवाई। इसके बाद श्रद्धालु भी कंट्रोल रूम में पहुंचे और श्रद्धालू सविता देवी को मोबाइल फोन मंदिर कर्मचारी अजीत कुमार के सामने वापिस किया गया। यूपी से आए हुए श्रद्धालुओं ने सभी गृहहरक्षको की ईमानदारी की प्रशंशा की और सभी का धन्यवाद किया।

### बैरी दड़ोला में भीमराव अंबेडकर को किया याद




**बिलासपुर।** नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर के सौजन्य से ग्राम पंचायत बैहना जट्टा के अंतर्गत गांव बैरी दडोला मे डॉ. भीमराव अंबेडकर युवक मंडल बैरी दडोला के सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा भारत रतन डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बाबा साहेब को पुष्पअर्पित किए गए और गांव के मेधावी छात्रों मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। डॉ. भीमराव युवक मंडल के प्रधान मुनीश कुमार ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का जनक कहा जाता है। 14 अप्रैल को उनकी जयंती देशभर में मनाई जाती है। बाबा साहेब ने शिक्षा को सर्वोपरि माना। वो कहते थे कि शिक्षा से हर लड़ाई लड़ी और जीती जा सकती है। इसलिए शिक्षित, संगठित और संघर्षकारी रहते हुए समाज के लिए काम करते रहना चाहिए। बाबा साहेब का मानना था कि, गरीब और वंचित समाज को यदि प्रगति करनी है तो इसका एकमात्र जरिए शिक्षा ही है। शिक्षा को लेकर बाबा साहेब के इन विचारों से पता चलता है कि वे गतिशील व प्रगतिशाली समाज के लिए शिक्षा को कितना अहम मानते थे। शिक्षा को लेकर उनके तीन सूत्र थे- शिक्षा, संगठन और संघर्ष। इसका अर्थ है कि संगठित होकर संघर्ष करने के लिए शिक्षित होना जरूरी है। इस मौके पर युवक मंडल उप प्रधान सोनू डोगरा, सचिव पलक ,कोषाध्यक्ष सनेहा, सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर अनमोल कुमार, हेमलता, सनेहा, हरि ओम, नवीन, गुरुप्रीत, मनोज कुमार,विनय प्रिंस, रॉबिंन चंदेल,नितिन, इत्यादि सदस्य मौजूद रहे।

# भाजपा स्वार्थ की राजनीति पर उतारुः रायजादा

## अंब में पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**अनंत ज्ञान, अंब**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बैठक में उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा स्वार्थ की राजनीति पर आ चुकी है। धनबल से चुनी हुई सरकारों को तोड़ने का प्रयास किया गया है। हिमाचल का घटनाक्रम साबित करता है कि सत्ता की भूख भाजपा को है।

प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पार्टी को 40 सीटों के साथ बहुमत दिया, लेकिन भाजपा ने उस बहुमत को नकारते हुए इन विधायकों को न केवल खरीदा और बल्कि अपने नेताओं को नकारकर उन्हें उपचुनाव में टिकटें भी दीं। राजनीति में आदर्श बहुत बड़ी चीज होते हैं। आपके आदर्श अच्छे होने चाहिए। अच्छे आदर्शों और विजन से ही सरकार चलती हैं। भाजपा के लोग बागियों साथ लेकर धनबल के प्रयोग से सत्ता पर बैठना चाहते थे वो हो नहीं पाया। भाजपा के लोग ऑपरेशन लोटस प्रयोग देश के हर कोने में करते थे, लेकिन यह पहली बार हुआ कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाजपा के ऑपरेशन लोटस को हिमाचल में फेल कर दिया क्योंकि उनके साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और विधायक सुदर्शन सिंह बबलू खड़े थे और कांग्रेस के अन्य विधायकों ने भी इसमें सहयोग किया। पूर्व विधायक ने भाजपा के कार्यकर्ताओं से भी अपील करते हुए कहा कि अगर आपके शीर्ष नेतृत्व ने गलती की तो उस गलती को सुधारने का वक्त आ गया है। आप सब लोगों को पार्टी लाइन से उठकर अपना वोट कांग्रेस को करना चाहिए। कहा कि ये लोग हिमाचल की दलगत और पैसे की राजनीति लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव में उनकर भरोसा जताती है तो वह यहां जीतकर संसद ओर दिल्ली में अपने क्षेत्र की जनता के हकहकूत बात पुरजोर तरीके से उठाएंगे।


अंब में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे सतपाल रायजादा का स्वागत करते स्थानीय नेता।

### भाजपा धर्म के नाम पर मांगती है वोट

**चिंतपूर्णी** विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार का 15 माह का कार्यकाल अप्रत्याशित और जनभानाओं को पूरा करने वाला रहा है। कांग्रेस सरकार ने अपनी पहली की कैबिनेट बैठक में कर्मचारियों को न केवल ओपीएस देने गारंटी को पूरा करने पर मोहर लगाई। बल्कि महिलाओं को 1500-1500 रुपए सम्मान निधि देने की गारंटी को भी पूरा किया, लेकिन प्रदेश की महिला विरोधी भाजपा पार्टी के नेताओं ने चुनाव आयोग से इसकी शिकायत करके इस योजना को रोकने का काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर और कांग्रेस पार्टी केवल अपने वोट मांगती है। कांग्रेस सरकार की ऐसी कई जन हितैषी योजजाएं हैं जिन्हें कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनता के बीच लेकर जाने की जरूरत है।

## भाजपा 400 से अधिक सीटों पर लहराएगी परचम: गर्ग

**घुमारवीं।** भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस का लोकसभा चुनावों में सूपड़ा साफ हो जाएगा। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 400 से अधिक सीटों पर परचम लहराएगी। यह बात पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने रविवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर घुमारवी एससी मोर्चा भाजपा द्वारा कपाहड़ा पंचायत के चेली में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। गर्ग ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र की झलक साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने भाजपा के पक्ष में मतदान करके केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। राजिंद्र गर्ग ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारत की एकता एवं अखंडता के मुख्य सूत्रधार रहे हैं। अंबेडकर और पटेल के दम पर ही भारत एकता के सूत्र में बंध पाया। भाजपा सरकार ने बाबा साहेब अंबेडकर के नाम पर पंचतीर्थ का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार अंबेडकर के सपनों को साकार कर रही है। जबकि कांग्रेस को दलित वर्ग की चुनावों के समय ही याद आती है। कई कल्याणकारी योजनाएं चलाकर लोगों को लाभान्वित किया है।







# ऊना में पिछले साल फायर फाइटरों ने 13 लोगों और 16 पशुओं की बचाई जान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अग्निशमन केंद्र ऊना में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत आमजन को जागरूक करने का अभियान शूरू हो गया है। इस दौरान केंद्र में दो मिनट का मौन रख आग बुझाते समय शहीद हुए फायर फाइटरो को श्रद्धांजलि दी गई। बताया गया कि हिमाचल प्रदेश में अग्निशमन विभाग का गौरवमय इतिहास रहा है।

वर्ष 2009 में नालागढ़ में आग बुझाते समय दो फायर-फाइटर शहिद हो गए थे। ऊना जिला में अग्निशमन कर्मचारियों ने वर्ष 2023 में बेहतर प्रदर्शन किया है। जिला ऊना में 95 अग्निकांड हुए है व 17 वचाब कार्य किए गए है। इस दौरान आग से 36 लाख 14 हजार का नुकसान हुआ। जबकि फायर फाइटरों की तत्परता से 8 करोड़ 35 लाख 65 हजार की संपत्ति को आग से बचाया गया। इतना ही नहीं फायर कर्मचारियों ने 13 लोगों की जान भी बचाई है व 16 पशुओं को सुरक्षित किया है। 14 अप्रैल से शुरू हुए अभियान के अंतर्गत केंद्र क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों, बस अड्डा, अस्पताल, शैक्षणिक संस्थानों में आमजन को आग को लेकर जागरूक करने का अभियान शूरू किया गया है। केंद्र में अग्निशमन उपकरनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है।



अग्निशमन केंद्र ऊना में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह कार्यक्रम के दौरान मौजूद अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

### दंगल आठ मई को

**घुमारवीं।** बिलासपुर जिले के घुमारवीं के चैहड़ में 18 अप्रैल को होने वाला भारत केसरी दंगल अब 8 मई को होगा। इस दंगल में महाराष्ट्र के 21 वर्षीय पहलवान पृथ्वीराज की कुश्ती मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। कमेटी द्वारा विशेष तौर पर महाराष्ट्र के पृथ्वीराज व पंजाब के जस्सा पट्टी के बीच कुश्ती करवाने का निर्णय लिया है।




# लक्ष्य निर्धारित करके खेलों में आगे बढ़ें युवा : अजय ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत ग्राम पंचायत खरयालता के गांव बही मैदान में रविवार को डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर के सौजन्य से क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान के संदेश प्रसार एवं युवाओं को नशे से दूर रहने की पहल की है। युवाओं को चुनावों में मतदान के लिए प्रेरित करने को समर्पित इस पहल के लिए शुरू हुई डोगरा क्रिकेट कप प्रतियोगिता 2024 का उद्घाटन मुख्यातिथि ह्यूमन राइट्स बिंग के राज्य अध्यक्ष एवं जिला भाजयुमो सचिव अजय ठाकुर ने रिबन काटकर किया।

उद्घाटन के बाद खिलाड़ियों से रू-ब-रू होते हुए सबका हौसला बढ़ाया। वहीं, इससे पहले मुख्यातिथि का स्वागत डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट के उपप्रधान चंद्र भूषण राणा ने किया। वह, इस दौरान मुख्यातिथि अजय ठाकुर को स्थानीय ग्राम पंचायत खरयालता प्रधान राकेश धीमान ने शाल, टोपी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आज पहला मैच भंजाल क्लब एवं नैहरियां क्लब के बीच खेला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि अजय ठाकुर ने कहा कि खेलकूद से हमेशा शारीरिक और मानसिक लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि जीत के लिए खिलाड़ियों को अति उत्साहित तथा हार से निराश नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक अभिषेक डोगरा, पंचायत खरयालता प्रधान राकेश धीमान, चैरिटेबल ट्रस्ट के उपप्रधान चंद्र भूषण राणा, साजन ठाकुर, राजन ठाकुर, एडवोकेट अमित साहनी, संदीप डोगरा, नीरज साहनी, विक्की शर्मा, सूरज, दीपक पराशर, डीपी, लकी शर्मा, बंटी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### घुमारवीं में दो मिनट का मौन रखकर अग्निशमन शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**घुमारवीं।** घुमारवीं में अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों द्वारा दमकल चौकी घुमारवीं में अग्निशमन सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर अग्निशमन शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर दमकल चौकी घुमारवीं के इंचार्ज अमृतलाल ने अग्निशमन सप्ताह की जानकारी देते हुए बताया कि इस सप्ताह एक स्मृति दिवस है 66 अग्निशमन कर्मचारियों की शहादत का जिन्होंने जन सेवा करते हुए मृत्यु को गले लगाया। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डाक मुंबई में सेना की विस्फोटक सामग्री से भरा पानी का जहाज आग की लपटों में घिर गया आग पर काबू पाने के लिए मुंबई फायर सर्विस के 366 अधिक अधिकारी व कर्मचारी घटनास्थल पर भेजे गए जो आग बुझाने के काम में जुट गए। लेकिन जहाज में एक बहुत बड़ा विस्फोट हुआ। अग्निशमन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने अटूट साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए आग पर काबू पाने का भरसक प्रयत्न किया आग पर नियंत्रण पा लिया गया। लेकिन इस कोशिश में 66 फायरमैन को अपनी जान की आहुति देनी पड़ी। उन्हीं अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस दिवस के विभिन्न आयोजन 20 अप्रैल तक यानी पूरे सप्ताह चलते हैं। इस अग्निशमन सप्ताह को मनाने का उद्देश्य नागरिकों को अग्निकांड की रोकथाम व बचाव की जानकारी प्रदान की जाती।












# छह माह बाद खुले चूड़ेश्वर धाम के कपाट, सैकड़ों ने नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, नाहन**

छह महीने के पश्चात सिरमौर के लाखों लोगों की आस्था का मुख्य केंद्र चूड़ेश्वर महाराज के कपाट बैसाखी माह की संक्रांति के दिन खुल गए। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने चूड़ेश्वर महाराज के दर पर शीश नवाया। वहीं आज से चूड़धार की धार्मिक यात्रा भी आरंभ हो गई।

सिरमौर की सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला में चूड़ेश्वर महाराज मंदिर के कपाट नवंबर के शुरू में ही आम लोगों के लिए बंद हो जाते हैं और छह माह के पश्चात बैसाखी माह के संक्रांति को चूड़ेश्वर धाम के कपाट खुल जाते हैं। बता दें कि अक्तूबर के अंत में और नवंबर के आरंभ में ही चूड़धार में हिमपात होना शुरू हो जाता है, जिसके चलते भारी बर्फबारी के कारण प्रशासन द्वारा चूड़धार की यात्रा पर पूर्ण पाबंदी लगा दी जाती है। भले ही प्रशासन द्वारा नवंबर महीने के बाद यात्रियों के आवागमन पर प्रशासनिक तौर पर पाबंदी लगा दी जाती है, बावजूद इसके भी श्रद्धालु अपने आराध्य देव के दर्शन को पहुंच जाते हैं।

चूड़धार धाम के कपाट खुले इसके साथ ही चूड़धार की धार्मिक यात्रा भी आरंभ हो गई। वहीं आज नोहराधार, हरिपुरधार और सराहां से भारी संख्या में श्रद्धालु और धार्मिक पर्यटक चूड़ेश्वर के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओं का कहना है कि चूड़धार प्रदेश के रमणीक स्थलों में से एक है। वहीं, लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र आराध्य देव शिरगुल महाराज के दर्शन को श्रद्धालु लालायित रहते हैं। नवरात्र के अवसर पर आज बैसाखी माह की संक्रांति के दिन चूड़धार में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शीश नवाया।


चूड़धार स्थित शिरगुल देवता का मंदिर।

## नाहन में सात जुलाई को निकलेगी श्री जगन्नाथ रथयात्रा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

ऐतिहासिक शहर नाहन में भगवान श्री जगन्नाथ जी की 16वीं भव्य रथ यात्रा सात जुलाई को निकाली जाएगी। इससे पूर्व के आयोजन को लेकर भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा मंडल ने कार्यक्रम का शेड्यूल जारी कर दिया है। 15 अप्रैल से प्रभात फेरी शुरू हो जाएगी। साथ ही लड्डू गोपाल जी का श्रद्धालुओं के घरों में भव्य अनुष्ठान भी किया जाएगा। ये कार्यक्रम 30 जून तक चलेंगे। 28 जून से 4 जुलाई तक भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर के बड़े हॉल में श्रीमद् भागवत पुराण कथा का आयोजन होगा। ये कथा रोजाना शाम तीन से सात बजे तक चलेगी। इसके बाद पांच और छह जुलाई को विग्रहों की पूजा-अर्चना होगी। सात को सुबह आठ बजे पूर्णाहुति के बाद रथयात्रा का शुभारंभ पालकी यात्रा के साथ होगा। भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा मंडल नाहन के अध्यक्ष प्रकाश बंसल ने बताया कि पालकी यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर हिंदू आश्रम, दिल्ली गेट, नया बाजार, कालीस्थान मंदिर से होते हुए ऐतिहासिक चौगान मैदान पहुंचेगी। जहां भगवान श्री जगन्नाथ के रथ पर पालकियों को आरूढ़ कर आरती होगी। यहां 56 भोग लगने के बाद ठीक 11:00 बजे भगवान श्री जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम (बलभद्र) के साथ शहर के भ्रमण पर निकलेंगे। ये यात्रा दर शाम शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए कच्चा टैंक स्थित रघुनाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान श्री जगन्नाथ जी अपनी मौसी के निवास स्थान पर विश्राम करने के बाद दोबारा पालकी में सवार होकर बड़ा चौक स्थित अपने मंदिर पहुंचेंगे। ये यात्रा शाम आठ बजे खत्म होगी।



## झूठी गारंटी देने वाले नेताओं को जनता वोट की चोट से देगी जवाब : प्रताप

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश की जनता झूठी गारंटी देने वाले नेताओं को लोकसभा चुनाव में वोट की चोट से करारा जवाब देगी।



रावत ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने प्रदेश की जनता से कहा था कि यदि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है, तो हम प्रदेश के सभी बेरोजगार युवाओं को प्रति वर्ष एक लाख सरकारी नौकरियां देंगे और पांच वर्ष में पांच लाख सरकारी नौकरियां देंगे और 18 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाओं को प्रति माह 15 सौ रुपए भी देंगे और हर घर को तीन सौ यूनिट बिजली भी मुफ्त देंगे इसके साथ ही सौ रुपए किलो भैंस का दूध और 80 रुपए किलो गाय का दूध भी लेंगे और दो रुपए किलो गोबर भी लेंगे, लेकिन सरकार को बनते हुए डेढ़ वर्ष से भी अधिक समय हो गया है, लेकिन आज तक इनमें से एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है, जिससे प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता झूठ पर झूठ बोल रहे हैं। प्रदेश की जनता लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पार्टी के नेताओं से इन झूठी गारंटियों का हिसाब मांगेगी। देश व प्रदेश की जनता सिर्फ और सिर्फ पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करती है। भाजपा प्रदेश की चारों लोकसभा एवं सभी विधानसभा उपचुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी और प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार सत्ता में काबिज होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कबड्डी में कांडी ने टिंबी को दी मात

**पांवटा साहिब।** क्षेत्रीय विकास समिति टिंबी में रविवार को विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में सिरमौर कबड्डी ऐसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप राणा ने शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कबड्डी खेलने के लिए मेट भेंट की। वॉलीबाल का पहला मुकाबला राणा यंग स्टार मिल्ला और बकरास के बीच हुआ, जिसमें राणा यंग स्टार मिल्ला ने मुकाबले को बड़े अंतर से जीत हासिल की। वहीं आज का कबड्डी का पहला मुकाबला टिंबी और कांडी के बीच हुआ, जिसमें कांडी ने इस मुकाबले को बड़े अंतर से जीत हासिल की, तो वहीं आज का तीसरा मुकाबला शलिया और काशीपुर पांवटा साहिब के बीच हुआ, जिसमें काशीपुर पांवटा साहिब ने दोनों सेट में जीत दर्ज की और मुकाबला अपने नाम किया।

### इंटरनल विश्वविद्यालय में किसान मेला संपन्न

**राजगढ़।** इंटरनल विश्वविद्यालय बड़ू साहिब के सौजन्य से अकाल कृषि कॉलेज की ओर से आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय किसान मेले संपन्न हो गया। इस मेले का शुभारंभ कलगी धर ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबा डॉ. दविंदर सिंह के आशीर्वाद से संगीत के छात्रो द्वारा शब्द-कीर्तन से हुआ। फिर कुलपति डॉ. जसविंदर सिंह, उपकुलपति डॉ. अमरीक सिंह आहलूवालिया, पूर्वकुलपति डॉ. एचएस धालीवाल, डॉ. टीएस बेनीपाल, किसान मेला संयोजक डॉ सतीश कुमार शर्मा, डॉ एसके चौहान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उपकुलपति डॉ. अमरीक सिंह आहलूवालिया ने सभी उपस्थित किसानों व छात्रों का स्वागत अभिनंदन भाषण दिया।

### लोक कलाकारों के नाम रही सांस्कृतिक संध्या

**राजगढ़।** तीन दिवसीय श्री शिरगुल देवता जिला स्तरीय बैसाखी मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से समा बांधा और लोगों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकार सुजाता मजूमदार, गगन, डॉ. मदन झाल्टा तथा हनी नेगी ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों ने भी श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। राजगढ़ के नेहरू मैदान में आयोजित प्रथम सांस्कृतिक संध्या में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एलआर वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरमौर योगेश रोल्टा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### श्रद्धा भाव से मनाया खालसा सृजना दिवस

**सोलन।** गुरुद्वारा सिंह सभा सपरून में खालसा सृजना दिवस श्रद्धा भाव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए व उसके उपरांत कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय रागी जत्थों सहित विशेष रूप से जगाधरी से आए भाई भूपेंद्र सिंह ने कीर्तन कर संगतों को खालसा सजना दिवस के बारे में बताया कि आज ही के दिन श्री गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की सृजना की थी।

### देव दयारश मंदिर में मां चंडी पाठ शुरू

**सोलन।** चामत-भड़ेच पंचायत स्थित विजेश्वर महादेव व देव दयारश मंदिर में मां चंडी पाठ शुरू हो गए हैं। इसके साथ ही यहां पर 17 व 18 अप्रैल को मंदिर सेवा समिति की ओर से सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चे एकसाथ गुरु से दीक्षा प्राप्त कर ब्रह्मचर्य के पालन का प्रण लेंगे। इस दौरान इन बच्चों को नित्य संध्या वंदन व नशे से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया।

# पर्यटन को नहीं मिल रहा बढ़ावा


## परवाणू-शिमला तक नहीं मिलती पार्किंग सुविधा, पर्यटन स्थलों की जानकारी के लिए नहीं साइन बोर्ड

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नेशनल हाईवे पर स्थित सोलन सिटी में पर्यटन की अपार संभावनाएं होते हुए भी प्रदेश में देश-विदेश से आने वाले पर्यटक सुविधाओं के अभाव में यहां रूकने के बजाए शिमला-किन्नौर का रुख करते हैं। पर्यटकों को परवाणू से लेकर शिमला तक कहीं भी पार्किंग व अन्य मूलभूत सुविधाएं ही नहीं मिल पाती।

इसके चलते पर्यटक सोलन के पर्यटन स्थलों में भ्रमण से वंचित रह जाते हैं। प्रदेश में पहुंचने वाले पर्यटकों को सबसे अधिक समस्या पार्किंग की रहती है। सोलन शहर में पार्किंग की सुविधा नहीं होने से पर्यटक यहां रूकना पसंद ही नहीं करते हैं। सोलन शहर व इसके आसपास क्षेत्रों में भी पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं पर राजनीतिक व प्रशासनिक इच्छा शक्ति के अभाव में पर्यटन को बढ़ावा नहीं मिल पाया।

यदि सोलन में पार्किंग की सुविधा के साथ ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हो, तो यहां भी प्रदेश के अन्य पर्यटन स्थलों की तर्ज पर पर्यटकों का आकर्षण बढ़ेगा। (अनंत ज्ञान)




> शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पार्कों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। साथ ही नगर निगम कार्यालय और ओल्ड बस स्टैंड में बड़ी पार्किंग बनाए जाने की योजना है।
> **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### लंबित पड़ी है पार्किंग की योजना

शहर में विकराल होती पार्किंग की समस्या हल करने के लिए माल रोड समेत सपरून व पुराना बस स्टैंड में बहुमंजिला पार्किंग की योजना है। योजना को बने कई वर्ष बीत जाने के बावजूद इससे सिरे नहीं चढ़ाया जा सका है। माल रोड के रेलवे रोड पर मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने 2006 में बहुमंजिला का शिलान्यास कर चुके हैं, लेकिन किन्हीं कारणों से इसका निर्माण कार्य अभी अधर में पड़ा है। इसी तरह पुराना बस स्टैंड व सपरून में भी बहुमंजिला पार्किंग के निर्माण की योजना है। कहने को तो शहर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए कई योजनाएं बनीं पर फाइलों से बाहर नहीं निकली। पर्यटन सीजन पीक पर होने के बावजूद देश-विदेश से प्रदेश में पहुंच रहे पर्यटक सुविधाओं के अभाव में सोलन में रुकने के बजाए शिमला किन्नौर जाना बेहतर समझते हैं।



### स्कॉर्पियो-बाइक टक्कर का मामला

## आरोपियों की तलाश में पुलिस कर रही छापेमारी

**बीबीएन।** नालागढ़ के बगलैहड़ में आपसी रंजिश के चलते साजिश के तहत गाड़ी से टक्कर मार बाइक सवार की हत्या के मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के साथ लगते बॉर्डर के एरिया में आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है और जल्द ही गिरफ्तारी के दावा किए जा रहे हैं।

पुलिस ने परमजीत उर्फ रिक्की, अभिषेक व सूरज के खिलाफ धारा-302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया है। बगलैहड़ पंचायत के गांव शेरांवाली में स्कॉर्पियो गाड़ी ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मारी थी, जिन्हें गंभीर चोटें पहुंची। पुलिस ने भी एक पीड़ित के बयान पर दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया था, लेकिन जब पुलिस ने एसएफएल की टीम को बुलाया तो खुलासा हुआ कि गाड़ी से जानबूझकर साजिश के तहत टक्कर मारी थी और हादसे में बीते दिन सुखविंद्र सिंह निवासी पंजैहरा की मौत हुई है। पुलिस ने तुरंत एसएफएल की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज किया। वहीं, मृतक के पिता हरनेक सिंह ने भी आरोप लगाते हुए तीन युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाया था। डीएसपी, नालागढ़ फिरोज खान ने बताया कि आरोपियों की तलाश में कार्रवाई जारी है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# मोदी सरकार में वंचितों की सेवा सर्वोपरि : बिंदल

**अनंत ज्ञान, सिरमौर**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नाहन मंडल की ओर से आयोजित भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती रविवार को पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। बिंदल ने आंबेडकर का स्मरण करते हुए कहा कि केंद्र ने मोदी सरकार में वंचितों की सेवा सर्वोपरि है और इसी दृष्टि से छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले 58 प्रतिशत छात्र एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग से हैं। इससे समस्त समाज को शिक्षित बनाने के संकल्प पर अद्भुत काम हुआ है। पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत 71 प्रतिशत एससी, एसटी और ओबीसी किसान लाभान्वित हुए हैं। मुद्रा योजना के अंतर्गत 40 करोड़ लाभार्थी में से 51 प्रतिशत एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग से हैं। जनजातीय समाज के स्वास्थ्य देखभाल के लिए केंद्रित दृष्टिकोण से हम जनजातीय बच्चों के बीच कुपोषण को खत्म करने और जनजातीय क्षेत्रों में मिशन मोड में व्यापक स्वास्थ्य देखभाल और सेवाएं प्रदान करने की दिशा में काम करेंगे, हम सिकल सेल एनीमिया को खत्म करने की दिशा में काम करेंगे, यह हमारा संकल्प है।


नाहन मंडल के आयोजित भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में मुख्यातिथि पहुंचे बिंदल।

# सोलन में संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत, मायके वालों ने जताया संदेह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन के कलीन में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यूपी के बिजनौर निवासी उसके परिजनों ने सोलन पहुंच कर पुलिस को उसके ससुरालियों पर संदेह जताते हुए शिकायती पत्र सौंपा।

मृतका के भाई अक्षय और रमेश ने बताया कि मृतका रश्मि दो बच्चों की मां थी। वह कान से कुछ ऊंचा सुनती थी। उसका पति अश्वनी भी दिव्यांग है और वह कलीन में दुकान चलाता है। कल अश्वनी ने उन्हें फोन करके रश्मि की मौत की जानकारी दी, लेकिन उसने तीन बार में उन्हें अलग-अलग कहानी बताई। इस पर उन्हें संदेह हुआ। आज वे सोलन पहुंचे, तो उन्होंने रश्मि के शव को देखा उसके गले पर गला दबाने के निशान साफ दिखाई पड़े।



इस पर उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायत दी और पुलिस ने सब का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बिजली बोर्ड के पेंशनर्स सरकार की अनदेखी से नाराज

**नाहन।** बिजली बोर्ड से सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बिजली बोर्ड व प्रदेश सरकार पर अनदेखी के आरोप लगाए हैं, जिला मुख्यालय नाहन में बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई, जिसमें पेंशनर्स की समस्याओं पर मंथन किया गया।

मीडिया से बात करते हुए एसोसिएशन के महासचिव कमलेश पुंडीर ने बताया कि बिजली बोर्ड के पेंशनर्स को पीछे लंबे समय से एरियर का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जबकि अन्य विभागों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को यह लाभ मिल चुका है। बिजली बोर्ड के पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर न तो सरकार और न ही बिजली बोर्ड के अधिकारी गंभीर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के आदेशों के बावजूद बिजली बोर्ड एरियर का भुगतान नहीं कर रहा है।

## महान व्यक्तित्व थे भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर : अवस्थी


अंबेडकर सभा की ओर से मनाई गई बाबा साहिब डॉ. भीमराव की जयंती पर मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

हिमाचल अंबेडकर सभा की ओर से बाबा साहिब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती शिव मंदिर दाड़लाघाट में रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य संसदीय सचिव, विधायक अर्की व कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस संजय अवस्थी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर एक महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपना सारा जीवन दलित और गरीब वर्गों के उत्थान के लिए लगा दिया। इससे पहले सीपीएस व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भीमराव अंबेडकर के चित्र पर फूल-माला अर्पण कर उन्हें नमन किया। सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों को जीवन में अपनाने का प्रण लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनसूचित अर्की मंडल अध्यक्ष राकेश चौहान ने की। अनुसूचित विभाग महासचिव ओमप्रकाश भाटिया व प्रवक्ता संतराम पंवर ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर अर्की मंडल अध्यक्ष सतीश कश्यप, बाघल लैंड लूजर प्रधान जगदीश ठाकुर, अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष व अंबडेकर सभा अध्यक्ष अर्की सीडी बंसल आदि मौजूद रहे।

## कलाथा में 17 को विशु मेला

**पांवटा साहिब।** आंजभोज के टौंरू, भैला, कलाथा तीनों गांव में 17 को श्री शिरगुल महाराज की तपोस्थली बुंगा टींबी के विशु (मेले) का आयोजन होने जा रहा है। इसको लेकर ग्रामीण तैयारियों में जुट चुके हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्रवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी को पहाड़ी संस्कृति को जिंदा रखने में सहयोग करना चाहिए। इस मेले में टौंरू, भैला और कलाथा से शिरगुल महाराज की जातर आएगी। हर साल की इस वर्ष भी सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। इस दिन केंद्रीय चूड़ेश्वर सेवा समिति और आंजभोज चूड़ेश्वर सेवा समिति के द्वारा एक पुस्तिका का अनावरण भी किया जाएगा। वहीं, टौंरू, भैला, कलाथा तीनों गांव की तरफ से हजार साल पुराने इतिहास को लोगों के सामने लाने का एक प्रयास इस एक पुस्तिका के माध्यम से किया जा रहा है।

**आयोजन** अर्की में बड़े हर्षोल्लास से मनाई डॉ. भीमराम अंबेडकर की 134वीं जयंती

# पूरा देश बाबा साहब का ऋणी : ओंकार


**अनंत ज्ञान, अर्की**


डॉ. भीमराम अंबेडकर महासभा अर्की ने भारत रत्न डॉ. भीमराम अंबेडकर की 134वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष उमालाल ने की व अंबेडकर सभा हिमाचल के अध्यक्ष ओंकार भाटिया बतौर मुख्यातिथि शरीक हुए।

विभिन्न पंचायतों के प्रधान व लोगों ने रैली का आयोजन कर जय भीम के नारे लगाए व रैली का आयोजन अंबेडकर भवन से होकर विजयंत थापर चौक तक किया गया। इस अवसर पर मुख्यतिथि ओंकार भाटिया ने कहा कि सारा देश बाबा साहब का ऋणी है तथा बाबा साहेब भारतीय बहुज्ञ, अर्थशास्त्री, राजनीति और समाज सुधारक थे उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों दलितों से समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक भेदभाव के विरूद्ध अभियान चलाया साथ ही श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा नारा लेखन, निबंध लेखन, कविता लेखन प्रतियोगिता भी की गई। कार्यक्रम में महासभा उपाध्यक्ष जगत राम बंसल, मुख्य सलाहकार बीआर भाटिया, महासचिव सीडी पंवर, कोषाध्यक्ष नंदलाल भगत, कानूनी सलाहकार अधिवक्ता पार्वती देवी, मंजीत भाटिया, मनसाराम, प्रीतम दास, सुंदर लाल, गीता राम बंसल, ललित कुमार व अन्य सदस्यों सहित अन्य ने भाग लिया।


डॉ. भीमराम अंबेडकर महासभा अर्की ने मनाई भारत रत्न डॉ. भीमराव की जयंती।

हिमाचल दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं






# रिज पर बारिश में भी पुलिस के जवानों ने की परेड की रिहर्सल



हिमाचल दिवस की परेड को लेकर रविवार को बारिश रिहर्सल करते हुए पुलिस के जवान।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल दिवस की जोरों-शोरों से तैयारियां जारी हैं। पुलिस ने फुल ड्रेस में रिहर्सल की।

पुलिस और होमगार्ड बैंड सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम खासे आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आचार संहिता के कारण इस बार दूसरे राज्यों की टुकड़ियां परेड में हिस्सा नहीं लेंगी। परेड की रिहर्सल की यादें सैलानियों ने अपने मोबाइल फोन में कैद भी कीं। राजधानी शिमला के रिज मैदान पर 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम मनाया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। इस बार पुलिस, होमगार्ड, एनएसएस सहित कुल 14 टुकड़ियां परेड में शामिल होंगी। वहीं, हिमाचल दिवस की परेड के लिए पुलिस तैयारी में जुटी है।

> हिमाचल दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर रिज मैदान में परेड की रिहर्सल चल रही है। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। शहर में कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने में शिमला पुलिस का साथ दे।
>
> **-संजीव गांधी**
> **पुलिस अधीक्षक, शिमला**

### दूसरे राज्यों की टुकड़ियां परेड में नहीं लेंगी हिस्सा

**पुलिस** और होम गार्ड बैंड सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम खासे आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आचार संहिता के कारण इस बार दूसरे राज्यों की टुकड़ियां परेड में हिस्सा नहीं लेंगी। पुलिस परेड के अलावा हिमाचल के अलग-अलग जिलों के सांस्कृतिक दल भी कार्यक्रम में संस्कृति की झलक दिखाएंगे। रिज मैदान पर चल रही पुलिस जवानों की परेड सैलानियों के लिए आकर्षण बनी हुई है। परेड की रिहर्सल की यादें सैलानियों ने अपने मोबाइल फोन में कैद भी कीं। इसके अलावा पुलिस जवानों के साथ सेल्फी लेने का दौर भी रिज मैदान पर चला। रविवार को शिमला में भारी मात्रा में सैलानी की भीड़ देखने को मिली।

## सुन्नी में देवताओं के आगमन से आरंभ हुआ बैसाखी मेला

**सुन्नी।** सुन्नी में बैसाखी मेले का शुभारंभ देवताओं के आगमन से हुआ । मेला ग्राउंड सुन्नी में सजे इस मेले में सजी अस्थायी दुकानें में ग्रामीणों ने खरीदारी की और मेले में आए देवताओं के देव नृत्य के साथ उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। व्यापार मंडल सुन्नी द्वारा आयोजित इस मेले का मुख्य आकर्षण स्थानीय देवी देवता रहे । इन देवी देवताओं में देव कुरगण मधोड़घाट, देव-दानों संसार बाहु सुन्नी, देवता पंज्याली तथा माता गानवी ने मेले में श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद दिया । इस दौरान सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए आयोजित स्टार नाइट में हिमाचल प्रदेश पुलिस के बहुचर्चित बैंड हार्मनी आफ पाइन अपनी प्रस्तुतियां पेश करेंगी । मेले में पौराणिक परंपरा को संजोए हुए लली शंकर के विवाह और कन्याओं द्वारा बनाई गई मिट्टी की मूर्तियों का विसर्जन भी मेले का विशेष आकर्षण रहा । बता दें की इन मूर्तियों का निर्माण बैसाखी मेले से लगभग एक सप्ताह पूर्व निर्माण किया जाता है और कन्याओं द्वारा बनाई गई इन मूर्तियों का पारंपरिक और हिंदू रीति रिवाजों से विवाह किया जाता है । मेले के दिन पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर इन मूर्तियों का सतलुज नदी में विसर्जन किया जाता है ।

# शिमला के लोअर बाजार में आठ तहबाजारियों का सामान किया जब्त

## एमसी के इनकार के बावजूद भी लगाई जा रही दुकानें, दुकानदारों पर चला नगर निगम का डंडा

**आशिमा वैरागी, शिमला**

शिमला शहर में तहबाजारियों की संख्या बढ़ती जा रही है। शिमला में अधिकतर समय संडे को दुकानें सजा देते है। इससे लोगों को काफी परेशनियों का सामना करना पड़ता है। लोअर बाजार में रविवार को भी निगम का डंडा चला।

शहर में बाहरी क्षेत्रों से रविवार के दिन दुकानें लगाने के लिए काफी व्यापारी पहुंचते हैं। इनको उठाने का नगर निगम ने नीतिगत फैसला लिया है। इसी के तहत रविवार को निगम की टीम पुलिस के साथ लोअर बाजार पहुंचकर सभी तहबाजारियों को उठा दिया गया। इसी बीच आठ तहबाजारियों का सामान जब्त कर लिया गया। शहर में शिमला ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्यों से भी व्यापारी अपनी दुकानें लगाते है। इससे नाराज होकर शिमला व्यापार मंडल ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा था और इनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। इसके बाद से हर रविवार को नगर निगम प्रशासन की ओर से इनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाती हैं। बाजार में कई जगह दुकानदार जरूरत से अधिक बाहर सामान फैला देते हैं और वहीं ओवर हैंगिंग भी करते हैं। कई जगह तहबाजारी सामान की पोटली खोलकर दुकान के आगे बैठे रहते हैं। (अनंत ज्ञान)

> शहर के दुकानदारों और तहबाजारियों को नगर निगम के नियमों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए।अब निगम प्रशासन चौकन्ना हो गया है। संडे मार्केट लगने के कारण बाजार में चलना मुश्किल होता है। नगर निगम द्वारा रविवार को बहुत सी दुकानों का सामान जब्त किया गया है।
>
> **-भूपेंद्र अत्री, आयुक्त, नगर निगम, शिमला**



शिमला में सड़क से तहबाजारियों का सामान उठाते नगर निगम के कर्मी।

### हाईकोर्ट के आदेशों का कर रहे उल्लंघन

**लोअर** बाजार में अवैध तौर पर दुकानें लगाने से यहां कई बार एंबुलेंस फंस चुकी है। इससे मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में दिक्कत आती है। हाईकोर्ट ने शिमला के लोअर बाजार से अतिक्रमण हटाने के लिए जारी आदेशों में स्पष्ट कहा था कि कोई भी दुकानदार गली के किनारों और नालियों पर सामान प्रदर्शित नहीं कर सकेगा। किसी भी दुकान के आगे तिरपाल लगाने की अनुमति नहीं होगी। नगर निगम शिमला की परिधि में किसी भी तहबाजारी को दुकान के आगे नाली पर बैठकर सामान बेचने की अनुमति नहीं दी जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### देवता डोम जी हाटकोटी स्नान के लिए निकले

**कोटखाई।** रविवार के दिन डोम देवता जी गांव फनेल से स्नान के लिए हाटकोटी यात्रा पर निकले, यह यात्रा छह दिन की होगी। इसमें कुल 11 लोग भाग लेंगे। मंदिर के प्रधान बिटू वर्मा ने बताया की देवता जी 20 अप्रैल तक अपने मंदिर वापस लौटेंगे तथा 21 अप्रैल को मंदिर में धाम का आयोजन भी किया जाएगा। प्रधान ने बताया की यह स्नान पांच साल बाद हो रहा है। आज मंदिर में प्यारा लाल मुख्य सचिव, प्रताप वर्मा, देवा जय कृष्ण और मोहन लाल चौहान भी देवता जी की यात्रा शुरू होने के वक्त मंदिर में मौजूद रहे।

### 61472 शस्त्र धारकों ने जमा करवाए शस्त्र

**शिमला।** निर्वाचन विभाग द्वारा प्रदेश में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों की शत-प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित की जा रही है। निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश में अभी तक लाइसेंसधारी शस्त्रधारकों द्वारा 61472 शस्त्र जमा करवाए जा चुके हैं। बद्दी में 1020, बिलासपुर 4406, चम्बा 5259, हमीरपुर 3400, कांगड़ा 10309, किन्नौर 1205, कुल्लू 4479, लाहौल-स्पीति 205, मंडी 6291, नूरपुर 3455, शिमला 10671, सिरमौर 4720, सोलन में 3557 और ऊना जिला में 2495 शस्त्र जमा करवाए जा चुके हैं। निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत सी-विजिल के माध्यम से अब तक हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से 53 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

### अग्निशमन सेवाओं की दी जाएगी जानकारी

**रोहड़ू।** उपदमकल केंद्र रोहड़ू द्वारा आयोजित अग्निशमन सेवा सप्ताह रविवार 14 अप्रैल से शुरू हो गया है । इस शुभारंभ अवसर पर दमकल केंद्र रोहड़ू के अग्निशमन अधिकारी कृष्ण सैनी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया । अग्निशमन विभाग के जवानों द्वारा मुंबई बंदरगाह पर 14 अप्रैल 1944 को एक मालवाहक जहाज में आग बुझाते समय 66 अग्निशमन अधिकारी व कर्मचारी शहीद हो गए थे। इन शहीदों को याद करते हुए रविवार सुबह दस बजे दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दमकल केंद्र रोहड़ू के अग्निशमन अधिकारी कृष्ण सैनी ने सात दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा है कि इस दौरान दमकल केंद्र में अग्निशमन यंत्रों व उपकरणों की प्रदर्शनी लगाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा ।

### स्वास्थ्य के मुद्दों पर घोषणा पत्र किया जारी

**शिमला।** जन स्वास्थ्य अभियान हिमाचल इकाई की हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के राज्याध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश भूरेटा की अध्यक्षता में वाईडब्ल्यूसीए में हुई जिसमें 2024 के संसदीय चुनावों के लिए स्वास्थ्य के मुद्दों पर तैयार घोषणापत्र को जारी किया गया। बैठक में राज्य संयोजक सत्यवान पुण्डीर ने भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, विशेषज्ञों से जन स्वास्थ्य अभियान के तहत 19 अप्रैल से शुरू होने वाले आम चुनावों से पहले अपने ''जन स्वास्थ्य घोषणापत्र 2024' को जारी करने की घोषणा की है। विश्व स्वास्थ्य संघ द्वारा 7 अप्रैल के थीम के तहत दिए गए नारे ''हमारा स्वास्थ्य, हमारा अधिकार'' के संदर्भ में घोषणापत्र में भारत के सभी निवासियों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रमुख नीतिगत सिफारिशों की रूपरेखा दी गई है।

### भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी : बिंदल

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा की भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते है वो करके दिखाते है। भाजपा के संकल्प पत्र में हर वर्ग का खयाल रखा गया है, भाजपा ज्ञान की बात करती है और हमारे संकल्प पत्र में गरीब, युवा, अन्नदाता और महिला सभी वर्गो का खयाल रखा गया है। उन्होंने कहा की विपक्षी नेता सिर्फ देश में डर और भ्रम फैलाना चाहते हैं। आग देश में नहीं लगी, आग तो इन विपक्षी नेताओं के दिलों मे लगी है। ये जलन इनके दिलो दिमाग में इतनी भर गई है कि ये उन्हें अंदर से जलाती जा रही है। ये जलन भी मोदी की कारण नहीं, 130 देशवासियों के मोदी के प्रति प्रेम का कारण है। विपक्षी नेता ये प्रेम भी सहन नहीं कर पा रहे हैं। विपक्ष पिछले दस वर्षों से सत्ता से बाहर है और इस समय में ये लोग ऐसे छटपटाए हैं जैसे इनका सब कुछ लुट गया हो। कांग्रेसी नेता अगर यही कारनामे करते रहेंगे, तो ये जलन उनको इतनी जला देगी कि ये देश आगे कभी उनको मौका नहीं देगा। आज विश्व में युद्ध, अराजकता और अनिश्चितता के कारण चारों तरफ एक धुंधला और आशंका का वातावरण बन गया है।



**शिमला।** राजधानी शिमला के चौड़ा मैदान में रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने न केवल भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई बल्कि देशवासियों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरंतर कार्य किया और गरीबों और वंचितों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

# घोषणा पत्र में कांग्रेस पार्टी ने ओल्ड पेंशन स्कीम पर साधी चुप्पी: राजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राजीव सहजल ने मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल का जवाब देते हुए कहा की देशभर में कांग्रेस पार्टी की मंशा ओपीएस ओल्ड पेंशन स्कीम के हक में नहीं है।

वर्तमान सरकार ने भी ओपीएस को प्रदेश में अच्छे से लागू नहीं किया है। कहीं जगह अभी भी इस स्कीम को लेकर प्रश्न चिन्ह उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपना घोषणा पत्र जारी किया। 48 पृष्ठों के इस दस्तावेज को पढ़कर ऐसा लगता है कि कांग्रेस दुविधा में है। यह पत्र के झूठ का पुलिंदा है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटियों के जरिये न्याय देने-दिलाने का वादा किया है। आजाद भारत के 77 में से करीब 55 साल तक कांग्रेस का ही शासन रहा है, तो क्या यह मान लिया जाए कि उसके शासन काल में न्याय की गारंटी कभी नहीं रही।

### अब मुद्दों को टाल रही कांग्रेस सरकार

सहजल ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना की मांग इसी का नतीजा थी। पिछले कुछ विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी ने इसे लागू करने का जोर-शोर से वादा किया था, लेकिन न्याय पत्र में पार्टी ने इस पर चुप्पी साध ली। शायद उसे लगने लगा है कि आर्थिक रूप से यह उचित नहीं। उधर, कर्नाटक में पांच गारंटियों को ही लागू करने के चलते बीस हजार करोड़ रुपए की योजनाएं ठप करनी पड़ी हैं। हिमाचल की कांग्रेस सरकार भी इस मोर्चे पर कठिनाई महसूस कर रही है। राजस्थान में सत्तारूढ़ रही गहलोत सरकार ने इसे लागू करने का एलान किया था, लेकिन वह भी धन के अभाव के कारण परेशान रही। शायद इसी कारण से कांग्रेस ने अब इस मुद्दे को टाल दिया है।

## अंबेडकर जयंती पर एबीवीपी ने निकाली रैली

**रिकांगपिओ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई रिकांगपिओ के कार्यकर्ताओ द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के जयंती के उपलक्ष्य पर रिकांगपिओ मुख्य चौक पर रैली निकाली गई तथा आम सभा व पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न शिक्षक संस्थानों के छात्र, छात्राओं एवमं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। आम सभा में इकाई मंत्री ईश्वर नेगी द्वारा अंबेडकर के जीवनी एवं विचारो के बारे में बताते हुए कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के विषय में जितना कहा जाए उतना कम है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर एक विख्यात सामाजिक कार्यकर्ता, अर्थशास्त्र,कानूनविद, राजनैतिक और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलितों और निचली जातियों के अधिकारों के लिए जाति भेदभाव जैसे सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्ष किया है।

## झगटान में धूमधाम से मनाया बिशु मेला

**रोहड़ू।** जुब्बल तहसील के अंतर्गत झगटान में शुक्रवार को पारंपरिक बिशु मेला धूमधाम से मनाया गया। बिशु में जुब्बल और शराचली क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग देवता महाराज देशमोलिया के दर्शन के लिए पहुंचे। वाद्य यंत्रों की धुनों पर लोगों का नृत्य कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। इस दौरान देवता मंदिर कमेटी झगटान की ओर से भंडारे का आयोजन भी किया गया। बिशु मेला में देवता महाराज देशमोलिया के मंदिर को विशेष रूप से बुरांश के फूलों से सजाया गया था। मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह देवता महाराज की पूजा के साथ बिशु मेले का आगाज हुआ।

# रिकांगपिओ में अग्निशमन सेवा सप्ताह का आगाज

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद अग्निशमन के कर्मचारी

वर्ष 1944 में बॉम्बे पोर्ट डॉकयार्ड में एक जहाज में आग लगने से 231 लोगों की मृत्यु हो गई थी। इसमें 66 अग्निशमन विभाग के कर्मचारी थे, जिनकी याद में हर वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता है।

इसी के चलते जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ अग्निशमन अधिकारी सुंदर लाल नेगी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान विभाग के कर्मचारियों ने डॉकयार्ड में शहीद हुए कर्मचारियों को पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, पूरे सप्ताह जिला किन्नौर के विभिन्न स्थानों पर अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों द्वारा आग से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। अग्निशमन विभाग की ओर से इस वर्ष का विषय 'अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करे, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दे' रखा गया है। वहीं आज अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने रिकांगपिओ में इर्द गिर्द अग्नि सुरक्षा बारे लोगों को लाउड स्पीकर के माध्यम से जागरूक किया गया। इस अग्निशमन सप्ताह के दौरान जिले के विभिन्न पंचायतों व स्कूलों तथा सरकारी संस्थानों में जाकर अग्निशमन विभाग के कर्मचारी स्थानीय लोगों व स्कूली बच्चों को अग्नि सुरक्षा के बारे व आगजनी की घटना होने पर आग को प्राथमिक अवस्था में रोकथाम बारे में जागरूक करेंगे।



**कोटखाई।** राज्य के समग्र शिक्षा विभाग द्वारा प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजे गए शिक्षकों में ब्वॉयज स्कूल कोटखाई के प्रधानाचार्य अजय विशिष्ट व प्रवक्ता स्कूल न्यू (कंप्यूटर साइंस) कल्पना शर्मा ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार व समग्र शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों को इस प्रकार का प्रशिक्षण देना एक सराहनीय व प्रोत्साहित करने वाला निर्णय लिया है ।

# उरटू गांव में पिकअप की चपेट में आने से हेल्पर की मौत

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

शिमला पुलिस थाना निरमंड के तहत उरटू में एक पिकअप की चपेट में आने से हेल्पर की दर्दनाक मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए निरमंड अस्पताल पहुंचाया है।

पुलिस थाना निरमंड से मिली जानकारी के मुताबिक एक पिकअप रामपुर से किराना का सामान लेकर उरटू पहुंची।

शनिवार शाम करीब सवा चार बजे गाड़ी में पत्थर लगाते समय हेल्पर हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि टायर में पत्थर लगाते समय पेश आया हादसा। मृतक की पहचान मुकेश (24), पुत्र टिक्कम राम, गांव सेरीड्वार, डाकघर घाटू, तहसील निरमंड, जिला कुल्लू के तौर पर हुई है।

### छानबीन में जुटी पुलिस

**डीएसपी** चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि हादसे में हेल्पर की मौत हो गई है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए निरमंड अस्पताल पहुंचाया गया है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**शिमला।** समाज सुधारक, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर चौड़ा मैदान में एबीवीपी कार्यकर्ताओं में पुष्पांजलि अर्पित की। वह पहले भारतीय थे जिन्होंने विदेश में जाकर अर्थशास्त्र में पीएचडी की शिक्षा प्राप्त की । बाबा साहब अंबेडकर हमेशा कहते थे कि जब भी मेरे व्यक्तिगत हित व देश हित में टकराव होगा तो मैं हमेशा देश हित को प्राथमिकता दूंगा। एबीवीपी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने अपने जीवन में बहुत सी मुश्किलों का सामना करते हुए भी शिक्षा प्राप्त करी और उस समय जब देश की स्थिति रूढ़िवादी धारणाओं से समाज बंटा हुआ था।

# कालीबाड़ी मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में नवरात्र की धूम नजर आ रही है। शिमला के काली बाड़ी मंदिर में रविवार को छठे नवरात्र पर माता के भजन-कीर्तन का श्रद्धालुओं ने खूब आनंद उठाया। महिलाओं ने मां के भजन पर खूब नाच गाना किया।

इससे मंदिर में खुशी का माहौल बना रहा है। भंडारे के लिए सभी श्रद्धालुओं को कहा गया। माता के दरबार में हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे है। मंदिर के कपाट सुबह पांच बजे खुले, जिसके बाद पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।



मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए भक्तजन

### अष्टमी के दिन सजेगा हवन

**पहले** नवरात्र से मंदिर के कपाट सुबह जल्दी ही खोले जा रहे है, ताकि भक्त माता के दर्शन कर सकें। इसके साथ ही भक्तों को किसी तरह की परेशानी न हो इसका भी ख्याल रखा जाएगा। अष्टमी के दिन हवन किया जाएगा और कन्या पूजन होगा।

### भंडारे का किया जाएगा आयोजन

**नवरात्र** में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पुलिस प्रशासन का इसमें पूरा सहयोग रहता है। इसके साथ श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए मंदिर का रुख करेंगे। इन नौ दिनों कई भक्त व्रत भी रखेंगे।

# जाख देवता रचोली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंचेंगे 13 देवी-देवता

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

रामपुर के देवता साहिब जाख रचोली में हजारों लोगों की आस्था केंद्र है। इन दिनों देवता के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान धूमधाम से चल रहा है। इसमें क्षेत्र के 13 देवी-देवता भाग लेंगे।

प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रविवार को मंदिर कमेटी की ओर से करीब एक हजार जाइयों का स्वागत किया गया । इन जाइयों को मंदिर कमेटी की ओर से बाकायदा निमंत्रण पत्र जारी किए गए हैं। 15 अप्रैल को नवनिर्मित देवरे की शिखा फेर के बाद प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन होगा। गौर हो कि हजारों लोगों की आस्था के केंद्र देवता साहिब रचोली जाख का नवनिर्मित मंदिर (मुख्य देवरा) छह करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। बीते नौ अप्रैल से नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा है। अनुष्ठान में रविवार को 13 देवी-देवता शामिल होंगे, हालांकि देवता जाख के बड़े भाई जाख देवता फांचा, दत्त महाराज बसाहरा, देवता शिंगला यज्ञेश्वर महाराज नौ अप्रैल से ही यज्ञ में मौजूदगी दर्ज करवाए हुए हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में रविवार को रचोली, कंडी, ओडा, सनाथली, पशाड़ा, दर्शाई और खनेरी गांव की एक हजार जाइयां भाग लेंगी।

**मेला** | पचास के दशक में दस हजार लोग करते थे शिरकत, मेले को राज्य स्तरीय करने की उठाई मांग

# कुपवी बिशु मेले को राज्य स्तर पर नहीं मिली पहचान

**सपना सूद- नेरवा,चौपाल**

कुपवी में रियासतकाल से आयोजित होने वाले उपमंडल चौपाल के सबसे पुराने और बड़े लवी व शूलिनी के समकालीन मेले कुपवी बिशु को इसकी प्रतिष्ठा के अनुरूप पहचान न मिलने से क्षेत्रवासी मायूस है।

क्षेत्रवासियों ने सरकार के समक्ष कुपवी में रियासत काल से प्रति वर्ष 27 व 28 अप्रैल को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक कुपवी बिशु को राज्य स्तरीय मेले का दर्जा प्रदान करने की मांग की है। रियासत काल से ही प्रसिद्ध कुपवी बिशु को जुब्बल रियासत के तीन प्रमुख धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों में शुमार था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार आजादी के बाद 1950-60 के दशक में जब कुपवी क्षेत्र की आबादी, महज पांच से छह हजार थी और कुपवी से वाहन योग्य नजदीकी सड़क की दूरी 85 किलोमीटर के आसपास थी उस समय भी इस प्रसिद्ध मेले को देखने नौ से दस हजार लोग पहुंचते थे। इस मेले में कुपवी के चेहता परगना के आलावा पूरे उपमंडल चौपाल के साथ साथ जिला सिरमौर और उत्तराखंड के जौनसार बाबर के लोग मेले में शिरकत कर आपसी भाईचारे का संदेश देते थे । क्षेत्र के युवाओं सुनील, विनोद, लोकेंद्र, दिनेश, सुदर्शन, दिनेश, सौरव, सुरेश, नरेश, जगत एवं नवीन आदि ने सरकार से मांग की है कि प्रति वर्ष 27, 28 अप्रैल को मनाये जाने वाले इस ऐतिहासिक कुपवी बिशु आयोजन को सरकार शीघ्र ही राज्य स्तरीय मेला घोषित करें। (अनंत ज्ञान)



मेले में लगे स्टॉलों पर खरीददारी करते लोग और मेले में उमड़ी भीड़ ।

# 16 अप्रैल तक मौसम खराब रहने के आसार, बढ़ी ठंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट के बीच एक बार फिर से कुल्लू और लाहौल की पहाड़ियों पर बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के चलते राज्य में फिर से एक बार ठंडक ने दस्तक दी है। वहीं, राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में रविवार को बारिश का दौर जारी रहा है। वहीं मौसम विभाग द्वारा 16 अप्रैल तक बर्फबारी और अंधड़ का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है।

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में मौसम खराब बने रहने का पूर्वानुमान है। 17 अप्रैल को मौसम साफ रहने के साथ धूप खिलने की संभावना है। 18 और 19 अप्रैल को प्रदेश में फिर बादल बरसने के आसार हैं। इस बारिश को जहां फसलों के लिए उपयुक्त माना जा रहा है। वहीं, क्षेत्र अधिकतम तापमान, बिलासपुर 18.3, ऊना 16.5, कांगड़ा 17.6, हमीरपुर 17.2, सुंदरनगर 16.3, मंडी 4.7, नाहन 19.1, चंबा 15.6, सोलन 12.4, धर्मशाला 14.5, शिमला 11.00 डिग्री सेल्सियस रहा।

### तापमान में आई कमी

**हालांकि** बर्फबारी से राज्य में अधिकत्तम तापमान में कमी आई और बर्फबारी के बाद एक बार फिर से ठंडक ने दस्तक दी है।

# भारतीय मानक ब्यूरो ने हिमाचल में स्थापित किए नए आयाम

वस्तुओं में गुणवत्ता लाने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो यानी बीआईएस ने हिमाचल में नए आयाम स्थापित किए हैं। भारतीय मानक ब्यूरो वस्तुओं के मानकीकरण, अंकन और गुणवत्ता प्रमाणन की गतिविधियों के सामंजस्यपूर्ण विकास और उससे जुड़े या प्रासंगिक मामलों के लिए बीआईएस अधिनियम 2016 के तहत स्थापित भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है।

बीआईएस कई तरीकों से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को सुरक्षित, विश्वसनीय गुणवत्ता वाले सामान उपलब्ध कराने के लिए पहचान और मूर्त लाभ प्रदान कर रहा है। साथ ही उपभोक्ताओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी खतरों को कम करना, निर्यात और आयात विकल्प को बढ़ावा देना, मानकीकरण, प्रमाणीकरण और परीक्षण के माध्यम से किस्मों के प्रसार आदि पर नियंत्रण करना बीआईएस का काम है। पहले बीआईएस को भारतीय मानक संस्थान (आईएसआई) के रूप में जाना जाता था जो कि 6 जनवरी 1947 को स्थापित किया गया था। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) 26 नवंबर 1986 को संसद के एक अधिनियम के माध्यम से 1 अप्रैल 1987 को अस्तित्व में आया।




बीआईएस का मुख्यालय नई दिल्ली में है और इसके पांच क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता (पूर्वी), चेन्नई (दक्षिणी), मुंबई (पश्चिमी), चंडीगढ़ (उत्तरी) और दिल्ली (मध्य) में स्थित हैं। क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, भोपाल, कोयंबटूर, देहरादून, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोच्चि, लखनऊ, नागपुर, पटना, पुणे, राजकोट, रायपुर, दुर्गापुर, जमशेदपुर और विशाखापत्तनम आते हैं, जो उद्योग को प्रमाणन सेवाएं प्रदान करते हैं और संबंधित क्षेत्र की राज्य सरकारों, उद्योगों, तकनीकी संस्थानों, उपभोक्ता संगठन आदि के बीच सामंजस्य स्थापित करते हैं।

## उत्पाद प्रमाणन

**बीआईएस** उत्पादों के लिए विभिन्न अनुरूपता मूल्यांकन योजनाएं, सेवाएं, प्रबंधन प्रणाली और सोने-चांदी जैसी कीमती धातुओं की हॉलमार्किंग संचालित करता है। शाखा कार्यालयों के स्तर पर बीआईएस उत्पाद प्रमाणन योजना जिसे 'आईएसआई मार्क' और हॉलमार्किंग योजना के रूप में जाना जाता है, प्रमुख अनुरूपता मूल्यांकन योजनाएं हैं। दोनों योजनाओं का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि उत्पाद प्रासंगिक भारतीय मानकों के अनुरूप हों।

## जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**डीएलओ** प्रशिक्षण कार्यक्रम आम तौर पर जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों के उद्देश्य गुणवत्ता नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन को सशक्त बनाना, सार्वजनिक खरीद में मानकों और गुणवत्ता को बढ़ावा देना, बाजार में घटिया उत्पादों को नियंत्रित करने के लिए उत्पादों की गुणवत्ता जांच करना और कानूनों के बारे में जिले के विभागाध्यक्षों को संवेदनशील बनाना है। इस साल परवाणू कार्यालय ने इस कार्यक्रम के तहत 12 जिलों को कवर किया है।

## मानक क्लब

**बीआईएस** ने शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षकों और छात्रों को सदस्य के रूप में शामिल करते हुए मानक क्लब बनाने की पहल की है। इस पहल के पीछे का उद्देश्य गुणवत्ता और जागरूक समाज के लिए एक मजबूत नींव रखना था जो भारत को एक वैश्विक नेता और एक विकसित राष्ट्र बनाने के हमारे ठोस प्रयासों को बढ़ाएगा। परवाणू कार्यालय ने हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के 15 जिलों में 204 स्टैंडर्ड क्लब बनाए हैं। प्रत्येक बीआईएस मानक क्लब के पास क्लब के दिन-प्रतिदिन के व्यवसाय को संचालित करने के लिए एक संरक्षक होता है। आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से बीआईएस की ओर से दो दिन का प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही मानक लेखन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता इत्यादि जैसी क्लब गतिविधियों का संचालन का तरीका भी बताया जाता है। बीआईएस वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। बीआईएस स्टैंडर्ड क्लब के सदस्यों के लिए उद्योग और प्रयोगशाला की एक्सपोजर विजिट भी करवाता है।

## केयर ऐप आपकी सेवा में

**बीआईएस** ने एक ऐप विकसित किया है जिसका नाम केयर ऐप है। इस ऐप को एंड्रॉइड और एप्पल दोनों फोन पर डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप का उपयोग करके अनिवार्य प्रमाणीकरण के तहत कोई भी व्यक्ति उत्पादों की पूरी सूची देख सकता है और इस उद्देश्य के लिए दिए गए स्थान पर सीएमएल नंबर दर्ज करके उसको सत्यापित कर सकता है। प्रामाणिकता की जांच की जा सकती है। यदि सीएमएल नंबर अमान्य पाया जाता है तो इस ऐप का उपयोग करके भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। बीआईएस ऐप में दिए गए स्थान पर एचयूआईडी नंबर टाइप करके हॉलमार्क वाले सोने के आभूषणों की प्रामाणिकता की जांच की जा सकती है।




## 2001 में स्थापित हुई थी परवाणू शाखा

**परवाणू** शाखा कार्यालय (पीआरबीओ) की स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी। यह बीआईएस के 38 शाखा कार्यालयों में से एक है और उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आता है। परवाणू कार्यालय हिमाचल प्रदेश के 11 जिलों, पंजाब के तीन और हरियाणा के एक जिले को कवर करता है। यह कार्यालय 210 से अधिक भारतीय मानकों को कवर करते हुए 1280 से अधिक लाइसेंस संचालित करता है। परवाणू कार्यालय में मुख्य रूप से उत्पाद प्रमाणन, हॉलमार्किंग, मानक संवर्धन, प्रवर्तन, उपभोक्ता जागरूकता और शिकायतों का निवारण किया जाता है। इसके अलावा स्टील के उत्पाद, विद्युत उपकरण, एलपीजी स्टोव और सिलेंडर, कंकरीट, पेविंग ब्लॉक, स्विच और सॉकेट, मिक्सर ग्राइंडर, पैकेज्ड पीने का पानी और प्राकृतिक मिनरल वाटर का प्रमाणिकरण किया जाता है।

## कवर की गईं ग्राम पंचायतें

**ग्राम** पंचायतें केंद्र और राज्य सरकारों के कार्यक्रमों और योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार हैं, जबकि बीआईएस के पास उन कार्यक्रमों और योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक वस्तुओं, प्रक्रियाओं और सेवाओं की गुणवत्ता को परिभाषित करने और निर्धारित करने की जिम्मेदारी है। बीआईएस वस्तुओं, प्रक्रियाओं और सेवाओं के लिए मानक निर्धारित करके ऐसा करता है। इसे देखते हुए बीआईएस ने ग्राम पंचायत अध्यक्षों और सचिवों को संवेदनशील बनाने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया है। बीआईएस, पीआर शाखा कार्यालय ने ग्राम पंचायत अध्यक्षों और सचिवों के लिए उनकी दैनिक दिनचर्या में मानकों के महत्व के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। हिमाचल प्रदेश के नौ जिलों में कुल 2975 ग्राम पंचायतों को संवेदनशील बनाया गया। यह पहल छात्रों को शिक्षित करने के लिए भारतीय मानकों का उपयोग करने का एक अभिनव तरीका है। बीआईएस ने विज्ञान की विभिन्न अवधारणाओं को भारतीय मानकों में गुणवत्ता मानकों के साथ जोड़ने के लिए 52 उत्पादों की पहचान की है। इससे छात्रों को यह समझने में मदद मिलेगी कि विज्ञान में ये अवधारणाएं और भारतीय मानकों में गुणवत्ता पैरामीटर कैसे परस्पर जुड़े हुए हैं। ये शिक्षण मॉड्यूल छात्रों को पाठ योजना के रूप में वितरित किए जाएंगे।

# न्यूज ब्रीफ

## गोशाला में आग लगने से जिंदा जली गाय

**पंचरुखी।** ब्लॉक पंचरुखी की कैलाशपुर पंचायत के खजुरनु गांव के सुभाष चंद की गोशाला में शनिवार रात आग लगने से गाय जिंदा जल गई। सुभाष चंद के भाई हेम राज ने बताया कि सुबह चार बजे के करीब किसी वाहन चालक ने शोर मचाया तो हमने उठ कर देखा तो गोशाला में भयंकर आग लगी हुई थी। लोगों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गोशाला पूरी तरह जल कर राख हो गई थी। गोशाला में बंधी गाय भी जिंदा जल चुकी थी। आग कैसे लगी इसका कोई पता नहीं लगा है। पंचायत प्रधान कैलाशपुर ज्ञान चंद भी मौके पर पहुंचे व जायजा लिया। पशुपालन विभाग से डॉक्टर ने मौके पर पहुंच कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर रिपोर्ट बनाई। थाना पंचरुखी से पुलिस टीम ने भी मौके पर पहुंच कर ब्यान दर्ज कर आग लगने के अज्ञात कारणों की रिपोर्ट दर्ज की।

## एसडीएम व तहसीलदार के सहयोग से मेला संपन्न

**गरली।** कालेश्वर महादेव में चलने वाले तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कालेश्वर महादेव बैसाखी मेले की कमान पहली बार दो महिला पदाधिकारियों के कंधों पर थी। इन्होंने मेला कमेटी व अन्य ग्रामीणों के सहयोग से इस आयोजन को सफल कर दिखाया। यहां मेला अध्यक्ष एवं एसडीएम देहरा शिल्पी वेक्टा व मेला प्रभारी एवं तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा की मेले को सफल बनाने में अहम भूमिका रही है। हालांकि लोकसभा चुनावों के तहत एसडीएम शिल्पी वेक्टा व्यस्त होने पर उपरोक्त मेले की ज्यादातर जिम्मेदारी तहसीलदार अनुजा शर्मा के कंधों पर रही जबकि अनुजा शर्मा ने अभी हाल ही में रक्कड़ कार्यलय में अपना कार्यभार संभाला था। इसके बाबजूद इतने बड़े राज्य स्तरीय बैसाखी मेले को मैनज करके बहुत बड़ा फर्ज निभाया है। मेले के सफल आयोजन पर स्थानीय ग्रामीण एसडीएम शिल्पी वेक्टा व तहसीलदार अनुजा शर्मा की प्रशंसा कर रहे हैं।

## डरोह में हुआ महिला मोर्चा का सम्मेलन

**डरोह।** भारतीय जनता पार्टी सुलह मंडल ने चुनावों के लिए कमर कस ली है। डरोह में हुए सुलह विधानसभा क्षेत्र के महिला मोर्चा सम्मेलन में सुलह हलके के कोने-कोने से आई महिलाओं की भारी भीड़ जुटा कर पार्टी ने मोदी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए रोड मैप बना लिया है। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंची राज्यसभा सांसद और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री इंदु गोस्वामी ने महिलाओं को मोदी जी के नेतृत्व में सरकार के कार्यकाल के दौरान महिलाओं के जीवन में अभूतपूर्व बदलाव लाने वाले कदमों की जानकारी दी। इंदू गोस्वामी ने लोगों से डॉक्टर राजीव भारद्वाज को रिकार्ड मतों से जिताकर लोकसभा में भेजने का आग्रह किया। सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि वर्तमान समय में भारतीय नारी किसी भी काम में पुरुषों से पीछे नहीं है। इस सम्मेलन में जिला की महिला मोर्चा अध्यक्ष रागिनी रकवाल, मंडल की अध्यक्ष मोनिका राणा, अनीता चौधरी, सोनिया बंटा सहित सुलह मंडल के अध्यक्ष देशराज शर्मा, हंसराज चौधरी, मनदीप अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**नगरोटा बगवां।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर हिम जन जागरण मंच परिवार ने विरमानी कांप्लैक्स में संविधान निर्माता की जयंती मनाई। इस अवसर पर बाबा साहिब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष डॉक्टर नरेश विरमानी ने भारत निर्माण में और एक समाज सुधारक, न्यायविद और संविधान निर्माता के रूप में बाबा साहिब की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अशोक गौतम, पूजन भंडारी, कृष्ण धीमान, कुलदीप धीमान, असीम गिल, शिवगिरी, कुलदीप कौशल, ओंकार भाटिया, सुरजीत परमार, संजीवन सैनी,सभरवाल और प्रवेश चोपड़ा उपस्थित रहे।

## अज्ञात बाइक की टक्कर में दो घायल

**देहरा।** पुलिस थाना देहरा के अंतर्गत रणियां दी हट्टी खरोह मोड़ के पास अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने मोटर साइकिल को तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाते हुए चेतन निवासी कोठी डाकघर कमाही देवी तहसील मुकेरियां जिला होशियारपुर (पंजाब) के मोटर साइकिल नं. पीबी 21 सी -9942 को टक्कर मार दी और मौके से भाग गया, इस दुर्घटना में चेतन व उसकी पत्नी अलका कौशल घायल हो गए। इस संदर्भ में मोटर वाहन अधिनियम में केस दर्ज किया गया है।

# श्री चामुंडा नदिकेश्वर धाम में 10 हजार ने नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, चामुंडा**

श्री चामुंडा नदिकेश्वर धाम में छठे नवरात्र के दिन 10 हजार श्रद्धालु नतमस्तक हुए। मंदिर अधिकारी गिरिराज ठाकुर ने बताया कि छठे नवरात्र के दिन रविवार की छुट्टी व डाढ़ में चल रहे छिंज बसोआ मेला होने के कारण पिछले दिनों की अपेक्षा ज्यादा संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं।



उन्होंने बताया कि अष्टमी की रात को मां चामुंडा का नशीत पूजन कर 56 प्रकार के देसी घी के व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। माता जी का सिंदूर पुराना सिंदूर चोला उतार कर माता जी को नया सिंदूर रूपी चोला पहनाया जाएगा, जो बाद में प्रसाद स्वरूप श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा।

# कांगड़ा में 3800 श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

माता श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में चैत्र नवरात्र के छठे दिन रविवार को मंदिर परिसर में श्रद्धालु मां के जयकारे लगाते हुए नजर आए। मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आगमन शुरू हो गया था।

मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार मोहित रतन में बताया कि चैत्र नवरात्र के छठे दिन लगभग 3800 श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। पांचवें नवरात्र की गणना के अनुसार 4 लाख, 53 हजार 296 रुपए का चढ़ावा मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया गया। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में तीन समय लंगर की व्यवस्था की गई है और मंदिर में सफाई व्यवस्था के लिए अतिरिक्त कर्मी लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में औषधालय कि सुविधा भी प्रदान की जा रही है।


छठे नवरात्र पर रविवार को श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में दर्शन के लिए कतार में लगे श्रद्धालु।

## भक्तों ने किए दिव्य ज्योतियों के दर्शन

**ज्वालामुखी।** छठे नवरात्र पर रविवार को सुबह से ही ज्वालामुखी मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों श्रद्धालुओं ने लाइनों में लगकर और जयकारे लगाते हुए माता ज्वाला की दिव्य ज्योतियों के दर्शन किए। मंदिर अधिकारी व तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा नेबताया कि पांचवे नवरात्र पर भक्तों द्वारा 8 लाख 53 हजार 776 रुपए अर्पित किए गए हैं। छठे नवरात्र पर लगभग 18 हजार श्रद्धालुओं ने दिव्य ज्योतियों के दर्शन किए।

# लकी के नाम रही भटेच्छ मेले की बड़ी माली

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

उपमंडल शाहपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठारू के गांव भटेच्छ में मेला कमेटी द्वारा आयोजित बड़ी छिंज की माली पहलवान लकी के नाम रही। पहलवान लकी ने कड़े मुकाबले में हरियाणा से आए पहलवान सोमवीर को पराजित कर यह खिताब अपने नाम किया।

कमेटी की ओर से बड़ी माली 31 हजार रुपए दी गई, जबकि दो छोटी मालियां 21-21 हजार की दी गई, जिसमें छतड़ी के पहलवान राजू ने हरमन अटारी को हराया और अंकू पठानकोट ने इंद्रजीत अटारी को पराजित कर छोटी माली जीती। इस बार बाहरी राज्य से आए नामी पहलवानों के अतिरिक्त महिला पहलवानों की कुश्तियां भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मुख्यातिथि पूर्व ब्लॉक समिति अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता औंकार सिंह ने विजेता पहलवानो को माली की राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष परस राम, हरनारायण सिंह, रणजीत सिंह, रुस्तम सिंह, किशोरी लाल, प्यार सिंह, बलदेव सिंह, खुशहाल सिंह, भगवान सिंह, अजय सिंह, संग्राम सिंह, रविंद्र राना, पवन शर्मा, तुषार शर्मा, विपन मेहता, बब्बू, सुखजीवन सिंह, सौरव सिंह, पंकज धीमान, विशाल, राजीव जिमी, विजय शर्मा, प्रेम, राजेंद्र गौतम, प्रदीप सिंह, रतन चन्द, जगदीश, रोशन जम्वाल, रणधीर सिंह, सवर्णजीत, हरबंस, अनुज इत्यादि मौजूद रहे।



# हेल्थ इज वेल्थ



## पनीर : आधुनिक युग में बीमारियों का सबसे बड़ा कारण

**मनुष्य** स्वयं को कितना भी आधुनिक बना ले, लेकिन उसे लौट के अपने पुराने ज्ञान की ओर ही पलटना पड़ता है, क्योंकि आधुनिक विज्ञान अधूरा है और प्राचीन शोध पूरी तरह जांचे-परखे और हानिरहित होते हैं। अब बात करते हैं आज के सबसे प्रसिद्ध खाद्य भोजन पनीर की। भारतीय लोग तो पनीर के इतने दीवाने हो चुके हैं कि इन्हें जहां पनीर मिल जाता है बहुत ही मजे से खा लेते हैं। होटल में गए तो बिना पनीर खाए इनके गले से निवाला नहीं निगलता। कढ़ाई पनीर, शाही पनीर, मटर पनीर, चिली पनीर और भी न जाने क्या क्या पनीर। समोसे में पनीर, पकौड़ी में पनीर, पिज्जा में पनीर, बर्गर में पनीर। मतलब जहां देखो वहां पनीर, भारत में शायद जितना दूध पैदा नहीं होता उससे ज्यादा पनीर बनता होगा।

चिकित्सा विज्ञान में सबसे प्राचीन विधा आयुर्वेद में दूध, छाछ, दही, मक्खन और घी का जिक्र हर जगह है किन्तु इस नामुराद पनीर का जिक्र कहीं नहीं मिलता, आखिर क्यों? यदि पनीर इतना ही अच्छा है तो इसके बारे में किसी ऋषि ने कुछ लिखा क्यों नहीं? जब गहराई से इसकी पड़ताल की तो पता चला कि आयुर्वेद में पनीर को निकृष्टतम भोजन के रूप में बताया गया है, बोले तो कचरा और कचरा भी ऐसा वैसा नहीं, ऐसा कचरा जिसे जानवरों को भी खिलाने से मना किया गया है। दूध को फाड़ कर या दूध का रूप विकृत करके पनीर बनता है, जैसे कोई सब्जी सड़ जाए तो क्या उसे खाएंगे?

### पनीर भी सड़ा हुआ दूध है

*भारतीय इतिहास में कहीं भी पनीर का उल्लेख नहीं है। न ही ये भारतीय व्यंजन है, क्योंकि भारत में प्राचीन काल से ही दूध को विकृत करने की मनाही रही है। आज भी ग्रामीण समाज में घर की महिलाएं अपने हाथ से कभी दूध नहीं फाड़ती!*

### पनीर खाने के नुकसान

*आयुर्वेद ने तो शुरू से ही मना किया था कि विकृत दूध लिवर और आंतों को नुकसान पहुंचाता है, लेकिन अब आधुनिक विज्ञान ने भी अपने नए शोध में साबित किया है कि पनीर खाने से आंतों पर अतिरिक्त दबाव आता है जिससे पाचन संबंधित रोग होते हैं, पनीर में पाया जाने वाले प्रोटीन पचाने की क्षमता जानवरों में भी नहीं होती है फिर मनुष्य उसे कैसे पचा सकता है। नतीजा होता है खतरनाक कब्ज, फैटी लीवर और आगे चलकर शुगर, कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लडप्रेशर और यही पनीर पेट की खतरनाक बीमारी को भी पैदा करता है। ज्यादा पनीर खाने से खून में थक्के जमने की शिकायत होती है, जो ब्रेन हैमरेज और हार्ट फेलियर का कारण बनता है। वहीं ये पनीर हार्मोनल डिसबैलेंस का कारण बनता है जिससे हाइपोथायरायडिज्म या हाइपरथायराइडिज्म पनपता है।*


डॉ.रामस्वरूप चांद,(बीए एमएस, डीएनएनवाई)

# इलेक्ट्रोहोम्योपैथी उपचार पद्धति से संभव है किडनी रोग उपचार

*एमएम डैनियल, चंबा*

शरीर में दो गुर्दे यानि किडनी होती हैं। जिनका मुख्य काम रक्त को छान कर विषैले पदार्थों को मूत्र के द्वारा शरीर से बाहर करना हैं। इसके अलावा किडनी के अन्य कार्य भी होते हैं जैसे ब्लड-प्रेशर को कंट्रोल करना, शरीर के इलेक्ट्रोलाइट को बैलेंस करना, रेड ब्लड सेल के प्रॉडक्शन को स्टिम्युलेट करना। जब किडनी विषैले पदार्थों को किसी कारण से बाहर निकालने में असमर्थ होती है तो उसे किडनी फेल होना कहते हैं। हम इस जानलेवा रोग की कैसे पहचान कर सकते हैं। इसको लेकर इलेक्ट्रोहोम्यो पैथी विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता डॉ. संजीव शर्मा से विशेष बातचीत की गई। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि किडनी फेल होने के दो मुख्य प्रकार होते हैं। ऐक्यूट रीनल फेलियर जब अचानक से किडनी विषैले पदार्थों को निकालना बंद कर दे। क्रोनिक रीनल फेलियर जब किडनी बहुत लंबे समय से अपना कार्य न कर पा रही हो। डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि किडनी फेल होने या यह रोग उत्पन्न होने पर विभिन्न लक्षण शरीर में दिखना आरंभ हो जाते हैं। जिसमें कि अचानक किडनी में रक्त की सप्लाई कम हो जाना। उल्टी, दस्त, पसीना या किसी अन्य कारण से शरीर में पानी की कमी होना यानि किसी दवाई के साइड-इफेक्ट के कारण, कम पानी पीने के कारण, जलने के कारण शरीर में पानी की कमी होने से, किसी बीमारी के कारण जैसे डायबीटीज, हृदयरोग, किडनी स्टोन आदिक ब्लैडर या युरेटर में कोई रुकावट आने के कारण (यूरिन वापस किडनी में जाता है। जिससे किडनी डैमेज होती है) हाइपर टेंशन व गलत खान-पान के कारण। (अंनत ज्ञान)

### लक्षण

*अक्सर कुछ लोगों की आंखों के नीचे सूजन आ जाती हैं, जो कि किडनी के कार्य में रुकावट आने का संकेत होता हैं। इसे अनदेखा नहीं करना चाहिए।*

*● आंखों के नीचे सूजन आना ● हाथ-पैरों में और चेहरे पर सूजन आना ● थकान लगना ● सांस लेने में तकलीफ होना ● कमजोरी लगना ● भूख कम लगनावजन कम होना ● रात में बार-बार पेशाब आना ● पेशाब में खून आना ● पेशाब की मात्रा कम या ज्यादा होना ● रक्त की कमी होना ● नींद ठीक से न होना।*



**इलेक्ट्रोहोम्योपैथी** विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता डॉ.संजीव शर्मा ने बताया कि इन तमाम लक्षणों के शरीर में दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोहोम्योपैथी उपचार पद्धति में किडनी रोग उत्पन्न होने का शत-प्रतिशत उपचार उपलब्ध है, लेकिन रोगी को उपचार के दौरान बताएं गए परहेजों का नित नियमों से अनुसरण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कार्य दिवस में कभी भी कोई भी रोगी ओबड़ी मोहल्ला स्थित रेबिसन इलेक्ट्रोहोम्योपैथी अनुसंधान केंद्र एवं क्लीनिक में संपर्क कर सकते हैं।
























## नगर परिषद नालागढ़ की ओर से

हिमाचल दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अपील अपील अपील

नगर आपका स्वास्थ्य आपका

नगर की सफाई सुन्दरता एवं पर्यावरण की रक्षा हेतू नगर परिषद नालागढ़ की नागरिकों से अपील

- कृपया नगर को साफ सुथरा रखने में सहयोग दें।
- डेंगू फैलाने वाला मच्छर रूके हुए साफ पानी में पनपता है जैसे कि कुलर पानी की टंकी फूलदान नारियल का खोल टुटे हुए बर्तन व टायर इत्यादि।
- निर्माण सामग्री अथवा मलवा इत्यादि को शीघ्रतम उठवाने की व्यवस्था करें ताकि शहर में गंदगी न फैले।
- पोलीथीन का प्रयोग न करें।
- पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पटाखों का कम से कम प्रयोग करें।

कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद नालागढ़



## न्यूज ब्रीफ

### विदित गुजराती को हराकर गुकेश को संयुक्त बढ़त

**टोरंटो।** भारत के डी गुकेश ने हमवतन विदित गुजराती को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के बाद रूस के इयान नेपोम्नियाशि के साथ संयुक्त बढ़त बना ली है। आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि हिकारू नकामूरा ने फैबियानो कारुआना को हराया। नेपोम्नियाशि को निजात अबासोव ने ड्रॉ पर रोका। टूर्नामेंट के छह दौर अभी बाकी है। गुकेश और नेपोम्नियाशि के पांच अंक हैं जबकि नकामूरा और प्रज्ञानानंदा के 4- 5 अंक हैं। नौवें दौर में प्रज्ञानानंदा का सामना गुकेश से और नकामूरा का गुजराती से होगा।



### ट्रेविस हेड की नजरें टवंटी-20 विश्व कप पर

**बेंगलुरु।** ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन उन्हें पता है कि यह स्तर बहाल रखना चुनौतीपूर्ण है और इस सफर का पहला पड़ाव टी-20 विश्व कप होगा। हेड ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और 50 ओवरों के विश्व कप में शतक जमाये थे। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग के जरिये जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी पुख्ता करना चाहते हैं। हेड ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा,"एक खिलाड़ी के तौर पर मैंने लंबा सफर तय किया है। मेरी अपनी शैली है और विदेश में भी उसी तरह खेलता हूं। अब लगातार अच्छा खेलने का दबाव है।" आईपीएल का पूरा सत्र खेलने से विश्व कप से पहले थकान या चोट का मसला हो सकता है।



### गोल्फ : अक्षय तीसरे दौर में चूके, शेफलर को एकल बढ़त

**आगस्टा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने 88वें आगस्टा मास्टर्स के तीसरे दिन दो ओवर 74 के स्कोर के साथ शीर्ष दस में रहने का मौका गंवा दिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वहीं भारतीय मूल के ही साहित थीगाला संयुक्त 36वें स्थान पर हैं जिन्होंने छह ओवर के साथ लगातार तीसरे दिन 74 स्कोर किया।



**आईपीएल-2024** केकेआर ने घरेलू मैदान में लखनऊ सुपर जायंट्स को 26 गेंद शेष रहते 8 विकेट से हराया

# कोलकाता की जीत में चमके फिल सॉल्ट

**एजेंसी, कोलकाता**

कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी-20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराया। कोलकाता की इस 17वें सीजन की यह चौथी जीत है। ईडन गार्डन स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 161 रन बनाए। जवाब में कोलकाता ने 15.4 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। कोलकाता की तरफ से ओपनर फिल सॉल्ट ने नाबाद अर्धशतक (89 रन) लगाया।

लखनऊ की तरफ से लेफ्ट हैंड बैटर निकोलस पूरन ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 32 बॉल पर 45 रन की पारी खेली। उनके अलावा कप्तान लोकेश राहुल ने 39 और आयुष बडोनी ने 29 रन बनाए। कोलकाता की तरफ से मिशेल स्टार्क ने तीन विकेट झटके। वैभव अरोड़ा, आंद्रे रसेल, वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन को एक-एक विकेट मिला।

टारगेट का पीछा करने उतरी कोलकाता के लिए, ओपनर फिल सॉल्ट ने नाबाद अर्धशतक लगाया। उन्होंने 47 बॉल पर 89 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद 38 रन बनाए। सुनील नरेन ने 6 और अंगकृष रघुवंशी 7 रन बनाए। लखनऊ की ओर से दोनों विकेट मोहसिन खान ने लिए।



पारी के दौरान शॉट खेलते कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज फिल सॉल्ट।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डीकॉक क. नारेन ब. अरोड़ा | 10 | 08 | 2/0 |
| राहुल क. रमनदीप ब. रसेल | 39 | 27 | 3/2 |
| हुड्डा क. रमनदीप ब. स्टॉर्क | 08 | 10 | 1/0 |
| आयुष क. रघुवंशी ब. नारेन | 29 | 27 | 2/1 |
| स्टोइनिस क. सॉल्ट ब. चक्रवर्ती | 10 | 05 | 2/0 |
| पूरन क. सॉल्ट ब. स्टॉर्क | 45 | 32 | 2/4 |
| क्रुणाल (नाबाद) | 07 | 08 | 0/0 |
| अरशद ब. स्टॉक | 05 | 04 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 08 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **161**/7 | | |

**विकेट पतन :** 1-19, 2-39, 3-78, 4-95, 5-111, 6-155, 7-161.
**गेंदबाजी :** स्टॉर्क 4-0-28-3, अरोड़ा 3-0-34-1, हार्षित 4-0-35-0, नारेन 4-0-17-1, चक्रवर्ती 4-0-30-1, रसेल 1-0-16-0.

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सॉल्ट (नाबाद) | 89 | 47 | 14/3 |
| नारेन क. स्टोइनिस ब. मोहसिन | 06 | 06 | 1/0 |
| रघुवंशी क. राहुल ब. मोहसिन | 07 | 06 | 0/1 |
| अय्यर (नाबाद) | 38 | 38 | 6/0 |
| **अतिरिक्त** | 22 | | |
| **कुल : (15.4 ओवर)** | **162**/2 | | |

**विकेट पतन :** 1-22, 2-42.
**गेंदबाजी :** जोसेफ 4-0-47-0, मोहसिन 4-0-29-2, क्रुणाल 1-0-14-0, यश 2-0-25-0, अरशद 2-0-24-0, बिश्नोई 2.4-0-17-0.

### अंजू और हर्षिता फाइनल में



**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारतीय पहलवान अंजू और हर्षिता ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्ग में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई, जबकि अनुभवी सरिता मोर शुरुआती दौर में अप्रत्याशित हार के बाद बाहर हो गई। हाल ही में राष्ट्रीय चयन ट्रायल में 53 किग्रा वर्ग में विनेश फोगाट को हराकर सुर्खियां बटोरने वाली रेलवे की पहलवान अंजू ने फिलीपींस की आलिया रोज गावेलेस और श्रीलंका की नेथमी अहिंसा फर्नांडो के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में उन्हें चीन की चेन लेई से कड़ी टक्कर मिली, लेकिन वह 9-6 से जीत दर्ज करने में सफल रहीं। स्वर्ण पदक के लिए अंजू के सामने कोरिया की जि हयांग किम की चुनौती होगी। उन्होंने उज्बेकिस्तान की ओजोदा जरीपबोएवा को तकनीकी श्रेष्ठता (13-3) से हराने के बाद कजाकिस्तान की अनास्तासिया पानासोविच को 5-0 से मात दी। फाइनल में उनका मुकाबला चीन की कियान जियांग से होगा।

## मेस्सी के शानदार खेल से इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया

**एजेंसी, कैंसास सिटी**

करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग केनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा।

मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे। एमएलएस इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी भीड़ के सामने मेस्सी ने इस इंटर मियामी के लिए सत्र का अपना 5वां, जबकि सुआरेज ने छठा गोल किया। स्पोर्टिंग कैनसस सिटी के लिए दोनों गोल एरिक थॉमी (छठा और 58वां मिनट) ने किए।



## सनराइजर्स के खिलाफ आरसीबी की नजरें गेंदबाजों पर

**एजेंसी, बेंगलुरु**

लगातार खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक चल नहीं सके हैं।

रॉयल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं, लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम दसवें स्थान पर है। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है। वे हालात के अनुरूप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं। इस आईपीएल में गेंदबाजी में वेरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके, लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाए। पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिए हैं। हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है जिसने छह विकेट लिए हैं और सात की औसत से रन दिए हैं। वह नई गेंद से या बीच के ओवरों में दूसरे बदलाव के तौर पर या डैथ ओवरों में हर जगह अच्छी गेंदबाजी करने में कामयाब रहे हैं।



### संभावित टीमें

**सनराइजर्स हैदराबाद :** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारुकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

### फिल्म 'बड़े मियां-छोटे मियां' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर 'बड़े मियां-छोटे मियां' 11 अप्रैल को ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज की गई। फिल्म को समीक्षकों के साथ दर्शकों का भी खूब प्यार मिल रहा है। अब 'बड़े मियां-छोटे मियां' की रिलीज के तीसरे दिन यानी शनिवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी सामने आ गए हैं। फिल्म ने पहले दिन धमाकेदार ओपनिंग की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बड़े मियां-छोटे मियां' ने रिलीज के तीसरे दिन 8.50 करोड़ रुपए कमाए। फिल्म की कुल कमाई 31.75 करोड़ रुपए हो चुकी है।

### उत्तराखंड में 300 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, चार की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के बागेश्वर में रविवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। बालीघाट धरमघर मोटर मार्ग पर एक कार नदी में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाल लिया है। हालांकि अभी मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतकों की उम्र 35 से 40 वर्ष के बीच है। बागेश्वर के बालीघाट धरमघर मोटर मार्ग पर तुपेड़ के पास डिग्री नंबर की अल्टो कार करीब 300 मीटर गहरे खाई में जा गिरी, जो सीधे नदी में गिरी दिखी, जिसके बाद उन्होंने तत्काल हादसे की सूचना पुलिस को दी।

### सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: शिंदे

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर फायरिंग कर कानून हाथ में लेने वाले व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। सीएम शिंदे ने कहा कि मुंबईवालों को डरने की कोई वजह नहीं है। मुंबई को सुरक्षित रखने का काम गृह विभाग और पुलिस प्रशासन कर रहा है। सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलक्सी अपार्टमेंट के बाहर सुबह करीब पांच बजे दो अज्ञात बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग की और फरार हो गए। इस घटना के बाद मुंबई में तनाव का माहौल बढ़ गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। इसके बाद सीएम ने फिल्म अभिनेता सलमान खान से फोन पर बात की और उन्हें सुरक्षा को लेकर आश्वस्त किया।

### जिंदगी की जंग हार गया मासूम, 44 घंटे तक रेस्क्यू के बाद भी नहीं बच पाई जान



**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में बोरवेल के खुले गड्ढे में गिरे छह वर्षीय मासूम मयंक को 44 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बाहर निकाला गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई। रविवार को दोपहर में रेस्क्यू दल को बच्चा बोरवेल के भीतर 42 फुट की गहराई में मिट्टी और पत्थरों के बीच दबा मिला। उसके शरीर में कोई हलचल नहीं थी। मेडिकल टीम उसे लेकर अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## आईपीएल मैच में अपनी हमशक्ल को देख हैरान हुईं श्रद्धा कपूर, एक्ट्रेस ने शेयर की फोटो

**नई दिल्ली।** इस समय आईपीएल को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। आजकल मैच के बाद स्टेडियम में आने वाली खूबसूरत लड़कियों पर फैंस की नजरें टिकी रहती हैं। कैमरा लगातार उन पर घूमता रहता है। कई लड़कियां रातों-रात इंटरनेट सेंसेशन बन जाती हैं। शनिवार रात को ही मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए मैच में एक ऐसी ही लड़की की फोटो अब वायरल हो रही है। उनका चेहरा बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर से काफी मिलता-जुलता है। वही एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया पर इस लड़की की एक फोटो शेयर की है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मैच के दौरान मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु। इस मैच के दौरान एक मिस्ट्री गर्ल और उसकी क्यूट स्माइल ने सभी का ध्यान खींचा। सफेद कुर्ती में लड़की बेहद खूबसूरत लग रही थी। दर्शक उनकी मुस्कान के दीवाने हो गए। कई लोगों ने इस वायरल लड़की की तुलना श्रद्धा कपूर से की। फिर श्रद्धा कपूर ने खुद अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस वायरल लड़की की फोटो शेयर की और मजाक करते हुए लिखा, ओह, यह मैं हूं! श्रद्धा कपूर की तरह दिखने वाली इस मिस्ट्री गर्ल का नाम प्रगति नागपाल है। उनके सोशल मीडिया से पता चलता है कि वह एक प्रोफेशनल सिंगर हैं। 4 अप्रैल 2024 को उनका पहला गाना 'यूजलेस भावरा' आया। उन्होंने दिल्ली के विश्व विद्यालय में भी प्रदर्शन किया है। प्रगति के इंस्टाग्राम पर 160k फॉलोअर्स हैं।



## देश की जनता और मुद्दों से भटके प्रधानमंत्री मोदी: प्रियंका गांधी

**एजेंसी, जयपुर**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश की जनता और उनके मुद्दों से कट भटक गए हैं। प्रियंका गांधी ने जालोर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल चुनाव के समय एक अजीब सा माहौल बन गया है।



आपके ध्यान को भटकाने वाली सारी बातें हो रही हैं। बड़े-बड़े प्रचार हो रहे हैं, अजीब सी बहकी-बहकी बातें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कभी अपनी झूठी वीरता दिखाते हैं तो कभी शेखी बघारते हैं। मांस-मछली की बात करते हैं.. कभी हवा में उड़ते हैं तो कभी समुद्र के नीचे चले जाते हैं.. इन बातों से आपके जीवन का क्या मतलब है? प्रियंका ने कहा कि सबसे बड़ी आपकी समस्या क्या है, महंगाई। मुझे लगता है कुछ हो गया है मोदी जी को। समझ नहीं पा रहे हैं। क्या होता है कि कई बार सत्ता का नशा इतना चढ़ जाता है कि लोग सच्चाई बताते ही नहीं हैं।

### अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की लाहौर में हत्या

**कराची।** लाहौर में अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज को 'अज्ञात हमलावरों' ने गोली मारकर हत्या कर दी। अमीर सरफराज वही है, जिसने आईएसआई के इशारे पर पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत की हत्या की थी। पाकिस्तान की कोर्ट लखपत जेल में अमीर सरफराज ने सरबजीत की पॉलीथिन से गला घोंटकर और पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के कहने पर अमीर ने सरबजीत को तड़पा-तड़पा कर मारा था। पंजाब के सरबजीत को पाकिस्तान में जासूसी के आरोप में पाकिस्तानी सेना ने पकड़ा था।

## वाणिज्यिक एसी बाजार में वृद्धि की पर्याप्त संभावनाएं: उद्योग निकाय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वाणिज्यिक एयर कंडीशनिंग (एसी) बाजार में वृद्धि की पर्याप्त संभावनाएं हैं और तेजी से बढ़ते शहरीकरण, ढांचागत विकास और आर्थिक वृद्धि के कारण इसे समर्थन मिल रहा है।

उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण विनिर्माता संघ (सीईएएमए) के अध्यक्ष ने कहा कि वाणिज्यिक 'सी' (गर्मी पैदा करने वाले उपकरण, वायु संचार उपकरण और वातानुकूलन उपकरण) खंड में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। कार्यालयों, खुदरा स्थानों, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं, आतिथ्य प्रतिष्ठानों और शैक्षिक संस्थानों सहित बुनियादी ढांचे के विकास से इसे बढ़त मिल रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, घर के अंदर हवा की गुणवत्ता को लेकर बढ़ती जागरूकता, और आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) और भवन स्वचालित प्रणाली जैसे कारक भी वाणिज्यिक परिदृश्य को नया आकार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धि की संभावनाओं के लिहाज से वाणिज्यिक 'सी' खंड में महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं। कुछ रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वाणिज्यिक 'सी' खंड का बाजार आकार लगभग 30 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

## एलआईसी को अडानी के शेयरों में निवेश पर हुआ 59 प्रतिशत का लाभ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अडानी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश मूल्य में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अडानी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपए से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपए हो गया।

इसमें 22,378 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अडानी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था।



राजनीतिक दबाव का सामना करते हुए, एलआईसी ने रणनीतिक रूप से समूह की दो प्रमुख कंपनियों अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड और अडानी एंटरप्राइज में अपना निवेश कम कर दिया था। इन दो कंपनियों के शेयरों में क्रमशः 83 प्रतिशत और 68.4 प्रतिशत की तेजी हुई।

## बाजार में विदेशी निवेशकों ने किया 13,300 करोड़ रुपए का निवेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार पर विदेशी निवेशक मेहरबान बने हुए हैं। विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति और आर्थिक वृद्धि की बेहतर संभावनाओं के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) ने अप्रैल के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 13,300 करोड़ रुपए से अधिक डाले हैं।



जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि आगे चलकर भारत-मॉरीशस कर संधि में बदलावों पर चिंता एफपीआई प्रवाह पर असर डालेगी। यह स्थिति नई संधि के विवरण पर स्पष्टता आने तक बनी रह सकती है। उन्होंने कहा कि एक और बड़ी चिंता पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव है। ईरान-इजराइल के बीच तनाव बढ़ रहा है, जिसका असर निकट अवधि में एफपीआई के निवेश पर देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) के पास काफी नकदी है। इसके अलावा खुदरा निवेशक और हाई नेटवर्थ वाले लोग, यानी एचएनआई भारतीय बाजार को लेकर आशान्वित हैं। ऐसे में एफपीआई की बिकवाली की भरपाई यहां से हो जाएगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने इस महीने (12 अप्रैल तक) भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 13,347 करोड़ रुपए का निवेश किया है। हालांकि, भारत-मॉरीशस कर संधि में बदलाव की आशंका के चलते शुक्रवार को एफपीआई ने 8,027 करोड़ रुपए की बिकवाली की थी।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि वृद्धि संबंधी चिंताओं के कारण फिच द्वारा चीन की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग परिदृश्य को स्थिर से घटाकर नकारात्मक करने की वजह से भारतीय बाजारों को भारी निवेश मिला है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मानसून सामान्य रहने की उम्मीद तथा मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था के बीच वृद्धि तेज रहने की उम्मीद से भी एफपीआई का भारतीय बाजारों को लेकर आकर्षण बढ़ा है।

समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने शेयरों के अलावा ऋण या बांड बाजार में 1,522 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। जेपी मॉर्गन इंडेक्स में भारत सरकार के बांड को शामिल किए जाने की घोषणा के बाद से एफपीआई भारतीय बांड बाजार में पैसा लगा रहे हैं। उन्होंने मार्च में बांड बाजार में 13,602 करोड़ रुपए, फरवरी में 22,419 करोड़ रुपए और जनवरी में 19,836 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

**कमाई** चुनाव के दौरान ऑपरेटरों की कमाई 15 से 20 प्रतिशत अधिक होने का अनुमान

# निजी जेट्स-हेलिकॉप्टर की मांग 40% तक बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के लिए राजनेताओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के देश भर में यात्रा के साथ चार्टर्ड विमानों और हेलिकॉप्टरों की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इससे ऑपरेटरों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की संभावना है।

चार्टर्ड सेवाओं की प्रति घंटे की दर भी बढ़ गई है। एक एयरक्राफ्ट के लिए 4.5 -5.25 लाख रुपए और एक दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर के लिए 1.5-1.7 लाख रुपए का खर्च बैठता है। पिछले चुनावी वर्षों से तुलना की जाए तो इसकी मांग बढ़ी है। फिक्स्ड विंग विमान और हेलिकॉप्टर कम संख्या में उपलब्ध हैं। कुछ ऑपरेटर ऐसे भी हैं, जो वेट लीज पर विमान और हेलिकॉप्टर लेना चाहते हैं। रोटरी विंग सोसाइटी ऑफ इंडिया (आरडब्ल्यूएसआई) के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली ने कहा कि सामान्य दिनों की तुलना में चुनाव के दौरान हेलिकॉप्टरों की मांग 25 फीसदी तक बढ़ जाती है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों में हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल ज्यादा देखा जा रहा है।

मुख्य रूप से राजनीतिक पार्टियां अपने उम्मीदवारों और नेताओं के लिए हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल करती है, जिससे कि वे कम समय में अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंच सकें। बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आरके बाली ने बताया कि चार्टर्ड विमानों की मांग पिछले आम चुनावों की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत अधिक है।

### चार्टर्ड सेवाओं की प्रति घंटे की दर भी बढ़ी

आरडब्ल्यूएसआई के अध्यक्ष उदय गेली ने कहा कि एक इंजन वाले हेलिकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर लगभग 80,000 से 90,000 रुपए है, जबकि दो इंजन वाले हेलिकॉप्टरों के लिए यह लगभग 1.5 से 1.7 लाख रुपए है। चुनाव के समय एक इंजन वाले हेलिकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर 1.5 लाख रुपए और दो इंजन वाले के लिए 3.5 लाख रुपए तक हो जाती है।